फाल्गुन कृष्ण पक्ष 30, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, शुक्रवार
28 फरवरी 2025
वर्ष-26, अंक- 29, पृष्ठ-12




रांची का तापमान

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 28.1° | 30.0° |
| न्यून. | 12.4° | 14.0° |

₹79700 10 ग्राम

₹97000 01 किलो

| संसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 74,612.43 | 87.322 |
| +10.31 | +0.209 |

## विधानसभा में बोले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# अभी तो शुरुआत है, विपक्ष के हर बॉल पर छक्का लगेगा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधान सभा के बजट सत्र में राज्यपाल के धन्यवाद प्रस्ताव पर दो दिवसीय चर्चा हुई। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस चर्चा पर सभी का आभार व्यक्त किया और विपक्ष के कटाक्ष को विपक्ष के दायित्वों का निर्वाह माना। गुरुवार को विधान सभा बजट सत्र के अभिभाषण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विपक्ष को हमारा कोई काम अच्छा नहीं लगता। सरकार की मंशा, सोच, दिशा से राज्य का चहुमुंखी विकास हो रहा है। विपक्ष ने राज्य को कीचड़ में धकेल दिया था। अपने लच्छेदार भाषणों से लोगों को बरगलाने का कार्य करते है। हमारी सरकार जाति, धर्म से उपर उठकर समान अधिकार सबों तक पहुंचाने को संकल्पबद्ध है। हमने जाति धर्म के आधार पर कोई योजना नहीं बनाई है।

**रिम्स में लोड बढ़ रहा, निराकरण का हो रहा है उपाय :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आए दिन अखबारों में रिम्स की अव्यवस्था की खबरें प्रकाशित होती रहती है। सभी को समझना होगा कि रिम्स की क्षमता प्रतिदिन 1000 मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की है। वहीं अभी रिम्स में प्रतिदिन 5000 मरीज इलाज के लिए आते हैं। 4000 अतिरिक्त मरीजों का लोड रिम्स में बढ़ा है। इस समस्या के समाधान के लिए रिम्स 2 बनाने पर विचार प्रस्तावित है जिसके के लिए जमीन ढूंढा जा रहा है।



### एयर एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने वाला पहला राज्य

मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि झारखंड पहला राज्य है जो हवाई जहाज से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इस ऐंबुलेंस सेवा के लिए 10 से 15 लाख तक का खर्च होता है जो अब मेरी सरकार में 3 से 4 लाख में उपलब्ध हो रही है। विपक्ष सिर्फ ईंटा, बालू, गिट्टी, ठेका से सारोकार रखती है। इनके हर बॉल पर छक्का मारेंगे, निराधार, बेबुनियाद आरोप लगाकर राज्य की झूठा तस्वीर बनाने का प्रयास करती है। झूठे इल्जाम हमारी सरकार पर लगाती रहती है, बिना सर -पैर के बातों की अफवाह फैला रखी है। इसका परिणाम इन्हें भुगतना पड़ा है। करारी हार ने इनके सपने को चकनाचूर किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मदद नहीं मिलेगी तो भी राज्य इतनी सक्षम है कि विकास के कार्यों की गति नहीं रुकेगी।

## झारखंड विधानसभा में 5508 करोड़ का तीसरा अनुपूरक पेश

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन सदन में सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष का तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया। गुरुवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने ध्यानाकर्षण के बाद सदन में कुल 5508 करोड़ का अनुपूरक पेश किया। सदन में पेश तृतीय अनुपूरक में सबसे ज्यादा ऊर्जा विभाग को 971.80 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी तरह से कृषि पशुपालन एवं सहकारिता (कृषि) को 176.48 लाख, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) को 241.34 लाख, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को 612.62 लाख, उत्पाद एवं मध्य निषेध विभाग को 180.75 का प्रावधान किया गया है। वित्त विभाग को 10471.61 लाख, पेंशन मद में 50,000 लाख, वाणिज्य कर विभाग को 50 लाख खाद्य एवं जन वितरण एवं उपभोक्ता मामले को 74 लाख, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को 16137.95 लाख, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को 14289.39 लाख, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को 150 लाख उद्योग विभाग के लिए 274.54 लाख का प्रावधान किया गया है। इस अनुपूरक बजट में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सेकेंडरी शिक्षा विभाग को 18850.43 लाख एवं प्राथमिक एवं बजट शिक्षा प्रभार को 39293.50 लाख, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को 26668.69 लाख और ग्रामीण कार्य विभाग को 87329 लाख का प्रावधान किया गया है।

**महिला बाल विकास और शिक्षा पर ज्यादा जोर**

## आंखों देखा सदन

### बिजली पर पक्ष विपक्ष के विधायक एक हुए

# झारखंड विधानसभा में हजारीबाग की घटना गूंजी



सुनील बादल

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन सदन की कार्रवाई प्रारंभ होते ही विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने अल्पसूचित प्रश्न काल में सवाल उठाया कि स्कूलों में खाना बनाने वाली और स्वास्थ्य सहिया को 2000 प्रतिमाह दिया जाता है जबकि प्रावधान 3000 रुपए का सरकार बताती है कब से मिलेगा । इस पर मंत्री चमरा लिंडा के उत्तर से असंतुष्ट अध्यक्ष ने प्रश्न को ही स्थगित कर दिया । बरकट्ठा के विधायक अमित महतो ने हजारीबाग के इचाक में महाशिवरात्रि में जानबूझकर माहौल बिगाड़ने की बात कही ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हजारीबाग की आगामी रामनवमी को बाधित किया जा सके । मंत्री इरफान अंसारी के सदन के बाहर आरएसएस पर दिए बयान पर माफी की मांग की गई जिस पर पक्ष विपक्ष में तीखी नोंक झोंक हुई । हेमलाल मुर्मू ने लिखित उत्तर से असंतुष्टि व्यकत करते हुए कहा सरकार की धान की अधिप्राप्ति के आधे का ही लक्ष्य पूरा हुआ है और लैंपस फैक्स गोदाम खाली नहीं होने का बहाना बनाते हैं जिससे किसान मजबूरी में बिचौलियों को धान बेचने को मजबूर है और यदि खरीददारी होती भी है तो प्रति क्विंटल 10 किलो धान काट लिया जाता है कि अप्रैल तक धान सूख जाएगा । मंत्री इरफान अंसारी के जवाब से असन्तुष्ट अध्यक्ष ने कहा कि 240 रुपए का धान किसान फ्री में क्यों देगा । मंत्री ने बाद में जांच कराकर चलते सत्र में ही जवाब देने की बात कही ।अमित यादव ने एक दैनिक में छपे समाचार का हवाला दिया कि बालू 40 हजार रुपए हाइवा बिक रहा है । राज सिन्हा ने धनबाद में ऊर्जा मित्रों को निजी कंपनी पर वेतन का बकाया पैसा नहीं देने का मामला उठाया और आरोप लगाया कि कंपनियों के भी बिल का भुगतान नहीं हुआ है । सीपी सिंह ने सवाल उठाया कि 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को मईंयां योजना का पैसा जनवरी से नहीं दिया जा रहा है और दिव्यांग लोगों का पेनधन भी कई महीने से बकाया है।

मंत्री चमरा लिंडा ने सदन में कहा कि होली के पहले भुगतान कर दिया जाएगा पर सत्ता पक्ष और सीपी सिंह में कई बार झड़प भी हुई । सीपी सिंह की इस मांग पर पर कि मईंयां योजना सभी महिलाओं के लिए है तो विधवा या दिव्यांग को सिर्फ एक हजार क्यों दिया जा रहा है ? इस पर मंत्री दीपक बिरुआ सहित शिल्पी नेहा तिर्की और चमरा लिंडा ने कहा कि क्या केंद्र भी इसमें प्रतिमाह राशि देगी । इस पर सत्ता पक्ष से सीपी सिंह अमित यादव सहित कई लोगों ने सवाल उठाया कि क्या केंद्र से पूछकर यह योजना शुरू की गई थी ?

शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### मौसम और ग्रहों पर अध्ययन को सीयूजे-इसरो में एमओयू

**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड और अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (इसरो) के बीच गुरुवार को एमओयू हुआ। यह एमओयू अंतरिक्ष मौसम प्रभाव निगरानी के भारतीय नेटवर्क के लिए है। इसके तहत अंतरिक्ष मौसम और हमारे ग्रह पर इसके गहन प्रभाव का अध्ययन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी कुलपति प्रो केबी पांडा ने की। रजिस्ट्रार प्रो के कोसल राव व इसरो के डॉ राजकुमार चौधरी ने समझौता ज्ञापन के मसौदों का आदान-प्रदान किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अन्वेषक भौतिकी विभाग के प्रमुख प्रो सारंग मेधेकर हैं। भौतिकी विभाग के डॉ धर्मेंद्र सिंह और डॉ विनीत कुमार अगोटिया सहयोगी शोध कार्य के नोडल अधिकारी हैं।

### मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी के वकील ने मांगे जरूरी दस्तावेज

**रांची।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जुड़े मोदी सरनेम टिप्पणी मामले में गुरुवार को एमपी/एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान उनके वकील प्रदीप चंद्रा ने शिकायतकर्ता से जरूरी दस्तावेज की मांग की। अदालत ने पत्युत्तर के लिए 12 मार्च की तारीख निर्धारित की है। मामला साक्ष्य पर चल रहा है। राहुल गांधी पर बीते 6 जुलाई को आरोप तय किया गया था। बता दें कि हाईकोर्ट से राहुल गांधी को इस मामले में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्राप्त है।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

# नक्सली संगठन टीएसपीसी का एरिया कमांडर गिरफ्तार, 652 गोली बरामद




नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के खिलाफ पलामू पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पलामू पुलिस ने टीएसपीसी के एक कमांडर को गिरफ्तार किया है जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने 652 गोलियां बरामद की हैं। गिरफ्तार नक्सली ने पलामू पुलिस के सामने कई बड़े खुलासे किए हैं। बरामद गोली थ्री नॉट थ्री की है। टीएसपीसी के नक्सलियों ने इसे जंगल में छिपा रखा था।

दरअसल पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के एरिया कमांडर उपेंद्र भुइयां मनातू थाना क्षेत्र के नागद स्थित अपने घर आने वाला है। इस सूचना के आलोक में एएसपी अभियान राकेश कुमार सिंह और एसडीपीओ मनोज कुमार झा के नेतृत्व में टीएसपीसी के खिलाफ सर्च अभियान शुरू किया गया। इसी सर्च में मनातू थाना क्षेत्र के सिकदा में एक व्यक्ति चादर ओढ़कर जा रहा था। पुलिस ने जब उसे रोका तो वह भागने लगा। बाद में पुलिस ने खदेड़ कर उसे पकड़ लिया।गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान टीएसपीसी के एरिया कमांडर उपेंद्र भुइयां के रूप में हुई। उपेंद्र भुइयां की निशानदेही पर 652 गोलियां बरामद की गई हैं। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि गिरफ्तार उपेंद्र भुइयां के पास से 652 गोलियां बरामद की गई हैं। उपेंद्र भुइयां पर 12 मामले दर्ज हैं और वह पहली बार पकड़ा गया है। उपेंद्र को टीएसपीसी द्वारा छिपाई गई गोलियां बरामद करनी थी।

### अभियान के दौरान जवानों पर किया था हमला

2024 में चतरा में अफीम की खेती के खिलाफ अभियान के दौरान टीएसपीसी ने पुलिस कर्मियों पर हमला किया था। इस हमले में दो पुलिस कर्मी शहीद हो गए थे। इसमें उपेंद्र के भी शामिल होने का आरोप है। उपेंद्र 15 लाख रुपये के इनामी नक्सली आक्रमण गंझू दस्ते का सदस्य था। आक्रमण गंझू के घर से उपेंद्र का घर 100 मीटर की दूरी पर है। सर्च ऑपरेशन में मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव, सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार, अनीश राज, संतोष कुमार गुप्ता शामिल थे। उपेंद्र 2014 में टीएसपीसी के बल दस्ते में शामिल हुआ था।

# जेपीएससी के अध्यक्ष बने पूर्व मुख्य सचिव एल. खियांग्ते

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी एल. खियांग्ते को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार की अनुशंसा पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के आदेश से गुरुवार को उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी की गई। राज्यपाल ने उम्मीद व्यक्त की है कि आयोग के नए अध्यक्ष के पदभार ग्रहण के बाद राज्य में विभिन्न पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज होगी। उन्होंने कहा कि आयोग की ओर से सभी परीक्षाओं का संचालन निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप समयबद्ध और सुचारू रूप से हो सकेगा। राज्यपाल ने आयोग की कार्यप्रणाली में गति एवं पारदर्शिता की भी उम्मीद व्यक्त की। झारखंड लोक सेवा आयोग के चेयरमैन का पद पिछले छह महीने से रिक्त था। इस वजह से राज्य में नियुक्ति की परीक्षाएं लंबित थीं। कई परीक्षाओं के परिणाम भी प्रकाशित नहीं हो पा रहे थे। इस पद पर पूर्व में कार्यरत नीलम मेरी केरकेट्टा 22 अगस्त 2024 को रिटायर हो गई थीं। इसके बाद से ही इस पद पर किसी की नियुक्ति नहीं की गई थी। जेपीएससी चेयरमैन का पद रिक्त रहने पर झारखंड हाईकोर्ट ने भी चिंता जताई थी। कोर्ट ने 11 दिसंबर, 2024 को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए इस पद पर जल्द से जल्द नियुक्ति करने का निर्देश दिया था।

आयोग के नवनियुक्त चेयरमैन एल. खियांग्ते 31 अक्टूबर 2024 को राज्य के मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वह 1988 बैच के आईएएस रहे हैं। राज्य सरकार मुख्य सचिव के रूप में उनकी सेवा को तीन महीने का विस्तार देना चाहती थी। इसके लिए भारत के निर्वाचन आयोग के पास राज्य सरकार की ओर से प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन इस पर स्वीकृति नहीं मिली।

शेष पेज 11 पर

### जैक पेपर लीक मामला

## तीन दिन की रिमांड पर छह अभियुक्त

**कोडरमा ।** मैट्रिक प्रश्नपत्र लिक मामले में गिरिडीह से गिरफ्तार किए गए सभी छह अभियुक्तों को कोडरमा की पुलिस ने रिमांड पर ले लिया है। रिमांड की अवधि तीन दिनों की है। जिन्हें रिमांड पर लिया गया उनसे एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह और उनकी टीम ने पूछताछ शुरू कर दी है। पूछताछ हर एक बिंदु पर हो रही है। पुलिस सूत्रों की माने तो पुलिस सबसे पहले यह जानकारी इकट्ठा करने में जुटी है कि आखिर इन्हें पता कैसे चला कि प्रश्न पत्र कहां उतरेगा और कहां रखा जाएगा।

# आज शुरू होगी राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना

## 5 लाख तक इलाज फ्री, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे शुरूआत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरूआत आज होगी। इसकी शुरूआत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इस योजना के लाभुक परिवारों को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। गंभीर बीमारियों के लिए बीमा राशि बढ़कर मिलेगी। झारखंड विधानसभा के सभागार में होने वाले समरोह में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव भी मौजूद रहेंगे। इस योजना में लाभुकों और आश्रितों को प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा। दिव्यांग, आश्रितों को आजीवन इस योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। लाभुकों को चिन्हित गंभीर बीमारियों पर 10 लाख रुपये की अधिसीमा तक के इलाज पर हुए खर्च का वहन सरकार करेगी।

### किसे मिलेगा फायदा

राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना राज्य के कार्यरत, सेवानिवृत कर्मियों, राज्य के विधानसभा के वर्तमान व पूर्व सदस्यों, अखिल भारत के सेवाओं के इच्छुक सेवारत और रिटायर पदाधिकारी, राजकीय विश्वविद्यालयों में कार्यरत और रिटायर टीचर, निबंधित अधिवक्ताओं, पारिवारिक पेंशन प्राप्तकर्ता, राज्य सरकार के अलग-अलग बोर्ड, निगम, संस्थान, संस्था में कार्यरत रिटायर, नियमित कर्मी, अन्य लाभुकों और उनके आश्रितों के लिए योजना की शुभारम्भ की जा रही है।

**इंडिया**

# मेट्रो से विकास के कीर्तिमान रचते राज्य और फ्लाईओवर पर झारखंड





सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

खबर है कि पटना में मेट्रो कभी भी शुरू हो सकती है बिहार के सीएम नीतीश कुमार अपने इस ड्रीम प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे। फर्स्ट फेज पटना मेट्रो का परिचालन मलाही पकड़ी से आईएसबीटी तक किया जाएगा। शुरुआत में पटना मेट्रो वॉकी-टॉकी के सहारे चलेगी और उसके बाद गया, भागलपुर, जमालपुर और दरभंगा में भी मेट्रो चलाने को काबिनेट ने स्वीकृति दे दी है। कभी एक समय था जब राजधानी दिल्ली सहित सभी महानगरों की सिटी बसों में पसीना बहते बेहाल लोग हसरत भरी नजरों से कारों और टैक्सियों को देखते थे जो बहुत सुविधाजनक मानी जाती थीं । कुछ दशकों में मेट्रो रेल ने न सिर्फ महानगरों, बल्कि मझोले और राज्य की राजधानियों में सुखद और सस्ती तेज यात्रा के वे कीर्तिमान रचे हैं कि नोएडा और गुरुग्राम जैसे कई उपेक्षित और दूर बसे उपनगर भी आज विश्वस्तरीय विकास के उदाहरण बन गए हैं। इसमें एक इतिहास भी जुड़ गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 मार्च को कोलकाता में देश के पहले अंडर-रिवर मेट्रो सुरंग का उद्घाटन किया। यह मेट्रो सुरंग कोलकाता की हुगली नदी के नीचे बनाई गई है। जो हावड़ा मैदान को एस्प्लेनेड से जोड़ती है। हावड़ा में भारत का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन होगा, जो जमीनी स्तर से 30 मीटर नीचे है। पड़ोसी यूपी की बात करें तो वर्तमान में राजधानी लखनऊ के अलावा गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, कानपुर में मेट्रो का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है। आगरा मेट्रो व मेरठ मेट्रो का भी निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही वाराणसी मेट्रो, प्रयागराज मेट्रो, गोरखपुर मेट्रो और बरेली मेट्रो पर भी विचार चल रहा है। लखनऊ मेट्रो के 12 नए स्टेशनों के प्रस्ताव को मिली योगी सरकार की मंजूरी मिल चुकी है । यूपी में चलने वाली नोएडा मेट्रो की गिनती भी सबसे बड़े मेट्रो संचालन नेटवर्क में की जाती है। बिहार में मेट्रो की तैयारी ज़ोरों पर है जो विकास का नया इतिहास रचेगा । मध्यप्रदेश के भोपाल मेट्रो से जुड़े कई विकास कार्यों की शुरुआत हो चुकी है । छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी मेट्रो चलाने की तैयारी चल रही है । अब बात अगर झारखंड की करें तो अभी अपने अस्तित्व में आने के 132 साल भी पलामू रांची वाराणसी फोरलेन की पिछले छह सालों से प्रतीक्षा कर रहा है ऐसे में मेट्रो दूर की कौड़ी है पर असंभव नहीं।यहां के बड़े नेता भी इसपर सवाल नहीं उठाते जबकि एक पूर्व मुख्यमंत्री लटककर चलने वाली मोनो रेल चलाने पर अड़े थे जिससे पब्लिक के पैसे और समय की बर्बादी हुई । अभी भी मेट्रो रेल से चरणबद्ध रूप से लौह नगरी जमशेदपुर और बोकारो के अलावा हजारीबाग खूंटी गुमला लोहरदगा के साथ चरणबद्ध तरीके से डाल्टनगंज को जिस दिन जोड़ दिया जाएगा उस दिन राजधानी को बैंगलुरु बनने से कोई रोक नहीं पाएगा और इन महत्वपूर्ण पर पिछड़े शहरों की किस्मत चमक जाएगी क्योंकि कुछ घंटों में राजधानी पहुँचने वाले लोग रांची के बजाय अपने शहर को विकसित कर वहीं रहना पसंद करेंगे पर सवाल है करेगा कौन ? राजनेता बहुत ही छोटे मुद्दों से ऊपर सोच नहीं पा रहे या उन्हें सोचने नहीं दिया जा रहा है । मेट्रो के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि यह जमीन के अंदर और बाहर दोनों चलती है जिससे दूरी कम हो जाती है और झारखंड के लिए यह लाइफ़लाइन साबित हो सकता है क्योंकि इससे बहुराष्ट्रीय कंपनियां तक निवेश करने को तैयार हो जाएंगी जिससे बेरोजगारी और पलायन रुक सकता है।

अभी यहाँ की लचर ट्रैफिक व्यवस्था और बदहाल सड़क नेटवर्क देखकर निवेशक पूंजी निवेश करने से कतराते हैं । अनेक नेता पैसों की कमी का रोना रोते हैं जबकि झारखंड खनिजों की खान पर बसा है और सबसे अधिक राजस्व देने वाले राज्यों में से एक हैं । मेट्रो से राजधानी के आसपास के शहरों का विकास नोएडा और गुरुग्राम की तरह होगा जिससे सभी को लाभ होगा । झारखंड की विकास गाथा गुरुग्राम या नोएडा की तरह लिखने के लिए बड़े फैसले करने होंगे अभी हम 25 वर्ष बाद फ्लाईओवर और एलिवेटेड कॉरीडोर में ही उलझे हैं । वर्तमान सरकार जरूर करेगी ऐसी आस अब जागी भी है।

### राज्यपाल की अपील का असर

# मणिपुर में लूटे गए 300 हथियार और गोला-बारूद वापस किए गए



एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला की अपील के बाद, पिछले सप्ताह लगभग 300 लूटे गए हथियार और गोला-बारूद सुरक्षा बलों को वापस किए गए हैं। इन हथियारों में अत्याधुनिक राइफलें, कार्बाइन, सेल्फ-लोडिंग राइफलें (एसएलआर), सिंगल बैरल राइफलें और मोर्टार शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, आने वाले दिनों में और भी हथियार और गोला-बारूद वापस लौटाए जाने की संभावना है।

**दंगों के दौरान लूटे गए थे हथियार :** यह हथियार मणिपुर में मई 2023 से शुरू हुए जातीय दंगों के दौरान लूटे गए थे।

दंगों के दौरान, पुलिस थानों और चौकियों से 6000 से अधिक हथियार और लाखों गोला-बारूद लूटे गए थे। सुरक्षा बलों ने अब तक इन हथियारों की बड़ी संख्या को बरामद कर लिया है। राज्यपाल की अपील के बाद मणिपुर पुलिस, सेना, असम राइफल्स और अन्य सुरक्षा बलों को विभिन्न जिलों से हथियार वापस मिल रहे हैं।

# एनपीयू में भवन निर्माण की गुणवत्ता पर राज्यपाल ने जताई चिंता



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, पलामू के भवन निर्माण की गुणवत्ता को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उनके निर्देश पर गठित जांच समिति द्वारा समर्पित प्रतिवेदन में गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं। प्रतिवेदन के अनुसार निर्माण कार्यों की गुणवत्ता स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप नहीं है तथा संवेदक द्वारा निम्न स्तर का कार्य किया गया है। झारखंड भवन निर्माण निगम के अभियंताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उचित अनुश्रवण के अभाव में यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

राज्यपाल ने इस बात पर नाराजगी व्यक्त की है कि विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा बिना समुचित निरीक्षण के इस भवन को हस्तांतरित कर लिया गया, जबकि वहां पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा का भी अभाव है। इस संदर्भ में उन्होंने झारखंड भवन निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक को एक उच्च स्तरीय समिति गठित कर इस भवन निर्माण में पाई गई कमियों की गहन समीक्षा करने तथा बीओक्यू एवं एकरारनामा के अनुसार कार्यों में पाई गई विसंगतियों पर स्पष्ट प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है।

राज्यपाल ने पलामू के कार्यपालक अभियंता, जेएसबीसीसीएल द्वारा मुख्यालय एवं विश्वविद्यालय को प्रस्तुत गलत प्रतिवेदन, जिसमें पेयजल व्यवस्था जैसी असत्य जानकारी दी गई, पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने के निदेश दिए हैं।

इसके अतिरिक्त, राज्यपाल ने इस योजना के संवेदक मेसर्स छावडा एवं जेके इंजीनियरिंग द्वारा बीओक्यू के अनुरूप कार्य नहीं करने एवं निम्न स्तर का कार्य करने के लिए निगम को इनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही, झारखंड भवन निर्माण निगम के प्राक्कलन में 40 प्रतिशत की वृद्धि के संबंध में भी स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं।

राज्यपाल-सह-कुलाधिपति ने नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव एवं अन्य अधिकारियों, जिनके प्रतिवेदन के आधार पर भवन का हस्तांतरण किया गया।

## सीएम आज राज्य के 28,995 प्राइमरी स्कूलों को देंगे टैबलेट



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को राज्य के 28,995 प्राइमरी स्कूलों को टैबलेट देंगे। रांची के 12 और अन्य जिलों के छह-छह स्कूलों को समारोह में टैबलेट देंगे। वहीं, अन्य स्कूलों को 264 प्रखंड कार्यालयों में टैबलेट उपलब्ध कराया जाएगा। गिरिडीह के सबसे ज्यादा 2776 स्कूलों को, जबकि लोहरदगा के सबसे कम 417 स्कूलों को टैबलेट मिलेगा। रांची के 1456 स्कूलों को टैबलेट मिलेगा। ये वैसे स्कूल हैं जहां पहली से पांचवीं (प्राइमरी) की पढ़ाई होती है और इनमें 30 से ज्यादा छात्र-छात्राओं का नामांकन है। टैबलेट मिलने के बाद प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक और शिक्षक उसकी सुरक्षा के लिए जवाबदेह होंगे। उसके फिजिकल डैमेज, चोरी, गुम आदि होने की स्थिति में यह संबंधित शिक्षक से वसूलनीय होगी। यह टैबलेट स्कूल की परिसंपत्ति होगी। शिक्षक टैबलेट का प्रयोग बच्चों के पठन-पाठन, शिक्षकों के प्रशिक्षण, अनुश्रवण, बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने के कार्यों के लिए करेंगे। पलामू में 2323, दुमका में 1797 और पश्चिमी सिंहभूम में 1772 स्कूलों को टैब मिलेंगे। वहीं, सिमडेगा में 468, खूंटी में 491 और रामगढ़ में 468 स्कूलों को टैबलेट दिया जाना है।

## पूर्व मंत्री सरयू राय को मिली राहत अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार



**रांची।** गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में चार्जशीटेड पूर्व मंत्री सह विधायक सरयू राय को अदालत ने अग्रिम राहत प्रदान कर दी है। अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका को स्वीकार कर लिया है। उनकी ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पश्चात अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत ने पिछले दिनों सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार को अदालत ने सुरक्षित आदेश सुनाई है। सरयू राय ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए 13 फरवरी को अर्जी दाखिल की है। मामले में एमपी/एमएलए की विशेष अदालत पिछले दिनों दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है। मामला उपस्थिति पर चल रहा है। मामले में कोर्ट ने संबंधित कोर्ट में उपस्थित होकर सरेंडर कर जमानत लेने का आदेश दिया है।

# मुख्यमंत्री के बयान पर भड़के बीजेपी विधायक, किया हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विस के बजट सत्र के तीसरे दिन, भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संबोधन से गरमा गई। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान, सरकार की ओर से जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने विपक्ष को 'निकम्मा' और 'भेड़िए की खाल ओढ़कर चतुर-चालाक' बताया, जिससे सियासत गर्म हो गई।

सीएम के इस बयान से नाराज भाजपा विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर कड़ा विरोध जताया। वहीं, सत्ता पक्ष ने मुख्यमंत्री का बचाव करते हुए उनके शब्दों की अलग-अलग तरह से व्याख्या की।


पूर्व मुख्यमंत्री मरांडी ने तंज कसते हुए कहा 'हम समझ सकते हैं सीएम की तकलीफ, क्योंकि उन्होंने कुछ किया ही नहीं था। जो जैसा होता है, वैसा ही बोलता है। अब उन्हें ट्रेनिंग कौन देगा?'

वहीं, बीजेपी विधायक नीरा यादव ने कहा 'विपक्ष की जो भूमिका होती है जो कार्य नहीं होते हैं वह सदन में रखना है। हम लोगों ने पहले ही आश्वस्त किया था कि सदन को शांतिपूर्वक चलने में सहयोग करेंगे और हम लोग वही कर भी रहे हैं। मगर जब माननीय नेता सदन की बारी आई तो उन्होंने कहा कि विपक्ष चला जाएगा। हम लोगों ने कहा कि आप जवाब दीजिए लेकिन जिस प्रकार से सत्ता का अहंकार देखने को मिला और निकम्मा और रंगा सियार बोला गया। यहां पर कोई मनोनीत होकर नहीं आया है बल्कि निर्वाचित होकर आया है। इस प्रकार जो शब्दों का चयन किया गया है वह कहीं ना कहीं अहंकार दशार्ता है।'

नीरा यादव ने आगे कहा कि 'अभी तक तो हम लोग मंत्रियों के ट्रेनिंग की बात कर रहे थे। अब तो लगता है कि मुख्यमंत्री जी को भी ट्रेनिंग की आवश्यकता है। या तो वह सत्ता के नशे में चूर हो गए हैं, इसीलिए ऐसी ऐसी शब्दों का चयन कर रहे हैं। हम लोग जवाब मांग रहे हैं। आपको जवाब देना है तो दीजिए नहीं देना है नहीं दीजिए, मगर निकम्मा विपक्ष उचित नहीं है इसलिए सत्ता पक्ष को ट्रेनिंग की जरूरत है कि सदन में कैसे शब्दों का चयन होना चाहिए।'

वहीं, सीएम के बयान का बचाव करते हुए सत्ता पक्ष से झामुमो विधायक प्रदीप यादव ने कहा 'मुख्यमंत्री जी का कहना है कि जो हमने नई-नई योजना लाई है और इसके कारण से हमें जो समर्थन मिला है उसमें विपक्ष कहीं टिकेगा नहीं। इसलिए उन्होंने विपक्ष को ललकारा है।

### हेमंत सरकार ने जनता का दिल जीता : उदय शंकर सिंह



सारठ विधान सभा के विधायक उदय शंकर सिंह ने राज्यपाल के अभिभाषण का पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की है। किसानों की ऋण माफी हो, 200 यूनिट मुफ्त बिजली हो या मंईयां सम्मान योजना सभी कार्यों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनता का दिल जीता है।

### हेमंत सरकार धान खरीदने में असमर्थ : बाबूलाल मरांडी



बाबूलाल मरांडी ने स्टीफन मरांडी पर तंज कसते हुए बधाई देते हुए कहा कि इस बार चुनाव आयोग और ईवीएम पर सवाल नहीं उठाए गए हैं। गठबंधन के अपने साथियों को भी समझाएं। सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धि शून्य है। किसानों को 15 अप्रैल तक धान को रखने कहा जा रहा है। 3200 रुपए प्रति क्वींटल की दर पर धान क्रय की घोषणा की गई थी । अभी सकरार 2400 रुपए प्रति क्वींटल भी नहीं खरीद पा रही है। 2400रुपए में 2300 रुपए प्रति क्वींटल का अनुदान केंद्र सरकार देती है, 100 रुपए प्रति क्वींटल की राशि भी खर्च कर पाने में झारखंड सरकार असमर्थ है।

### अमेरिका ने कैदियों की तरह भारतीय मजदूरों को रखा : राजेश कच्छप



खिजरी विधान सभा के विधायक राजेश कच्छप ने राज्य के अभिभाषण का समर्थन किया और हेमंत सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा की गोगो दीदी योजना में जनता ने विश्वास नहीं किया,क्योंकि जनता को पता है कि भाजपा झूठ बोलने वाली पार्टी है। मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की दोस्ती को दोनों देशों के बीच अच्छे संबंध का सूचक माना जाता है वहीं भारतीय मजदूरों को 100 घंटे बिना खाना-पानी के अमेरिका ने कैदियों की तरखा रखा और भारत में जंजीरों से बांधकर भेज दिया।

### बीजेपी के राष्ट्रवादी पार्टी होने में किसी को संशय न हो : सीपी सिंह



रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी पार्टी है इसमें किसी को किसी प्रकार का संशय नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पांच सालों में सरकार का काम शून्य, ब्यौरा बड़ा।

## न्यूज | बॉक्स

### राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिले हेमंत सोरेन



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज भवन में भेंट की। वार्ता के क्रम में राज्यपाल ने महाशिवरात्रि पर्व के दिन हजारीबाग में घटित हिंसा की घटनाओं की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। इसके अलावा, राज्यपाल ने राज्य में पेसा कानून को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए शीघ्र नियमावली गठित करने को भी कहा।

### आजसू ने सीएम का जताया अभार



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने जेपीएससी के अध्यक्ष एल ख्यांगते की नियुक्ति पर मुख्यमंत्री का आभार जताया है। ओम वर्मा ने कहा कि लगभग 7 महीनों से जेपीएससी अध्यक्ष पद खाली थी। इस कारण सभी तरह के परीक्षाएं परिणाम बाधित थी, जिससे राज्य के छात्र-छात्राओं के भविष्य अंधकारमय था। एक ओर राज्य सरकार ने प्रथम कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव लाया था कि जेपीएससी और जेएसएससी का परीक्षा का कैलेंडर जारी कर उसी के अनुसार सभी परीक्षा ली जाएगी। परंतु कई महीने बीत जाने के बाद भी जेपीएससी की अध्यक्ष की नियुक्ति हो पाई थी। न ही कैलेंडर जारी हो पाई है। अब अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हुई है। अब सभी चीजों पर समय से काम होगा।

### जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति पर अबुआ अधिकार मंच ने सीएम का जताया आभार



**रांची।** एल. ख्यांगते को जेपीएससी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए अबुआ अधिकार मंच ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया है। अबुआ अधिकार मंच के संयोजक गौतम सिंह ने कहा, यह युवाओं के संघर्ष और एकजुटता की जीत है। जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर हमने सबसे पहले इस विषय को सड़क से उठाकर राजभवन तक पहुंचाया और मुख्यमंत्री को इस मुद्दे पर संज्ञान लेने के लिए आग्रह पत्र भी सौंपा था। आज सरकार द्वारा की गई यह नियुक्ति हमारे आंदोलन की सफलता को दर्शाती है। गौतम सिंह ने कहा कि झारखंड के हजारों युवा अभ्यर्थी जेपीएससी की निष्क्रियता और लंबित परिणामों के कारण मानसिक और आर्थिक तनाव झेल रहे थे। लंबे समय से परीक्षाओं का परिणाम नहीं आ रहा था, नई भर्तियां रुकी हुई थीं, जिससे प्रदेश के होनहार और मेहनती युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया था। उन्होंने कहा कि अब एल. ख्यांगते के नेतृत्व में लंबित परीक्षा परिणामों का शीघ्र प्रकाशन होगा और नियुक्ति प्रक्रियाओं में तेजी आएगी, जिससे योग्य अभ्यर्थियों को उनका हक मिलेगा।



# उग्रवाद क्षेत्र में पोस्टेड पुलिसकर्मियों की होगी मनचाही पोस्टिंग: डीजीपी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उग्रवाद क्षेत्र ने पोस्टेड पुलिसकर्मियों को उनके पसंद के जगह पर पोस्टिंग दी जाएगी। यह बातें डीजीपी अनुराग गुप्ता ने गुरुवार को पुलिस एसोसिएशन केंद्रीय कार्यालय पुलिस एसोसिएशन के चुनाव के मध्य नजर हुए उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कही। इस संबंध में झारखंड पुलिस एसोसिएशन संयुक्त सचिव प्रत्याशी राकेश पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि डीजीपी अनुराग गुप्ता ने अपने अभिभाषण में सभी पुलिस पदाधिकारी को यह बताया कि आप जहां भी कार्यरत हैं, वहां सर्वप्रथम अपने काम से आम-जनों को हर्षित करें,महिलाओं का सम्मान करें उनकी बातों को सुने किसी भी कांड के अनुसंधान में किसी के प्रभाव में नहीं आकर निष्पक्ष नियम संगत कार्यों का निष्पादन करें। कहा कि आप सभी पुलिस पदाधिकारी के समस्याओं को सुनने के लिए मैं बैठा हूं, ट्रांसफर पोस्टिंग के बारे में महोदय ने उदारता दिखाते हुए यह संदेश दिया की जो लोग उग्रवाद क्षेत्र में उन्हें मनचाहा पोस्टिंग दिया जाएगा।



## सिपाही से लेकर डीएसपी तक के प्रमोशन में मेरे समय में देरी नहीं होगी

मानवीय संवेदना के आधार पर डीजीपी ने कहा कि जैसे हम स्वयं अपने प्रमोशन के लिए एक दिन भी देरी नहीं करते हैं, इस तरह सिपाही से लेकर डीएसपी तक के प्रमोशन में मेरे समय में देरी नहीं होगा और समय से सभी को प्रमोशन दिया जाएगा। डीजीपी के द्वारा पुलिस एसोसिएशन के मंच से झारखंड पुलिस एसोसिएशन के सभी सदस्यों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## रामनवमी महोत्सव के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव 9 को

**रांची।** रामनवमी महोत्सव के सफल संचालन के लिए महावीर मंडल, रांची का गठन होगा। मुख्य चुनाव पदाधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव के साथ चुनाव अधिकारी बिन्दुल वर्मा, राजू यादव, रौशन अग्रवाल और प्रवक्ता शंकर प्रसाद ने बताया कि रामनवमी महोत्सव के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव नौ मार्च को होगा। सदस्यों की कुल संख्या 2,451 है। नवीकरण कार्य आरंभ हो चुका है। नवीकरण शुल्क सौ रुपए है। सभी सदस्यों का नवीकरण अनिवार्य है। तीन वर्षों तक लगातार नवीकरण नहीं करने वाले मेंबर की सदस्यता समाप्त हो सकती है। यह अधिकार चुने गए वर्तमान कार्यकारणी को है। अध्यक्ष, मंत्री, उपाध्यक्ष, सह मंत्री, कोषाध्यक्ष, ऑडिटर, प्रचार मंत्री का चुनाव होने जा रहा है। नॉमिनेशन शुल्क अध्यक्ष व मंत्री के लिए 1,100 रुपए और अन्य पदों के लिए 500 रुपए निर्धारित है। 28 फरवरी और एक मार्च की संध्या चार बजे तक नॉमिनेशन पत्र मिलेगा। अध्यक्ष के लिए न्यूनतम उम्र 45 वर्ष है। 5 मार्च को उम्मीदवार की घोषणा की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### आरोप साबित नहीं होने पर तीन आरोपी बरी

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने 27 फरवरी को पांच लाख रुपए रंगदारी मांगने और नहीं देने पर जान मारने की धमकी देने के मामले के तीन आरोपियों सोनाहातू थाना अंतर्गत मरंगकिरी निवासी रामचंद्र मुखियार, बांकू ग्राम निवासी करम सिंह मुखियार एवं जामूदाग निवासी विनय मछुवा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता मृत्युंजय प्रसाद ने पक्ष रखा था। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सूचक, जांच अधिकारी समेत चार गवाहों को प्रस्तुत किया। लेकिन घटना को साबित नहीं किया जा सका। आरोप था कि सोनाहातु थाना अंतर्गत बांकू ग्राम निवासी शोशोधर महतो से फोन पर पांच लाख रुपए रंगदारी मांगी और नहीं देने पर जान से हाथ धोने की धमकी दी थी। घटना को लेकर सोनाहातू थाना में 28 सितम्बर 2020 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

### श्री श्याम मंडल के सदस्य खाटू धाम के लिए रवाना




**रांची।** श्री श्याम मंडल, अग्रसेन पथ के 60 सदस्यों का दल गुरुवार को रेल मार्ग से खाटू धाम निशान यात्रा के लिए रांची रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ। दो मार्च को सालासर धाम पहुंचेंगे। झुंझुनूं धाम में हाजिरी लगाकर चार मार्च को दिल्ली होते हुए सदस्य वापस रांची लौटेंगे। दल में चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, जीतेश अग्रवाल, नितेश लाखोटिया, प्रियांश पोद्दार, शशि बागला, मीना देवी गोयल, कुसुम मोर, रजनी ढांढनीयां, हिमांशी केजरीवाल शामिल हैं।

### नेवरी से 17 किलोमीटर की श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा 2 मार्च को, तैयारियां पूरी

**रांची।** श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के तत्वाधान में श्री श्याम प्रभु का ध्वजा निशान पदयात्रा की तैयारीयां पूरी कर ली गई है। श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के संयोजक गोपाल मुरारका एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 2 मार्च को श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा रांची के नेवरी विकास विद्यालय के समीप श्री दुर्गा मंदिर से सुबह 8 बजे बाबा श्री श्याम का ध्वजा पदयात्रा शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों बूटी मोड़, बरियातू रोड, सर्कुलर रोड, कचहरी रोड, मेन रोड, अपर बाजार भ्रमण करते हुए श्री खाटू श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में ध्वजा निशान अर्पित के साथ समाप्त होगी। इस यात्रा की दूरी श्री खाटू धाम की परंपरा अनुसार 17 किलोमीटर रिंगस से खाटू धाम की है। 2 मार्च को नेवरी जाने के लिए सुबह 6 बजे से 6:30 बजे तक हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर से बस की व्यवस्था भी श्याम भक्तों के लिए उपलब्ध रहेगी। नेवरी धाम से रांची धाम तक की 17 कि.मी. की श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा में सैकड़ो श्याम भक्त शामिल होंगे। भक्तों के लिए यात्रा के मध्य में भक्तों के लिए विश्राम, शुद्ध पेयजल, शरबत, भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई है। पदयात्रा में श्याम भक्त पारंपरिक पोशाकों के साथ श्री श्याम ध्वजा को लहराते हुए सुमधुर भजनों से पूरे वातावरण को खाटू श्री श्याम भक्तिमय करेंगे। पूरे मार्ग में जगह-जगह कई सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा भी श्याम भक्तों का स्वागत किया जाएगा। इस यात्रा में जो भी भक्त सम्मिलित होना चाहते हैं वे अति शीघ्र संपर्क कर अपना नाम लिखवा कर ध्वजा पदयात्रा निशान कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।



### प्रथम जेपीएससी नियुक्ति घोटाला आरोपियों के खिलाफ नॉन बेलेबल वारंट जारी करने की मांग

**रांची।** बहुचर्चित प्रथम जेपीएससी नियुक्ति घोटाला मामले में 21 चार्जशीटेड आरोपियों की मुश्किलें बढ़ सकती है। सीबीआई की ओर से कोर्ट में आवेदन देकर यह आग्रह किया गया है कि आरोपियों के खिलाफ नॉन बेलेबल वारंट जारी किया जाए। दरअसल कोर्ट से समन जारी होने के बाद खुद या अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में उपस्थित नहीं होने वाले आरोपियों के खिलाफ सीबीआई ने वारंट जारी करने की मांग की है। आरोपियों में हेमा प्रसाद, डॉ विजय प्रसाद सिंह, परमानंद सिंह, डॉ हरेंद्र कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, हरेंद्र नारायण चौधरी, राज महेश्वर राम, प्रदीप कुमार, चिंटू दोराई, सौरव प्रसाद, अनवर हुसैन, संदीप डूबे, दीपू कुमार, धीरेन्द्र कुमार सिंह, भगीरथ प्रसाद, मोहम्मद जियाउल अंसारी, दिनेश कुमार रंजन, सागर कुमार, पंकज कुमार और प्रमिला मुर्मू के खिलाफ सीबीआई ने कोर्ट से नॉन बेलेबल वारंट जारी करने की मांग की है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में सरहुल पूर्व संध्या समारोह को लेकर डीएसपीएमयू में हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में आगामी सरहुल पूर्व संध्या समारोह के सफल आयोजन के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में हुई। बैठक की अध्यक्षता एसीएस यूनिट के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने की। बैठक में एसीएस के पदाधिकारियों, विभिन्न छात्रावासों के प्रतिनिधियों और विश्वविद्यालय प्रशासन के सदस्यों ने भाग लिया। चर्चा के दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सरहुल पूर्व संध्या समारोह 27 मार्च को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें पारंपरिक खोडहा गीत और नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रकृति पूजन जैसी विभिन्न गतिविधियों को शामिल करने पर सहमति बनी। इसके अलावा, कार्यक्रम के संचालन, अतिथियों के आमंत्रण और व्यवस्थाओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष विवेक तिर्की ने कहा कि सरहुल हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है और इस आयोजन के माध्यम से हम अपनी परंपराओं को संजोने और आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

## एचआईवी एड्स पर स्वंयसेवकों को किया गया जागरूक

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज में गुरुवार को प्राचार्य डॉ मनोज कुमार के निर्देशन में एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन हुआ। इसमें झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के संयुक्त निदेशक रवि प्रकाश ने एनएसएस स्वयंसेवकों को एड्स व एचआईवी विषय में विस्तार में बताया। एचआईवी जांच की गोपनीय एवं निःशुल्क सुविधा राज्य के सभी जिला अस्पताल के स्वैच्छिक जांच एवं परामर्श केंद्र पर उपलब्ध है। कहा कि एड्स हेल्पलाइन नंबर 1097 पर भी संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ जयप्रकाश रजक, ज्योति किंडो एवं अनुभव चक्रवर्ती टीम का गठन किया।

## प्रथम जेपीएससी घोटाले के 10 आरोपियों को अग्रिम राहत देने से कोर्ट का इंकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रथम जेपीएससी सिविल सेवा भर्ती घोटाले के चार्जशीटेड में 10 आरोपियों को सीबीआई कोर्ट से झटका लगा है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने इन आरोपियों की ओर से दाखिल जमानत याचिका की सुनवाई के पश्चात खारिज कर दी है। अदालत ने हरिबंश पंडित, योगेंद्र प्रसाद, प्रवीण रोहित कुजूर एवं बिजय कुमार को अग्रिम राहत देने से इनकार किया है। आरोपियों ने पिछले दिनों अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। वहीं अजय सिंह बड़ाईक की याचिका पर सुनवाई पश्चात अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना सुरक्षित आदेश 28 फरवरी को सुनाएगी।जबकि सीमा सिंह एवं मोहन लाल मरांडी की याचिका पर मार्च के पहले सप्ताह में सुनवाई होगी। इससे पूर्व अरविंद कुमार लाल, लखीराम बास्की, संजय पांडे, अंजना दास एवं साधना जयपुरिया की याचिका खारिज कर चुकी है। मामले में अब तक 32 आरोपियों ने अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इसमें से 10 आरोपियों की याचिका खारिज हो चुकी है। बता दें कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है।

### आज / कल




### केंद्रीय भूमि जल बोर्ड का राजभाषा हिंदी कार्यशाला का आयोजन

## कार्यालयों में राजभाषा हिंदी का इस्तेमाल कार्य को सुगम बनाने के लिए किया जाता है : डॉ सामल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



केंद्रीय भूमि जल बोर्ड राज्य एकक कार्यालय एवं प्रभाग- 5 के संयुक्त तत्वावधान में राजभाषा हिंदी का प्रयोग विषय पर राजभाषा हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजभाषा केंद्रीय राजस्व विभाग के सहायक निदेशक डॉक्टर सूर्यकांत सामल, मृदा एवं संरक्षण विभाग के कार्यालय प्रमुख डॉक्टर एपी सिंह, कार्यपालक अभियंता एस सी प्रसाद, प्रभारी अधिकारी रोज अनिता कुजूर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर डॉ सूर्यकांत सामल ने कहा कि राजभाषा कार्य की प्रगति के निरीक्षण कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए संसदीय राजभाषा समिति का गठन राजभाषा अधिनियम 1963 के अधीन वर्ष 1976 में किया गया था। डॉक्टर सामल ने कहा कि कार्यालयों में राजभाषा हिंदी का इस्तेमाल, संचार को आसान और सुगम बनाने के लिए किया जाता है। सरकारी कामकाज में हिंदी का इस्तेमाल राजभाषा अधिनियम के तहत होता है। भारत सरकार का राजभाषा विभाग इस दिशा में प्रयासरत है कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यालय में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में हो। हिंदी अनुवाद की नहीं बल्कि संवाद की भाषा है। इस अवसर पर डॉ अनुकरण कुजूर, अतुल बेक, सुलेखा भाया, टुन्नू कुमार, अमित कुमार सिन्हा, हसन इमाम अंसारी, राजकिशोर वर्मा, पवन कुमार दीपक, विवेक कुमार, रितु कुमारी उरांव, सुधीर कुमार ओझा सहित दर्जनों कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## परिवार गया पैतृक गांव, चोरों ने तीन लाख के जेवर चुराए

**रांची।** रांची के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के ओबरिया आम बगीचा निवासी सत्येंद्र कुमार सिंह के घर का ताला तोड़कर चोरों ने करीब तीन लाख रुपए के जेवरात और सामान की चोरी कर ली गई है। इस संबंध में सत्येंद्र कुमार सिंह ने एयरपोर्ट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सत्येंद्र ने पुलिस को बताया कि वह 22 फरवरी को किसी काम से अपने गांव परिवार के साथ भोजपुर गए थे। 24 फरवरी को जब वह लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। भीतर सारा सामान गायब था। पता चला कि करीब ढाई लाख के जेवर के अलावा लैपटॉप और 40 हजार नगदी गायब थे, जिसके बाद वह थाना पहुंचे ।

## बाहरी और नॉन प्रैक्टिसिंग वकीलों को न बनाएं न्यायाधीश : ऋतु कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोशिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार ने मुख्य न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय को प्रेषित पत्र 27 फरवरी को भेजा है जिसकी प्रति जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय को भी भेजी गई है । पत्र में बाहरी उम्मीदवारों और प्रैक्टिस नहीं करने वाले वकीलों को झारखंड उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति का विरोध किया गया है । पत्र में संदर्भ दिया गया है कि उनके 02 जनवरी .2025 के पत्र और उसका अनुस्मारक तथा इसी मामले में आम सभा द्वारा पारित 29 जून 2016 का प्रस्ताव का उल्लेख है । उन्होने लिखा है मैं झारखंड उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ की ओर से पुनः यह पत्र लिख रही हूं, ताकि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में बाहरी उम्मीदवारों/गैर-नियमित वकीलों की प्रस्तावित नियुक्ति पर अपना कड़ा विरोध व्यक्त कर सकूं।हमारा संघ लगातार यह मानता रहा है कि हमारे बार में कई प्रतिभाशाली और अनुभवी अधिवक्ता हैं, जिनके पास इस न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में सेवा करने के लिए अपेक्षित योग्यता, विशेषज्ञता और स्थानीय मुद्दों की गहरी समझ है। बाहरी उम्मीदवारों की नियुक्ति से न केवल हमारे स्थानीय कानूनी बिरादरी की योग्यता और अनुभव पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, बल्कि हमारे राज्य में न्याय के कुशल प्रशासन पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। हम इस बात पर जोर देना चाहते हैं कि हमारे सदस्यों ने अपने पेशे के दशकों को वादियों और न्याय वितरण प्रणाली की सेवा के लिए समर्पित किया है और उन्हें स्थानीय कानूनों, रीति-रिवाजों और झारखंड के सामाजिक-कानूनी ताने-बाने का भी गहन ज्ञान है। यह समझ न्याय को निष्पक्ष और प्रासंगिक रूप से उचित बनाने के लिए महत्वपूर्ण है।अधिवक्ता संघ अपने पास उपलब्ध सभी वैध और कानूनी साधनों के माध्यम से ऐसी नियुक्तियों का विरोध करने का संकल्प लेता है और उसी मामले में सामान्य निकाय द्वारा पारित दिनांक 29.06.2016 के अपने पहले के प्रस्ताव को दोहराता है और उसे अनुमोदित करता है। हम माननीय कॉलेजियम से अनुरोध करते हैं कि वे सामान्य निकाय के निर्णय का सम्मान करें और हमारे बार के भीतर से योग्य उम्मीदवारों पर उचित विचार करें।हमारा विरोध किसी पूर्वाग्रह से नहीं बल्कि झारखंड के न्याय और कानूनी बिरादरी के हितों को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता से उपजा है। हम इस मामले पर रचनात्मक बातचीत के लिए तैयार हैं और उचित मंच के समक्ष अपनी विस्तृत दलीलें पेश करने के अवसर का स्वागत करेंगे।





## एक नजर

### सीबीआई की छापेमारी में सुरक्षा कर्मी सहित दो अन्य के मोबाइल जब्त

**रामगढ़।** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के कोलियरी रेलीगढ़ा और गिद्दी 'सी' में कार्यालय में सीबीआई की छापेमारी के बाद सन्नाटा पसरा हुआ है।सीबीआई जांच दल की पड़ताल बढ़ती गई तो सभी कर्मचारियों को समझ में आने लगा कि रोड सेल में कांटा और कोयला ग्रेडिंग, वजन के नाम पर अवैध राशियों का उगाही करने को ले जांच बंद नहीं होगी। रोड सेल से संबंधित तीन से चार लिफ्टरों से सीबीआई अफसरों ने पूछताछ किया। इसके बाद रेलीगढ़ा के परियोजना कार्यालय में दो कर्मचारियों को भी ढूंढने लगे, जो गायब हो गये। एक सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षा गार्ड सहित अन्य दो से तीन लोगों के मोबाइल सीबीआई ने जब्त किए हैं। सीबीआई मामले की जांच कर रही है मामले की जांच पूरी होने के बाद पूरा मामले का खुलासा होगा।

### बिरसा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में छात्रावास निर्माण के लिए भूमि पूजन

**खूंटी।** बिरसा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डोड़मा में छात्रावास निर्माण के लिए गुरुवार को भूमि पूजन किया गया। छात्रावास निर्माण मातुश्री काशिबा हरि भाई गोटी चौरिटेबल ट्रस्ट सूरत गुजरात की ओर से किया जाएगा। इंजीनियर राकेश झा के निर्देशन पर यहां दो तल्ला भवन का निर्माण कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर तोरपा उप प्रमुख संतोष कुमार कर, बीकेबी स्कूल के प्रधानाध्यापक लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक, प्रधानाचार्य बजरंग साहू, सचिव अनंत कुमार मांझी, शालिग्राम मांझी, कमलेश मांझी, गौरी शंकर कर, सुनील किशोर धान, गोवर्धन उरांव, दीपक दयाल साहू, प्रेम कुमार कांसी, राजीव नयन, रोहित कुमार अध्यक्ष ब्रजमोहन कर उपाध्यक्ष कलिया मुंडा आदि उपस्थित थे।

### पांण्डुपुड़िंग जलप्रपात को और विकसित किया जाएगा: नवीन चंद्र झा

**खूंटी।** तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने कहा कि तोरपा प्रखंड का पांडुपुड़िंग जल प्रपात यहां की धरोहर है। इसकी रक्षा करना और साफ-सुथरा रखना गांव वालों के साथ ही समिति की भी जिम्मेवारी है। बीडीओ गुरुवार को पाण्डुपुडिंग जलप्रपात समिति की लोहाजिमी गांव में हुई बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। समिति के अध्यक्ष कृष्णा सिंह ने बैठक का संचालन करते हुए कहा कि इस सीजन में सबसे ज्यादा पर्यटक यहां पहुंचे हैं।. पर्यटक मित्र पर्यटकों की हर संभव मदद करते हैं। जलप्रपात और आसपास के क्षेत्रों की नियमित रूप से साफ-सफाई की जाती है। उन्होंने कहा कि पर्यटक मित्रों को प्रशासन के लोग भरपूर मदद करते हैं। बीडीओ नवीन चंद्र झा ने कहा कि पाण्डुपुड़िंग जलप्रपात समिति अच्छा काम कर रही है।

दो दिवसीय शहीद निर्मल महतो झारखंड मेला का हुआ आयोजित

# कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत गाकर दर्शकों का मन मोहा




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाम सिल्ली में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 एवं 27 फरवरी को दो दिवसीय शहीद निर्मल महतो झारखंड मेला का आयोजन झारखंड मुक्ति मोर्चा सिल्ली की ओर से किया गया जिसका समापन गुरुवार को किया गया। मेला की शुरूआत शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित एवं माल्यार्पण कर किया गया। मेला में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, यशस्विनी सहाय एवं सिल्ली की पूर्व विधायक सीमा महतो शामिल हुई। मेले में भीड़ को देखते हुए सामुदायिक अस्पताल सिल्ली के डॉक्टर विवेक कुमार स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर मौजूद रहे। मेले का मुख्य आकर्षण केंद्र मुर्गा लड़ाई रहा। मेला कमेटी की ओर से मुर्गा लड़ाई में बंपर पुरस्कार के रूप में 2001 रुपया विजेता को दिया गया। रात्रि सात बजे से 10 बजे तक आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें जमशेदपुर और पुरूलिया से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत गाकर दर्शकों का मन मोह लिया। इसी क्रम में रात्रि 9 बजे से विराट छऊ नृत्य का भी आयोजन किया गया।छऊ कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य कर दर्शकों को लुभाया। कार्यक्रम में झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो,भागीरथ महतो, पूर्व मुखिया रविंद्र नाथ मुंडा, अजीत कुमार, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गोकुल महतो, युवा मोर्चा के फलाहारी महतो, यादव महतो, मणिराम दास, बिंदेश्वर महतो, उपेन महतो, अरविंद महतो, राजेन महतो, हरिदास महतो, रामपद महतो, दशरथ महतो समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बांग्लादेशी घुसपैठिया को हजारीबाग जेल भेजने की मिली अनुमति

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका** बिना पासपोर्ट के अवैध तरीके से भारत में प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी नागरिक नजमुल हवलदार की दो साल की सजा पूरी हो गई, लेकिन सुरक्षा बल नहीं मिलने की वजह से उसे गुरुवार को जेल से आजादी नहीं मिली। कारा प्रशासन के पत्र पर जेल आइजी ने उसे हजारीबाग के डिटेंशन सेंटर भेजने की अनुमति भी दे दी है। अब नजमुल को शुक्रवार या फिर शनिवार को हजारीबाग भेजा जाएगा। केंद्रीय कारा में बंद नजमुल बांग्लादेश के खुलना दक्षिण अंचल के बगेराहाट जिले के मोरेलगंज थाना क्षेत्र के शांतिभंगा गांव का रहने वाला है। उसे 24 फरवरी 2023 को साहिबगंज के तालझारी थाना की पुलिस ने रेलवे स्टेशन के आउटर के पास गिरी हुई अवस्था में गिरफ्तार किया था। अगले दिन साहिबगंज के राजमहल थाना में विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि ट्रेन में सवार लोगों ने उसे चोर समझकर फेंक दिया था। उसे भारतीय सीमा में प्रवेश कराने वाला सागर नामक भारतीय था। सागर से उसकी मुलाकात बांग्लादेश में हुई थी। उसने दिल्ली में काम दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपया लेकर सिलेट सीमा के पास अवैध तरीके से सीमा पार भेज दिया। दिल्ली में कबाड़ी का काम रास नहीं आने पर ट्रेन से वापस लौट रहा था, तभी हादसा हो गया। वहीं 16 जून 2024 को संबंधित अदालत ने उसे दोषी मानते हुए दो साल की सजा और दस हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। 27 फरवरी को उसकी सजा पूरी हो जाने के बाद वह जेल से रिहा होने वाला था, लेकिन सुरक्षा कारणों की वजह से उसे हजारीबाग भेजा नहीं जा सका। जबकि जेल आइजी ने उसे हजारीबाग भेजने की अनुमति दे दी थी।

## न्यूज | बॉक्स

### खलारी में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बुकबुका साईंनगर लालाधौड़ा निवासी 28 वर्षीय टिंकू लोहरा ने गुरूवार अपराह्न चार बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पाकर आसपास के लोग जुटे और तत्काल उसे फंदे से उतारकर सीसीएल के डकरा स्थित केंद्रीय अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। टिंकू लालाधौड़ा निवासी महावीर लोहरा का बड़ा बेटा था। निजी चालक के रूप में कार्य करता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि वह दो-तीन दिन पूर्व ही अपनी पत्नी के साथ कुंभ स्नान कर लौटा था। लगभग 6 वर्ष पूर्व उसका विवाह हुआ था, लेकिन उसका कोई संतान नहीं था। संतान नहीं होने को लेकर अक्सर उसका पत्नी के साथ झगड़ा होता रहता था। गुरूवार को भी पत्नी के साथ झगड़ा हुआ था। अनुमान लगाया जा रहा है कि उसने आवेश में आकर ऐसा निर्णय ले लिया। घटना की जानकारी पाकर खलारी थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। खलारी थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो ने बताया कि रात होने के कारण शव को अब शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

### नशे में धुत टुक टुक चालक ने सड़क पर किया हंगामा



**रांची।** राजधानी के नागाबाबा खटाल के पास नशे में धुत टुक टुक चालक ने जम कर तमाशा किया। पुलिस के द्वारा छोड़ दिए जाने के बावजूद दूसरी बार यातायात पुलिस पर हमला करने के लिए पत्थर भी उठाया। हालांकि मौके पर उसे रोक दिया गया। दरअसल यातायात पुलिस कर्मी के द्वारा टुक टुक चालक से वर्दी के बारे में पूछा गया जिसके बाद चालक और यातायात पुलिस कर्मी में थोड़ी गहमा गहमी हुई। इसी क्रम में चालक ने दौड़ कर यातायात पुलिस कर्मियों को मारने के लिए पत्थर उठा लिया। आस पास के लोगों ने बताया चालक नशे में हैं और हमेशा वह इसी हाल में रहता है। कोतवाली थाना पुलिस आने के बाद चालक ने यातायात पुलिस कर्मी से माफी मांगी और अगली बार ऐसी हरकत ना करने की बात भी कही।

### स्थायी अमृतधारा प्याऊ का विधिवध उद्घाटन



**रांची।** बुधवार को मारवाड़ी युवा मंच ने अमृतधारा अभियान के अंतर्गत आम जनों के सुविधा के लिए स्थायी प्याऊ का उद्घाटन धुर्वा सेक्टर-1 स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, प्रांगण में विधिवध रूप से संपन्न हुआ। यह स्थायी प्याऊ स्वर्गीय माया देवी गड़ोदिया की पुण्य स्मृति में उनके परिवार द्वारा समर्पित किया गया। मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा उनकी इस सेवा भावना के लिए हृदय से सदेव आभारी रहेगा। इस कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने के लिए राष्ट्र अमृतधारा संयोजक वरुण जालान, प्रांत मुख्यालय उपाध्यक्ष विशाल पाड़िया, निवर्तमान अध्यक्ष अमित चौधरी, वर्तमान अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव सोनित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्पर्श चौधरी एवं मंच के सभी ऊर्जावान युवा साथी उपस्थित रहे। इस पुनीत कार्य को सफल बनाने के लिए मंच के अमृत-धारा प्रभारी युवा सौरव सरावगी एवं युवा हर्ष जालान को धन्यवाद दिया।

### प्रयागराज में तसर रेशम प्रदर्शनी सफल रहा : डा एनबी चौधरी




**रांची।** महाकुंभ 2025 प्रयागराज में तसर रेशम प्रदर्शनी में विश्व के 07 देशों एवं भारत के 14 राज्यों के 2028 लोगों ने पंजीकरण किया। हजारों की संख्या में लोगों ने तसर रेशम उद्योग पर केन्द्रित इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यह संयुक्त प्रदर्शनी राज्य रेशम विभाग उत्तर प्रदेश सरकार एवं सीएसबी-सीटीआरटीआई रांची द्वारा लगाई गयी जो कि श्रद्धालुओं एवं विजिटर को बहुधा आकर्षित किया एवं तसर रेशम के प्रचार-प्रसार में सहायक सिद्ध हुआ है। इस सम्बन्ध में डा एनबी चौधरी निदेशक सीएसबी-केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नगडी, राँची ने प्रदर्शनी से जुड़े टीम को कहा कि तसर रेशम उद्योग की विभिन्न शोध एवं विस्तार गतिविधियों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्रदान करने का यह प्रयास सफल रहा। यह प्रदर्शनी उत्तर प्रदेश दर्शन मंडपम, सेक्टर 07, भारद्वाज थाने के पास, महाकुंभ स्थल प्रयागराज में लगाई गयी।

### महाशिवरात्रि कार्यक्रम का हुआ समापन



**रांची।** कोकर सरनाटोली गली नंबर 5 के सार्वजनिक शिव मंदिर द्वारा महाभंडारें का हुआ आयोजन। महाभंडारे के कार्यक्रम में तकरीबन 15000 शिव भक्त हुए शामिल। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हरि जायसवाल,धर्मेंद्र चौधरी,सुनील कुमार,गोवर्धन प्रसाद,चंदन दत्ता,नीरज कुमार,विजय ठाकुर,राम सिंह,सतीश सिंह,सतीश सिन्हा,पप्पू गोस्वामी एवं अन्य का योगदान रहा।

### 45 वां नेशनल एथलेटिक चैंपियनशिप चार मार्च से



**रांची।** 45 वां नेशनल एथलेटिक चैंपियनशिप जो बेंगलुरु के कंट्री रवा स्टेडियम और सई कंपलेक्स स्टेडियम में 4 मार्च से 9 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। झारखंड मास्टर एथलेटिक्स टीम इस प्रतियोगिता में भाग लेगा, जिसमें 55 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसमें कोच की भूमिका में जवाहर झा और अशोक महतो होंगे। टीम के मैनेजर के रूप में संजय राय, राजेंद्र महतो और केके ठाकुर को टीम मैनेजर बनाया गया है। टीम का कैप्टन राजकुमार वाल्मीकि को बनाया गया है। सभी खिलाड़ी 1 मार्च को हटिया से यशवंतपुर के लिए रवाना होंगे।

# छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें अधिकारी: डीडीसी



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में गुरुवार को एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के संचालन और प्री-पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना निदेशक आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के संचालन के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक की गई, जिसमें जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में कुल पांच एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का संचालन होना है। वर्तमान में दो विद्यालय कुदा कर्रा और रेवा खूंटी पूरी तरह से तैयार हैं। इन विद्यालयों में शीघ्र पठन-पाठन प्रारंभ कराने, बच्चों के नामांकन, प्रधानाध्यापक एवं रसोइयों की नियुक्ति, बच्चों के भोजन, बेड, चेयर, टेबल, साफ सफाई समेत अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विद्यालय संचालन को सुचारू बनाने के लिए आवश्यक निर्णय लिए गए। इसके अलावा, बैठक में प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि संबंधित पदाधिकारी विभाग के जरिये निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी योग्य छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

### हॉकी टीम के गठन के लिए चयन ट्रायल दो मार्च को

**खूंटी।** भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा कार्य विभाग और खेल मंत्रालय एवं हॉकी इंडिया के सहयोग से हॉकी झारखंड के जरिये रांची के मोरहाबादी स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में 17 मार्च से आयोजित अस्मिता हॉकी लीग 2025 प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खूंटी जिला हॉकी टीम का गठन किया जाएगा। महिला वर्ग के जूनियर एवं सब जूनियर टीम गठन के लिए 2 मार्च को बिरसा कॉलेज के मैदान में सुबह 9 से चयन ट्रायल का आयोजन किया गया है। यह जानकारी हॉकी खूंटी के सचिव दशरथ महतो ने गुरुवार को देते हुए बताया कि जूनियर टीम के लिए एक जनवरी 2006 या उसके बाद के जन्मतिथि वाले ही चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं। इसी प्रकार सब जूनियर टीम के लिए एक जनवरी 2009 या उसके बाद के जन्म तिथि वाले ही चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं। चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड, पंचायत अथवा नगर पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र तथा दसवीं का एडमिट कार्ड या अंक पत्र लाना अनिवार्य होगा।

पीआईबी का झारखंड के मीडिया संपादकों का महाकुंभ प्रेस टूर संपन्न

## पत्रकारों ने ली सेंट्रलाइज्ड क्राउड मैनेजमेंट समेत अनेक पहलुओं की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** पत्र सूचना कार्यालय द्वारा आयोजित झारखंड के चार पत्रकारों का एक दल महाकुंभ 2025 का दौरा कर वापस लौट आया। पत्रकारों का यह दल 23 फरवरी की शाम को कुंभ के लिए रवाना हुआ था। इनमें अमरकांत, दीपक ओझा, सौरभ कुमार व राजेश तोमर शामिल थे। इस दल के ह्यकंडक्टिंग ऑफिसर के रूप में पत्र सूचना कार्यालय, रांची के कार्यालय प्रमुख तथा भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी राजेश सिन्हा थे। प्रयागराज पहुंचने के उपरांत, दो दिवसीय इस पत्रकार दौरे के पहले दिन सभी ने संगम घाट पर जाकर वहां के स्थिति का मुआयना किया। फिर प्रयागराज किले के ऐतिहासिक महत्व को समझने के लिए किले के अंदर बने सरस्वती कुंभ गए। उसके बाद विभिन्न मंदिरों का दौरा कर उसके ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व को समझा। दूसरे दिन सभी पत्रकारों ने विभिन्न आश्रमों का दौरा किया जिनमें पायलट बाबा आश्रम भी शामिल था। यहां उन्होंने आश्रम के शंभू सरकार बाबा से सनातन धर्म के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और आश्रम द्वारा योग, ध्यान, हवन जैसे विषयों पर चर्चा की और उनके द्वारा सनातन धर्म के लिये देश-विदेश में किए जा रहे प्रचार प्रसार पर जानकारी हासिल की।

## अहर्निश शिव संकीर्त्तन अष्टयाम का हुआ समापन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** महाशिवरात्रि पर शिवशिष्यों द्वारा पुराना विधान सभा मैदान में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ अहर्निश शिव संकीर्त्तन अष्टयाम का समापन हुआ। हर भोला, हर शिव के नाम की धूनी के साथ मंत्रोच्चार से पुराना विधान सभा के क्षेत्र का माहौल सुवासित हो उठा। आयोजन समिति के अध्यक्ष शिव कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि आए हुए आगंतुकों और श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। वैश्विक शिवशिष्य परिवार की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। इसमें पारस अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा आए हुए लोगों को निशुल्क चिकित्सा एवं दवाई उपलब्ध कराई। गरुड़ आई हॉस्पिटल के ओर से निशुल्क नेत्र एवं दांत का उपचार किया गया। होमियोपैथीक चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। उक्त कार्यक्रम में वैश्विक शिवशिष्य परिवार के मुख्य सलाहकार अर्चित आनन्द ने महती भूमिका निभाई। अर्चित ने बताया कि साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी और दीदी नीलम आनंद ने आज से 43 साल पहले इस संकीर्तन की शुरूआत की थी जो अनवरत होती आ रही है। इस शिवरात्रि देश/विदेश में तकरीबन 10 लाख घरों में सवा घंटा का शिव नाम संकीर्तन के आयोजन का हमलोगों द्वारा लक्ष्य रखा गया था जिसमे सभी शिव शिष्यों ने सहयोग कर सफल बनाया। इस आयोजन में शिवशिष्य हरीन्द्रानंद फाउंडेशन के अध्यक्ष बरखा आनन्द एवं शिवशिष्य परिवार के सचिव अभिनव आनन्द भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरान्त खिचड़ी का प्रसाद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। विगत एक दिनों से पुराना विधान सभा का क्षेत्र मेले में तब्दील रहा। झारखंड के अलावा भारत के विभिन्न राज्यों के शिव शिष्यों ने महा शिवरात्रि पर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के दूसरे दिन आगंतुकों की संख्या लगभग पंद्रह हजार रही।

## रांची नगर निगम ने दो अस्पतालों का रीअसेसमेंट कराने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** नगर निगम के राजस्व शाखा की टीम के द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत लगातार घृतिकर व ट्रेड लाइसेंस की जांच करते हुए विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में गुरुवार को सहायक प्रशासक के नेतृत्व में निगम की टीम के द्वारा वार्ड नं० 35, स्थित देवकमल अस्पताल एवं वार्ड नं० 33. स्थित सिटी ट्रस्ट अस्पताल की जांच की गई। जांच क्रम में पाया गया कि दोनों अस्पतालों के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के चतुर्थ तिमाही तक का भुगतान किया हुआ है परन्तु इनके द्वारा पूर्ण होल्डिंग के उपभोग की प्रकृति के अनुसार भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही निगम की टीम के द्वारा परिसर की मापी की गई जिसपर क्षेत्रफल में अंतर पाया गया। पूर्व में देवकमल अस्पताल द्वारा 15376.80 वर्ग फीट क्षेत्र का निर्धारण किया गया था, परन्तु मापी के उपरांत 25959 वर्ग फीट क्षेत्रफल पाया गया। पूर्व में सिटी ट्रस्ट अस्पताल द्वारा 22710 वर्ग फीट क्षेत्र का निर्धारण किया गया था, परन्तु मापी के उपरांत 66775 वर्ग फीट क्षेत्रफल पाया गया। सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार के द्वारा दोनों अस्पताल को तीन दिनों के भीतर री-असेसमेंट कराते हुए घृतिकर का भुगतान करने का निर्देश दिया गया।

## जनमुद्दों की लड़ाई आजसू की पहचान : सुदेश महतो




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** प्रमंडल स्तरीय पार्टी पदाधिकारियों की बैठक जनता लॉज, बेतला नेशनल पार्क में पलामू प्रमंडल स्तरीय संगठन विस्तार को लेकर हुई। इस बैठक में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने हिस्सा लिया और संगठन के आगामी कदमों पर विचार व्यक्त किए। सुदेश महतो ने कहा, हम मुख्य विपक्ष की भूमिका निभाएंगे और झारखंडी हितों की आवाज को बुलंद करेंगे। बैठक में सुदेश महतो ने पार्टी कार्यकताओं को कहा कि झारखंडी मुद्दों पर हमारी पार्टी की मजबूत और प्रभावशाली उपस्थिति जरूरी है। हम राज्य के हर प्रखंड में जाएंगे और संगठन का विस्तार करेंगे, ताकि हमारी पार्टी मुख्य विपक्ष की भूमिका निभा सके और जनता की आवाज को मजबूती से उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि जनमुद्दों कि लडाई आजसू कि पहचान रही है। हम अन्याय के खिलाफ आन्दोलन करेंगे। झारखंड के खनिज और संसाधनों की लूट को रोकेंगे। आजसू के केंद्रीय सचिव देवशरण भगत ने कहा है कि झारखंड को हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे। झा हम राज्य निर्माण का दर्द जानते हैं। राज्य के मुद्दों को लेकर हम संघर्ष तेज करेंगे। मुख्य बिपक्ष की भूमिका में हम लड़ेंगे। झारखंड और झारखंडियत की लड़ाई को तेज करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की गतिविधियों को और भी ज्यादा प्रभावी रूप से प्रचारित किया जाएगा। इसके लिए एक विशेष सोशल मीडिया टीम का गठन किया जाएगा, जो पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को सोशल मीडिया पर फैलाएगी। मौके पर मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, झारखंड आंदोलनकारी श्री प्रवीण प्रभाकर, विजेता वर्मा, संजय मेहता ने भी संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव सतीश कुमार, गुप्तेश्वर ठाकुर, विकेश शुक्ला, इम्तियाज नाजमी, बबलू गुप्ता, विजेता वर्मा, विजय कुमार, उमेश कुमार, तुलसी शुक्ला, दिलीप चौधरी, अमित पांडेय, दीपक शर्मा, परवाज खान, चम्पा देवी, संजय मेहता जी के साथ साथ प्रमंडल क्षेत्र के सातों जिला के पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### सीबीआई ने गिद्दी सी और रेलीगढ़ा ट्रांसपोर्टिंग में अवैध वसूली की किया जांच

**गिद्दी।** सीबीआई और विजिलेंस की संयुक्त टीम ने सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के गिद्दी सी और रेलीगढ़ा कोलियरी परियोजना से होने वाली ट्रांसपोर्टिंग में अवैध वसूली की जांच किया। टीम में शामिल अधिकारियों ने दोनों परियोजना के ट्रांसपोर्टिंग के संबंधित कागज और डोकोमेंट भी जब्त किया है। सीबीआई के डीआईजी एमएस खान, आईपीएस राजीव रंजन, डीएसपी कुलदीप, इंस्पेक्टर चंदन कुमार, विजिलेंस के जितेश कुमार, संतोष कुमार सहित टीम में दो दर्जन अधिकारी शामिल थे। जिसमें दो महिला अधिकारी भी शामिल थी। सीबीआई के अधिकारी ने बताया गिद्दी सी और रेलीगढ़ा परियोजना में पावर प्लांट और लोकल सेल में कोयला उठाव में प्रति 12 चक्का ट्रक जिसमें लगभग 25 टन कोयला लोड होता है उसके बदले कोयला उठाव कार्य कराने वाले लिफ्टर से प्राइवेट एजेंट लगभग 10 हजार रुपए वसूली करता है। जिसे एक ऑरगनाइज्ड रैकेट में बांटा जाता है।

बरही चौक की जाम की गूंज सदन में गूंजी


# सुगम यातायात व्यवस्था हो बहाल : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
आए दिन बरही चौक पर लगने वाले जाम की समस्या की आवाज झविस के शून्य काल में गूंजा. स्थानीय विधायक सह लोक लेखा पाल समिति के सभापति मनोज कुमार यादव ने बरही की समस्या से त्रस्त जनता की परेशानियों को सदन के पटल पर रखते हुए शीघ्र निदान की मांग किया. उन्होंने कहा कि देश के प्रमुख महानगरों को जोड़ने वाला यह चौक आए दिन भारी जाम की समस्या से जूझ रहा है. स्थानीय निवासियों के साथ मालवाहक, यात्री, निजी वाहन, स्कूल वाहन सहित एंबुलेंस को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. बरही चौक एक महत्वपूर्ण यातायात जंक्शन भी है, जिससे व्यापारिक गतिविधियों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है. वहां के लोगों का भी कहना है कि जिस तरह से यहां जाम की स्थिति रहती है अगर इसे रोक नहीं गया तो आगे चलकर और भ्यावह स्थिति हो सकती है। हालांकि प्रशासन भी इस जाम को हटाने में काफी प्रयासरत रहते हैं लेकिन कुछ दिनों के बाद वैसा ही स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने सरकार से स्थायी समाधान की मांग किया. विधायक श्री यादव ने सरकार को सड़क चौड़ीकरण, बाईपास रोड निर्माण, ट्रैफिक सिग्नल और सुगम यातायात व्यवस्था जैसे विकल्पों के सुझाव भी दिए.

बिजली विभाग ने 18 लोगों पर विद्युत चोरी का मामला किया दर्ज

# व्यवसाय के लिए उपभोक्ताओं को अलग से लेना होगा कनेक्शन: कनीय अभियंता



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
बिजली विभाग ने गोरहर थाना क्षेत्र के 18 लोगों पर बिजली चोरी का मामला दर्ज करवाया है। इस संबध में कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने गोरहर थाना में आवेदन दिया है। जिसमें आसिफ अंसारी पिता शहादत अंसारी, शमशुल अंसारी पिता शाहदुल अंसारी, सरफराज अंसारी पिता ईनायत अंसारी, असगर मियां पिता अकबर मियां, महबूब अंसारी पिता बबुजन अंसारी, फरीद उदीन पिता शरीफ मियां, केदार पासवान पिता स्व. शरीफ पासवान, घमंडी महतो पिता मुन्नू महतो, उदित नारायण पिता डोमन महतो सभी ग्राम लेवडा जमुआ निवासी, सकलदेव साव पिता रूपलाल साव, लक्ष्मण साव पिता बुधन साव, मुकेश मोदी पिता प्रयाग मोदी, बिरेंद्र नायक पिता प्रयाग नायक सभी ग्राम बंडासिंगा निवासी, संतोष कुमार साहू पिता चंद्रिका प्रसाद साहू नावाडीह निवासी, विकास शर्मा पिता मथुरा ठाकुर, प्रकाश कुमार रवानी पिता किशोर रवानी, मोहम्मद फिरदौश पिता मो. इदरीश, मसूद मुजफ्फर पिता मो. जैनुल आबेदीन सभी लेम्बुआ निवासी पर क्षतिपूर्ति राशि 13 हजार 1 सौ 10 लगाई गई। इन सभी पर विद्युत विभाग ने घरेलू कनेक्शन से अपने व्यावसायिक परिसर में विद्युत ऊर्जा की चोरी करने का आरोप लगाया है। इस संबध में कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने कहा कि व्यावसाय के लिए अलग से कनेक्शन लें ताकि कोई परेशानी न हो। साथ ही उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि मीटर अवश्य लगाएं। इस छापामारी दल कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद, सहायक विद्युत अभियंता सत्यनारायण भोक्ता समेत अन्य कर्मी शामिल थे।

## न्यूज | बॉक्स

### इनरव्हील क्लब ने बेटी के विवाह में किया सहयोग




**रामगढ़।** कहा जाता है कि किसी भी गरीब की बेटी की शादी मेंअअगर सहयोग हो जाता है तो वह बहुत बड़ा पुण्य का काम होता है। समाज में इस तरह का देखने को मिलता है जो एक दूसरे को सहयोग करते हैं। बहुत सी ऐसी संस्थाएं हैं जो गरीबों के लिए सहयोग में खड़ी रहती हैं, चाहे वह शादी का मामला हो या फिर बिमारी का, सभी में सहयोग के लिए आगे आते हैं। कुछ इसी तरह का मामला रामगढ़ में भी देखने को मिला। इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा एक बेटी को शादी के लिए कपड़े, कॉस्मेटिक्स, पर्स, डिनर सेट, बेडशीट, शॉल, बैग, जूते, आर्टिफिशियल ज्वेलरी एवं कुछ नगद पैसे सेवाभाव से प्रदान किए गए। मौके पर क्लब की पिंकी पोद्दार, नवालजीत कौर, स्वीटी सोनी, रंजू अरोड़ा, श्वेता जैन, नमिता श्रॉफ, ममता अग्रवाल,जसविंदर होरा सहित अन्य उपस्थित थीं।

### जामिया हजरते फातमा जहरा मदरस की 14 बच्चियों की हुई दस्तार बंदी




**बरकट्ठा।** कोनहराकला गांव स्थित जामिया हजरते फातमा जहरा मदरसा के 14 बच्चियों की दस्तार बंदी किया गया। खुदा ने इन बच्चियों कुरआन पाक का हाफ्जा बनाया। इन लोगों अपने दिलों 30 पारों को याद कर रख लिया। मुख्य अतिथि कोलकाता से मौलाना गुलाम आशी, खतिबा रूही फातिमा, खतिबा नाज फातिमा, रामगढ़ से खतिबा मुफ्तिया उम्मुल वरा ने शिरकत की। मौके पर मदरसा से फारिग होने वाले बच्चियों में नूरी फातमा, समीना खातून ग्राम बरही, नूर अंफशों खातून, अफसाना खातून ग्राम घंघरी, दिलनशीं प्रवीण ग्राम चौपारण, रेशमा प्रवीण ग्राम चौबे चलकुशा, माहे नूर ग्राम राजधनवार, नसीरन खातून कुदर बगोदर, सुफिया नूरी ग्राम कोडरमा, शगुफ्ता नासरीन ग्राम मधवाडीह, उजमा अरशी ग्राम बनवारी, इफत फातमा ग्राम बड़कागांव, जन्नती बेगम ग्राम कोनहराकला, गौसिया फिरदौस ग्राम गया शामिल हैं। जशने रिदाए फजीलत व केरत को सफल बनाने में मदरसा के प्राचार्य मौलाना अब्दुल अजीज नूरी, मौलाना अब्दुल कय्यूम, मौलाना मंसूर आलम, मौलाना सरफराज, मुस्तकीम अंसारी समेत अन्य लोगों की अहम भूमिका रही।

### विधायक ने बजट सत्र में कोल्ड स्टोरेज और सूर्यकुंडधाम के विकास का उठाया मुद्दा



**बरकट्ठा।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में 27 फरवरी को बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने सदन में कोल्ड स्टोरेज और सूर्यकुंडधाम को पर्यटन के रूप में विकसित करने का मामला उठाया। उन्होंने सरकार को बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंड में किसानों के लिए कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने की मांग करते हुए कहा कि कृषि पर आधारित क्षेत्र है। किसानों को अपनी उपज के फसल रखने में कठिनाई होती है। वहीं उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध सूर्यकुंडधाम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करते हुए पर्यटकीय सुविधा बहाल करने तथा सौंदर्यीकरण कराने की मांग किया।

### आज 10 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक प्रखंड में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में दस बजे से लेकर पांच बजे शाम तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी सहायक विद्युत अभियंता सत्यनारायण भोक्ता और कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को 33 हजार केवीए में मरम्मती का कार्य किया जाएगा। जिसके कारण बरकट्ठा प्रखंड में सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जब यह मरम्मती पूरी नहीं हो जा सकती तब बिजली का प्रवाह नहीं हो सकता है।

### सिटी डायग्नोस्टिक सेंटर का हुआ उद्घाटन



**विष्णुगढ़ ।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत के अस्पताल चौक समीप सिटी डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी अरुण कुमार सिंह के द्वारा विशिष्ट अतिथि प्रशांत प्रधान एवं डॉक्टर रूपेश गुप्ता की उपस्थिति में किया गया । जिसके प्रोपराइटर सोनम प्रिया है। डायग्नोस्टिक सेंटर के बबलू मिश्रा ने बताया, यह सेंटर ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटर है। जिसकी जांच रिपोर्ट 2 से 3 घंटे के भीतर मरीज को एवं उनके परिजनों को उपलब्ध कराया जाएगा। किंतु ईसीजी की जांच रिपोर्ट तुरंत दी जाएगी। मौके पर विभूति सिंह , संजीव बक्शी, डॉक्टर अंकित जयपुरियार, उर्मलेश झा, भोला कुमार , संदीप कुमार इत्यादि गणमान्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

फूड लाइसेंस शिविर में 42 खाद्य कारोबारियों ने कराया पंजीकरण

# फूड लाइसेंस के बिना नहीं करें खाद्य कारोबार : बीडीओ



**बीडीओ ने खाद्य व्यापारियों को लाइसेंस बनाने की अपील की**

बीडीओ जयपाल महतो ने सभी खाद्य व्यापारियों को लाइसेंस बनाने की अपील किया है. उन्होंने बताया कि बिना फूड लाइसेंस का कारोबार करना अवैध है. पकड़े जाने पर सजा या जुमार्ना या दोनो हो सकते है. फूड लाइसेंस के लिए शीघ्र ही उन्होंने स्पेशल ड्राइव चलाने की बात कही. मौके पर मौजूद बीडीओ के हाथो कारोबारियों को पंजीकरण पत्र दिए गए. शिविर में कंप्यूटर ऑपरेटर विकास शर्मा और सूरज कुमार ने सराहनीय योगदान दिया.

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
स्वास्थ्य, चिकित्सा-शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी हजारीबाग डॉ० शशि जायसवाल के मार्गदर्शन में जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र गुग्गी की उपस्थिति में प्रखण्ड कार्यालय परिसर में स्ट्रीट फूड वेंडर, ठेला-खोमचा एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों के लिए एकदिवसीय जागरूकता सह लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया. जिसमे कुल 42 रजिस्ट्रेशन पत्र निर्गत किए गए. डीएफएसओ ने कारोबारियो को व्यवसाय स्थल सहित व्यक्तिगत स्वछता और उपयोग में आने वाले बर्तन या सफाई में उपयोग होने वाले कपडे के की नियमित सफाई के निर्देश दिए. उन्होंने ग्राहकों से खाद्य सामग्री खरीदते समय पैकेट पर निर्माण तिथि, उपयोग की अंतिम तिथि तथा एफएसएसआई का लाइसेंस नंबर अनिवार्य रूप से देखने की बात कही. उन्होंने बताया कि गुग्गी बरही प्रखंड में अब तक 215 लाइसेंसी व 831 छोटे फूड कारोबारी हैं. वही अनुमंडल के पांचों प्रखंड में कुल मिलाकर 366 लाइसेंसी और 1733 पंजीकृत खाद्य व्यवसाई है. प्राप्त आंकड़ों के आधार पर बटकठ्ठा में 28 लाइसेंस व 298 पंजीकृत, चौपारण में 97 लाइसेंस व 413 पंजीकृत, पदमा में 24 लाइसेंस व 158 पंजीकृत तथा चलकुसा में मात्र 2 लाइसेंस व 40 पंजीकृत खाद्य कारोबारी धंधा कर रहे है.

### विभिन्न मुद्दों को लेकर हिन्दु व मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध लोगों की बैठक

**रामगढ़।** सौदागर मुहल्ला के एकेडमी स्कूल में बुधवार को दोनों समाज के लोगों की आवश्यक बैठक की गई। जिसमें हिंदू और मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवी उपस्थित थे। बैठक में समाज को किस तरह सुधारा जाए, कैसे आपसी भाईचारा को आगे बढ़ाया जाए और नौजवानों को सही रास्ते पर कैसे लाया जाए, इस पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कहा गया है कि नौजवान जो नशे की लत में जकड़ते जा रहे हैं और नशे की हालत में आपसी सद्भावना बिगड़ने का काम करते हैं। वैसे नौजवानों को समझाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में कहा गया कि सौदागर और दुसाध मोहल्ला के बुद्धिजीवियों की संयुक्त बैठक जल्द ही किया जाएगा। जिसमें उपरोक्त विषयों पर चिंतन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से जियाउल हक, असद बारी, मौलाना शमशाद, बलराम सिंह, नियाज अख्तर, वसी अख्तर, कन्हैया सोनी, नेपाल विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# शिवरात्रि पर पुलिस लाइन से निकली शिव बारात



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को शिव बारात निकली। शिव गणेश की जीवंत झांकी निकाली गई। आरक्षी अजय कांत झा भगवान शिव और दिलीप कुमार सिंह गणेश के रूप में थे। शिव बारात पुलिस केंद्र से मेन रोड, झंडा चौक, मालवीय मार्ग, बंशीलाल चौक होती हुई बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंची। जहां शिव बारातियों का स्वागत किया गया। यहां से शिव बारात वापस पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर पहुची। शिव बारात में कई वर्दीधारी भूत पिशाच के रूप में भी देखे गए। आपको कि पुलिस केंद्र से बारात बुढ़वा महादेव मंदिर प्रत्येक वर्ष पहुंचती है जहां बारात का भव्य स्वागत किया जाता है। ढोल, नगाड़ा, ताशा डीजे और अन्य मनोरंजन के साधनों के साथ शहर में सड़कों पर शिव बारात निकली। वहीं हजारीबाग का मशहूर खैरूद्दीन बैंड 1963 से लगातार जिलाप्रशासन के हर कार्यक्रम में सेवा देते आ रहा है। चाहे पूजा हो या अन्य कार्यक्रम। खैरूद्दीन बैंड के संचालक मास्टर राजा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष में हजारीबाग पुलिस केंद्र में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात निकाली जाती है। इस बारात में खैरूद्दीन बैंड पूरी तरह से सेवा देता है। इसबार भी गया से दो गायक आए हैं। और शिव भजन के अलावे अन्य धार्मिक गानों को भी गया जा रहा है। बैंड बजाने वालों में ताजुद्दीन,समीर, सोनू, मुन्ना सहित मो कैश,शंभु सहित कई गायक शामिल थे। महाशिवरात्रि पर एसपी अरविंद कुमार सिंह ने भगवान शिव की विशेष पूजा की। उसके बाद बारात निकाली गई। बारात में डीसी नैंसी सहाय, डीएसपी, पुलिस मेंस एसोसिएशन के मंत्री उपेंद्र मिश्रा मेजर कुमार देवव्रत, सर्जेंट रूद्र प्रताप सिंह, शशि उरांव शामिल, ललित कुमार, राजेश हेंब्रम, जगलाल मुंडा, सुरेंद्र ठाकुर समेत कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

### बरकट्ठा के विभिन्न स्थानों में निकली भोलेबाबा की बारात



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महाशिवयात्री पर भोलेबाबा की बारात निकाली गई। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के बंडासिंगा, तुईयो, बरकट्ठा समेत अन्य जगहों पर महाशिवरात्रि पर शिव बारात निकाली गई। इस बारात में भव्य झाकियां भी निकाली गई। शिव बारात में भक्त नाचते गाते और झूमते नजर आए। पूरा शहर बोलबम के जायकारों से गूंज उठा। पूरे बरकट्ठा में इस बारात का उत्साह दिखाई दिया। उसके बाद शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। बरकट्ठा थाना पुलिस की ओर से शिव बारात निकाली गई। शिव बारात थाना के चौकीदार मुन्नीलाल पासवान के घर से निकल कर शिव मंदिर तक गई। जिसमें थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं गोरहर थाना परिसर में स्थित शिव मंदिर में पूजा पाठ व श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

सरस्वती पूजा में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए पथराव को लेकर धरना पर बैठे सांसद, कहा

# पुलिस आरोपियों के विरुद्ध करे शीघ्र कार्रवाई



**भाजपा- आजसू के इन नेताओं ने भी धरने को किया संबोधित**

रामगढ़ बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, बीजेपी नेता रंजीत कुमार सिन्हा, अमरेंद्र गुप्ता, चंद्रशेखर चौधरी, प्रो.संजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, राजीव जायसवाल, रंजीत पांडेय, रंजन फौजी, राजू चतुर्वेदी, रमेश वर्मा, पुरुषोत्तम पांडेय, पंचम चौधरी, विजय कुमार ओझा, मनोज कुमार महतो, बबलू साव, अशोक कुमार, रवि हाजरा मनसू वेदिया, गौतम महतो, अजय ओझा, राजेंद्र कुशवाहा, दिलीप सिंह, सरदार अनमोल सिंह, संजय प्रभाकर,शीतल सिंह, स्नेहलता चौधरी, सूर्यवंश श्रीवास्तव, आजसू नेता जलेश्वर महतो, गोविंद मुंडा, युगेश महतो, महेंद्र महतो, अंगद महतो, पंकज कुमार महतो, शरद त्रिपाठी, गोविंद मुंडा, ममता सोनी, दिनेश महतो, जलेश्वर महतो, जया देवी, लालचंद महतो, सोसोकलां ग्रामवासी राही चौधरी, धनेश्वर ठाकुर, राजेश महतो, बबलू ठाकुर, डॉ. अनिल कुमार, अशोक राम वेदिया, दीपक मुंडा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी संबोधित किया।

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिलांतर्गत गोला प्रखंड स्थित ग्राम सोसोकलां में बीते 04 फरवरी 2025 को सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान पत्थराव की घटना को लेकर सांसद मनीष ने पुलिस प्रशासन पर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया था जो आज पूरा हो गया। आरोपियों के बचाव पक्ष में पुलिस प्रशासन की भूमिका को देखते हुए उन्होंने आज से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। धरना पर बैठे सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि जहां एक ओर देश महिला और बच्चियों के सम्मान और उनके सुरक्षा को लेकर कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बात बर्दाश्त नहीं केगी। इस आंदोलन में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के आजसू पार्टी के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और आजसू पार्टी का भी साथ सांसद मनीष जायसवाल को समर्थन और साथ मिला है। धरने की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने और मंच संचालन जिला महामंत्री विजय जायसवाल ने और धन्यवाद ज्ञापन गोला भाजपा मंडल अध्यक्ष भाजपा बबलू साव ने किया। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के धरने में बैठने के करीब चार घंटे के बाद रामगढ़ जिला प्रशासन की एक प्रतिनिधिमंडल धरना स्थल पर पहुंची जहां करीब आधे घंटे से अधिक समय तक धरने में बैठे सांसद मनीष जायसवाल से वार्ता की गई। प्रशासन की ओर से वार्ता करने पहुंचे रामगढ़ एसडीओ अनुराग तिवारी, डीएसपी हैडक्वाटर चंदन वत्स, गोला सीओ समरेश भंडारी, बीडीओ सुधा वर्मा, रजरप्पा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पाण्डेय और थाना प्रभारी अभिषेक कुमार की उपस्थिति में सांसद मनीष जायसवाल ने धरने में शामिल लोगों से सहमति लेने के बाद इस अनिश्चितकालीन धरने को तत्काल समाप्त कर एक महीने के अंदर इस मामले पर कार्रवाई पूर्ण नहीं होने पर पुनः इस मामले को लेकर उग्र आंदोलन करने की बात कही। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सनातन धर्म के लोग सभी धर्म का सम्मान करते हैं।

### बरकाकाना का वार्ड सात रामगढ़ से जुड़ जाए तो तेज होगा विकास

**बरकाकाना।** जाकिर हुसैन बरकाकाना का वार्ड नंबर सात के कई गांव आज तक छावनी परिषद और पतरातू अंचल के बीच फंस कर विकास से महरूम हैं। इन गांवों में आज भी कई मूलभूत सुविधा मुहैया उपलब्ध नहीं हो पाई है। वार्ड नंबर सात क्षेत्र को पतरातू अंचल से हटाकर रामगढ़ अंचल में जोड़ने से चहुमुंखी विकास होगा। इसे लेकर ग्रामीणों ने झारखंड उच्च न्यायालय में भी जनहित याचिका दायर की थी। बिहार विधानसभा में पूर्व विधायक महेंद्र सिंह ने रामगढ़ प्रखंड में जोड़ने की आवाज बुलंद की थी। साथ ही सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक ममता देवी, पूर्व विधायक सुनीता चौधरी ने झारखंड विधानसभा में शून्य काल में इस बात को उठाया था। इसे लेकर पतरातू प्रखंड सह अंचल में रामगढ़ ब्लॉक पत्र भेजा गया था। जांच और वार्ड नंबर 7 को स्थानांतरित करने को लेकर पंचायत समिति सदस्यों ने दिनांक 19.09.2014 को बैठक कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर अनुमोदन करते हुए स्वीकृति प्रदान कर दी है।

हजारीबाग डुमरान की घटना पर विधायक प्रदीप प्रसाद का कड़ा रुख

# विस में निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की



**विधानसभा में विशेष कमेटी गठन की मांग**

विधायक प्रदीप प्रसाद ने विधानसभा के माध्यम से सरकार से मांग की कि इस संवेदनशील मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि इस मामले में दोषियों की पहचान कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से आगह किया कि वह इस मुद्दे पर सतर्क रहे और किसी भी अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करे। विधायक ने हजारीबाग की जनता से अपील की वे अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व सद्भाव बनाए रखें। उन्होंने कहा कि सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाली ताकतों के खिलाफ हम सबको मिलकर खड़ा होना होगा।

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने 26 तारीख को हजारीबाग जिले के इचाक थाना क्षेत्र के डुमरान गांव में हुई घटना को विधानसभा में पुरजोर तरीके से उठाया। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि यह मामला अत्यंत संवेदनशील है और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

#### मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता

विधायक ने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि सरकार के एक मंत्री द्वारा इस मामले में दिया गया भड़काऊ बयान स्थिति को और अधिक तनावपूर्ण बना सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना बयान आने वाले समय में जिले की शांति और सौहार्द के लिए खतरा बन सकते हैं।

#### रामनवमी के आयोजन पर संभावित प्रभाव

विधायक ने विधानसभा में बताया कि आगामी दिनों में हजारीबाग में रामनवमी का भव्य आयोजन होना है, जिसे इंटरनेशनल रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। इस आयोजन में लगभग 5 लाख श्रद्धालु सड़कों पर एकत्र होते हैं और भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है। उन्होंने कहा कि यदि माहौल को जानबूझकर खराब करने की कोशिश की गई या भड़काऊ बयानबाजी हुई, तो यह हजारीबाग के शांतिपूर्ण वातावरण और रामनवमी उत्सव के सफल आयोजन के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है।

# सिमडेगा उपायुक्त ने जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा की

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक हुई।बैठक में उपायुक्त ने पिछले माह अवैध खनन व परिवहन की रोकथाम के लिए की गयी कार्रवाई की समीक्षा की. जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जनवरी एवं फरवरी 2025 माह में अवैध खनन व परिवहन के 21 मामलों पर कार्रवाई की गई, जिसमें 15 मामलों पर एफआइआर दर्ज की गयी व अन्य मामलों में जुर्माना वसूला गया. जिसमें माह जनवरी में 95000 एवं माह फरवरी में 282800 रुपये की वसूली की गई है। उपायुक्त ने जिले में अवैध खनन स्थलों को चिह्नित करने, अवैध खनन व परिवहन के मार्ग में निगरानी रखने का निर्देश दिया. जिला खनन पदाधिकारी, सीओ व थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने की बात कही. उन्होंने ने ओडिसा एवं छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने बैठक में कोलेबिरा अंचल अंतर्गत पत्थर की अवैध खनन पर रोक लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पत्थर खनन के लिए जिसको लिज दिया गया है यह खनन पट्टा दिया गया है उसकी क्षेत्रफल का जांच करें, अगर एजेंसी द्वारा निर्गत खनन पट्टा से बाहर खनन कार्य किया जा रहा है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। साथ ही उपायुक्त महोदय ने शंख नदी संगम छठ घाट स्थल पर विशेष निगरानी रखते हुए पूर्ण रूप से बालू का उठाओ बंद करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, जिला खनन पदाधिकारी सहित सभी अंचलाधिकारी व अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## डीसी ने की वन अधिकार अधिनियम से संबंधित समीक्षा बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम से संबंधित समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा विभिन्न प्रखंड से प्राप्त कुल 19 सामुदायिक वन पट्टा वितरण की समीक्षा की। उन्होंने समिति के सदस्यों से सभी मामलों में पेपर की विशेष जांच कर लेने की बात कही। जांच में त्रुटि पाए जाने पर सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी मामलों का सही आकलन करते हुए मामलों का सर्वसहमति से निष्पादन सुनिश्चित करने की बात कहीं। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, सहित समिति के अन्य सदस्य गण उपस्थित हुए।

## वाटरशेड अवेयरनेस रथ को सिमडेगा उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रवाना

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जलछालन मिशन के तहत समाहरणालय परिसर से वाटरशेड अवेयरनेस रथ को उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रवि किशोर राम, भूमि संरक्षण पदाधिकारी मो. दानिश मिराज, तकनीकी विशेषज्ञ पदाधिकारी सुभाष कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार से प्राप्त निर्देशो के अनुक्रम मे प्रदेश में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड 2.0 परियोजना के कार्यक्षेत्र में वाटरशेड यात्रा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उदेश्य मिटटी-जलसंरक्षण और वाटरशेड संरचनाओं के विकास के प्रति आम जन को जागरूक करना है एवं विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक ग्रामीणों तक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना - वाटरशेड विकास 2.0 परियोजना की उपयोगिता, किये गये कार्यों इनके परिणामों और इनसे ग्रामीणों को प्राप्त हुए लाभ के संदर्भ में जागरूकता एवं सहभागिता को बढ़ाना है।इसी तरह सिमडेगा जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना - वाटरशेड विकास 2.0 योजना के विभिन्न आयामों को समाहित कर भारत सरकार द्वारा डिजाईन की गई प्रचार रथ (वैन) का परियोजना के क्षेत्रों में भ्रमण जो 27 फरवरी से 01 मार्च 2025 तक परियोजना क्षेत्र बोलबा प्रखंड के कादोपानी पंचायत एवं समसेरा पंचायत के ग्रामों मे भ्रमण करते हुये ग्रामीण-जनों को संवेदित एवं जागरूक करने का कार्य करेगी। यात्रा के माध्यम से वाटरशेड महोत्सव, श्रमदान वृक्षारोपण एवं जागरूकता की गतिविधियाँ की जा रही है।

## बानो प्रखंड को अनुमंडल बनाने को लेकर उकौली पंचायत में सभा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड को अनुमंडल बनाने की मुहिम तेज हो गई है। बानो को अनुमंडल बनाओ को महा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।इसी के निमित्त ग्राम पंचायत उकौली सभागार में मुखिया कृपा हेमरोम की अध्यक्षता में बहु प्रतीक्षितमांग बानो को अनुमंडल बनाने के पक्ष में वृहद विशेष ग्राम सभा बैठक का आयोजन किया गया। बारी-बारी से लोगों ने बानो को अनुमंडल बनाने के लिए हस्ताक्षर किया।हस्ताक्षर अभियान में काफी संख्या में लोग भाग ले रहे हैं। उकौली मुखिया कृपा हेमरोम ने बैठक में कहा कि बानो प्रखंड की भौगोलिक क्षेत्र की विशेषता एवं दुर्गम क्षेत्र की समस्याओं तथा बानो प्रखंड को अनुमंडल बनने के लिए पर्याप्त संसाधन मौजूद है।सिमडेग से बानो की दूरी 60 किलोमीटर है तथा बानो प्रखंड 50 किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला हुआ है।यहां के ग्रामीणों को सिमडेगा आने-जाने में काफी परेशानी होती है तथा बानो में रेलवे का नेटवर्क है।बानो प्रखंड में दो थाना और एक ओपी है। वहीं आरपीएफ और रेलवे का जीआरपीएफ थाना है।इसके अलावा शिक्षा में डिग्री कॉलेज,आईटीआई कॉलेज सभी प्रकार से बानो प्रखंड अनुमंडल बनने की अहर्ता रखता है।इसको लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में बुरूहोंजोर ग्राम सभा अध्यक्ष सेवियन समद,उकौली ग्राम सभा अध्यक्ष विल्कन बगरइला,सचिव जेम्स कंडुलना, चकलाबासा ग्राम सभा अध्यक्ष नित्यानंद बड़ाइक, बुरूहोंजोर वार्ड सदस्य सेलेन समद, चोरबांदु ग्राम सचिव सनिका समद, सकरदा ग्राम सभा अध्यक्ष वरदान गुड़िया, सोड़ा ग्राम सभा अध्यक्ष नंदलाल कश्यप, सचिव विक्रम सिंह, वार्ड सदस्य रुक्मिणी देवी सहित काफी संख्या में आम ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व प्रमुख नंद किशोर सिंह का निधन

**बानो।** प्रखण्ड के बुरूहोंजोर निवासी पूर्व प्रमुख नंद किशोर सिंह का आकस्मिक निधन हो गया।पूर्व प्रमुख काफी दिनों से बीमार चल रहे थे।नंदकिशोर सिंह अविभाजित बिहार में बानो के प्रमुख पद पर काफी सालों से आसीन थे तथा अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष भी थे।उनके निधन पर केंद्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राय, कार्यकारी अध्यक्ष लालदेव सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह, प्रदेश सचिव,शालिग्राम सिंह,जिला अध्यक्ष राजेश सिंह,हीरानाथ सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष हीरा प्रसाद सिंह, धर्मवीर सिंह के अलावा अन्य लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की है।

### नवाटोली पंचायत भवन में रोजगार दिवस का हुआ आयोजन

**कोलेबिरा।** प्रखंड के नवाटोली पंचायत भवन में मुखिया कल्पना देवी की अध्यक्षता में रोज़गार दिवस का आयोजन किया गया।बैठक में लोगों को पंचायत में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया।मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं का समीक्षा किया गया।मुखिया ने मनरेगा से संबंधित कार्यों में मेट को कार्य प्रगति लाने का निर्देश दिया।इस अवसर पर नवाटोली मुखिया कल्पना देवी,रोजगार सेवक सुरेन्द्र कुमार साहू,पंचायत सचिव संजीव कुमार,प्रज्ञा केंद्र संचालक विरेन्द्र सिंह,वार्ड सदस्य दीपक लोहरा,वार्ड सदस्य उमावती देवी,मेट सिकंदर प्रधान,विजय सिंह,जोलजेन देवी,महेश्वर सिंह,अजय सिंह,धीरज लोहरा के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

### बानो में चला पान मसाला व गुटखा के खिलाफ छापामारी अभियान

**बानो।** बानो प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी व थाना प्रभारी विकास ने बानो चौक-चौराहा में पान मसाला व गुटखा के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों को पान मसाला,गुटखा आदि नहीं बेचने की हिदायत दी गई।मालुम हो कि झारखंड सरकार ने एक साल के लिए राज्य भर में पान मसाला व गुटखा खरीद ब्रिकी पर रोक लगाया है।इसी को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी व थाना प्रभारी बानो चौक-चौरहों में पान मसाला व गुटखा के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया।अभियान मे पुलिस बल के जवान भी शामिल थे।

### स्कूली बच्चे शैक्षणिक भ्रमण हेतु पूरी हुए रवाना


**बानो।** बानो प्रखंड के आर सी बालिका मध्य विद्यालय जीतू टोली,आरसी बालक मध्य विद्यालय जीतू टोली आर सी बालिका मध्य विद्यालय के बच्चे शैक्षिणक भ्रमण में पुरी रवाना हुए।बानो रेलवे स्टेशन से हटिया पुरी तपस्वनी एक्सप्रेस ट्रेन से गुरूवार शाम को 65 बच्चे रवाना हुए।इस अवसर पर सिम्हातु मुखिया लोरेन्स बागे ने सभी को सुखद यात्रा की शुभकामना देते हुए विदा किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सिस्टर पुष्पा मिंज,सिस्टर एलिजाबेथ,शिक्षक हेलमन सुरीन,आरसी बालक मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापिका दिव्या सरोज सुरीन,शिक्षक मरियानुस सोरेन उपस्थित थे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से सिविल आयोजित कर बनाया गया लाइसेंस

**रांची।** सिमडेगाः सिमडेगा खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से सदर अस्पताल स्थित कार्यालय में विशेष शिविर आयोजित करते हुए खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन किया गया। सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान के द्वारा बताया गया की खाद लाइसेंस हर खाद्य कारोबारी को लेना अनिवार्य है ।प्रायः देखा जाता है कि खाद्य कारोबारी को खाद लाइसेंस लेने के लिए कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है ,जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। इसके नियमित या विशेष कैंप का आयोजन किया गया जिसमें खाद्य कारोबारी को मौके पर उपस्थित होकर ऑन द स्पॉट खाद्य अनुज्ञप्ति दी गई। इस मौके पर बताया गया की 20 आवेदको अनुज्ञप्ति दी गई ।साथ ही सभी खाद्य कारोबारी को अनुरोध किया गया है कि ऐसे मौके को नजरअंदाज ना करें भविष्य में यदि औचक निरीक्षण के क्रम में किसी भी खाद्य कारोबारी के लाइसेंस प्रदर्शित करने को कहा गया और और कारोबारी द्वारा लाइसेंस प्रदर्शित करने में असफल रहा तो उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं के साथ कार्रवाई की जाएगी।




### सिमडेगा वन विभाग ने हाथी प्रभावित 47 लोगों को दिया गया मुआवजा



**सिमडेगा।** वन विभाग कार्यालय में मंगलवार को सिमडेगा और बोलबा वन क्षेत्र के 47 हाथी प्रभावित लोगों को मुआवजा का वितरण किया गया। सिमडेगा और बोलबा रेंज के 47 हाथी प्रभावित लोगों को वन विभाग के द्वारा 616550रुपए का वितरण किया। हाथी इन लोगों के घर और फसल का नुकसान तथा एक व्यक्ति को घायल किया था। सिमडेगा वन प्रमंडल ऑफिस में वन क्षेत्र पदाधिकारी शम्भू शरण चौधरी के द्वारा हाथी पीड़ितों को डीडी के माध्यम से मुआवजा का भुगतान किया गया। जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि लगातार क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक बढ़ रहा है जिसमें लोगों को जागरूक करने का प्रयास की जा रही है तथा जिनके नुकसान हुआ है उनके नुकसान का आकलन करने के बाद क्षतिपूर्ति हेतु मुआवजा दी जा रही है। मौके पर बताया गया कि 616550 में चार लाख रुपया हाथी से मृत व्यक्ति के परिजन तथा बाकी 216550 फसल नुकसान पर दिया गया।

## काम्प्लेक्स निर्माण कर शहर को स्थायी तौर पर करें अतिक्रमण मुक्त: विधायक

नवीन मेल संवाददाता

- अतिक्रमण हटाओ अभियान से परेशान लोगों के लिए विधायक भूषण बाड़ा ने

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र के शून्यकाल में शहर में हो रहे अतिक्रमण के लिए स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। सत्र के माध्यम से विधायक ने कहा है कि सिमडेगा शहरी में हमेशा समय समय पर चलने वाले अतिक्रमण हटाओ अभियान से छोटे-मोटे दुकानदार हमेशा परेशान रहते हैं। प्रशासन को भी इसको लेकर परेशानी झेलनी पड़ती है। कई बार तो इससे गरीब जनता की रोजी रोटी भी छीन जाती है। जबकि दुकान की व्यवस्था नहीं रहने के कारण कई बार लोग पलायन करने को विवश हो जाते हैं। शहर में सड़क किनारे दुकान, ठेला खोमचा लगाकर जीवन यापन करने वाले गरीब लोगों के लिए बार बार अतिक्रमण हटाओ अभियान स्थायी समाधान नहीं है। विधायक ने कहा है कि हाल के दिनों में शहरी आबादी तेजी से बढ़ी है। जबकि उसके अनुरूप शहर में दुकान नहीं बन पाया है। विधायक ने कहा है कि शहरी क्षेत्र में एनएच के किनारे कई डिसमिल जमीन खाली पड़ी है। इस जमीन में मार्केट काम्प्लेक्स निर्माण कराया जाय। साथ ही यहाँ बने दुकान में छोटे मोटे ठेला-खोमचा लगाकर रोजी रोटी चलाने वाले लोगों को दुकान आवंटित करें। ताकि शहर अतिक्रमण मुक्त रहने के साथ साथ गरीब जनता को स्थायी दुकान मिले। उनका रोजी रोटी चले। साथ ही शहर भी सुव्यवस्थित रहे।

### कई गांव में झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान

**बोलंबा।** झामुमो सिमडेगा जिला संयोजक प्रमुख अनिल कंडुलना के नेतृत्व में गुरुवार को प्रखंड के कई पंचायत एवं गांव का दौरा किया गया और सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता रशीद काटकर नए सदस्यों का पार्टी में विधिवत स्वागत किया गया।अनिल कांडुलना ने नये सदस्यो से अपील करते हुए कहा की आप लोग गांव गांव जाकर लोगों को पार्टी की नीति व सिद्धांत के बारे में बतायें तथा उन्हें पार्टी से जोड़ें,और झारखण्ड सरकार के योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को दें इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला संयोजक मंडली प्रमुख अनिल कांडुलना,पूर्व जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा,पूर्व युवा मोर्चा जिला सचिव राजेश टोप्पो,पंचायत से नेलसन डूंग डूंग,कोरोमिया पंचायत अध्यक्ष अशोक लकड़ा, पंचायत सचिव राजू सोरेंग, पंचायत उपाध्यक्ष सुशील तिर्की के कोरोमिया एवं ताराबोगा पंचायत के झामुमो कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

## पति ने पत्नी के प्रेमी की लकड़ी और साबल से मारकर की हत्या

### आरोपी पति को कोलेबिरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ऐडेगा पंचायत के मोदी टोली में बिते रात पति ने पत्नी की प्रेमी की मारकर की हत्या,आरोपी पति को कोलेबिरा थाना की पुलिस ने किया गिरफ्तार।मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ऐडेगा पंचायत के पोगलोया मोदीटोली निवासी समसुन समद की पत्नी एवं बानो थाना क्षेत्र अंतर्गत कनारावां बरजो टोली निवासी 42 वर्षीय सुनसार समद,पिता-स्व०जोहान समद मुंबई में काम करते थे।जहां पर दोनों आपस में संपर्क में आए और दोनों में प्रेम हो गया इसके कारण दोनों हमेशा आपस में मिला करते थे। मृतक अक्सर पोगलोया मोदी टोली समसुन बागे की पत्नी से मिलने आया करता था। जिसकी जानकारी गांव वाले अकूसर समसुन बागे को दिया करते थे,पत्नी के अवैध संबंध से वह काफी नाराज था।बुधवार की शाम सुनुसर समद पोगलोया मोदीटोली आरोपी की पत्नी से मिलने आया था। जिसकी जानकारी समसुन बागे को मिली।समसुन ने सुनुसार समद को घूमने जाने के बहाने अपने साथ ले गया और घर से कुछ दूर ले जाकर लकड़ी के टुकड़े और साबल से मारकर उसकी हत्या कर डाली।इधर घटना की जानकारी मिलने पर मृतक की बहन मोयलन लुगून ने कोलेबिरा थाना में आवेदन देकर पोगलोया मोदीटोली निवासी समसुन बागे पर अपने भाई की हत्या करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया।कोलेबिरा थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी समसुन बागे को हत्या में प्रयुक्त हथियार के साथ गिरफ्तार किया।उधर आरोपी भी पुलिस के समक्ष अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मृत शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराकर परिजन के हवाले कर दिया इस संबंध में कोलेबिरा थाना में कांड संख्या 18/ 2025 के तहत आरोपी पर हत्या का मामला दर्ज किया गया।

### कल्याण विभाग ने स्कूली बच्चों के बीच किया साइकिल वितरण

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड कार्यालय परिसर में कल्याण विभाग की ओर से स्कूली बच्चों के बीच साइकिल वितरण किया गया. इस मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख सुनीता करकेट्टा, सांसद प्रतिनिधि सुनील टोप्पो, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी आशा लिंडा, जैनुल अंसारी, कल्याण पदाधिकारी राहुल बडाईक, अरुण बडाईक ब्लॉक कर्मचारी विभिन्न स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाएं के द्वारा छात्रों को साइकिल दिया गया।

## गिरदा पुलिस ने महाकुंभ ले जाने के नाम ठगी करने वाले आरोपी बस एजेंट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** गिरदा पुलिस ने महाकुम्भ ले जाने के नाम पर ठगी करने के आरोपी बस एजेट को गिरफ्तार कर जेल दिया ।विदित हो कि गौरव बस खूंटी के एजेंट कृष्णा मिश्रा सोदे,रनिया निवासी के माध्यम से बानो के ग्रामीणों ने 15 फरवरी को महाकुंभ ले जाने के लिए कुल तीन बसों को तीन लाख अस्सी हजार में बुक कर बयाना राशि के रूप में एक लाख पच्चीस हजार रुपए दिए थे।15 फरवरी को श्रद्धालुओं को ले जाने के लिए तीनों बसों को लगाया गया,जिसमें रायकेरा,हुरदा, डुमरिया,सेतासोया, लचड़ागढ़,नौमिल सहित अन्य जगहों से आए 140 श्रद्धालु बस में बैठ गए।बैठने के बाद कंडक्टर दारा पैसा मांगा गया। इस पर ग्रामीणो ने पैसा कृष्णा मिश्रा को दिये जाने की बात कही इस पर कंडक्टर ने कहा कृष्णा मिश्रा से पैसा मांगकर दीजिए वरना बस खाली कर दीजिए। मजबूरन ग्रामीणो ने बस खाली कर दिया। 140 लोगो को धार्मिक भावना को आहत पहुंचा इसके बाद ग्रामीणो ने गौरव बस के मालिक,मैनेजर, कंडक्टर एवं एजेंट के खिलाफ बानो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया। इसके बाद गिरदा पुलिस आरोपी बस एजेंट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## ठेठईटांगर में धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व

**ठेठईटांगर।** थाना मुख्यालय में शिव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के मौके पर महा रुद्राभिषेक अनिल कुमार गुप्ता सहपत्निक के द्वारा किया गया। पुरोहित की भूमिका सूर्यकांत झा ने निभाई। बुधवार की सुबह से ही महाशिवरात्रि पर्व को लेकर लोगों में उल्लास देखा गया श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल चढ़कर पर्व की शुरुआत की। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ बेलपत्र धतूरा भांग फूल फल दूध से शिव की पूजा अर्चना की एवं जल से शिवजी का जलाभिषेक किया। मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। महाशिवरात्रि के मौके पर मंदिरों को फूल माला और लाइट से सजाया गया था ।भगवान शिव की पूजा अर्चना कर महाशिवरात्रि के मौके पर शिव बारात निकाली गई जो बाजारटांड निकलकर प्रखंड मुख्यालय चौक होते हुए थाना रोड तक होते हुए शिव मंदिर परिसर पहुंची जहां पर शिव विवाह का आयोजन किया गया।

## महाशिवरात्रि के मौके पर शिव मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम पर झूमे लोग

नवीन मेल संवाददाता



**केरसई।** महाशिवरात्रि के शुभ उपलक्ष पर करँगगुड़ी शिव धाम में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मजदूर नेता राजेश सिंह प्रदेश अध्यक्ष झारखंड ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि मजदूर नेता ने संस्कृति कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीणों को संबोधित किया।केरसई थाना प्रभारी ने अपने संबोधन में कहां के युवा नशे से दूर रहे।इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक वीरेंद्र सिंधिया ने कहा कि बासेन पंचायत के ग्रामीणों का प्यार एवं प्रखंड क्षेत्र के आए हुए ग्रामीणों का विश्वास से यह प्रोग्राम कई वर्षों से लगातार शांतिपूर्वक से किया जा रहा है धीरे-धीरे सांस्कृतिक कार्यक्रम का रूप बढ़ता जा रहा है कई स्थानीय कलाकारों को इस मंच से अपने हुनर दिखाने का मौका भी दिया जाता रहा है।सांस्कृतिक कार्यक्रम में आए कलाकार रूपेश बड़ाईक,पंचम राम, जितेंद्र नायक, निशा कुमारी, प्रीति बरला, सरिता बड़ाईक, डांसर सारिका नायक ,एरिक ने अपने एक से एक नागपुरी गाने की एवं सुंदर नृत्य की प्रस्तुति से पूरे रात भर ग्रामीण झूमते रहे मंच का संचालन भुनेश्वर बेसरा के द्वारा किया गया आयोजन कर्ता रविंद्र बड़ाईक, रोहित कुमार, अजय बरला, नितेश सिंधिया, जस्टिन कुल्लू, दुलार बड़ाईक सक्रिय सदस्य सत्या देवी, अमर समद, बसंत दास, राजेश बड़ाईक, संजय बड़ाईक, अरविंद केरकेट्टा, दिलीप बड़ाईक, धीरज बड़ाईक की बेहतर सहयोग एवं तालमेल से सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष लगने वाले इस मेले में बहुत ज्यादा दर्शक पहुंचते हैं स्थानीय पुलिस के शांति कायम विधि व्यवस्था बनाने में बेहतर सहयोग से संस्कृति कार्यक्रम शांतिपूर्वक किया गया। मौके पर केरसई थाना प्रभारी रामनाथ राम, टिंकू वर्मा ,पूर्व प्रखंड सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता, पंचायत के मुखिया सत्या देवी ,समाजसेवी अमित कुमार, आयुष कुमार सहित कई गणमान्य लोगों उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि के मौके पर ढोल नगाड़े के साथ निकाली गई भव्य शिव बारात

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड के केतुंगा धाम में ढोल नगाड़े के साथ झूमते गाते नाचते हुए भव्य शिव बारात निकाली गई।मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था।शिव बारात मंदिर परिसर से आरंभ किया गया।इसके बाद शिव बारात विभिन्न मार्ग होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची इस अवसर पर शिव पार्वती के अलावा देवता और दानव के रूप में विभिन्न वेशभूषा धारण किए शिव बारात में शामिल हुए।जहां शिव परिछन,दुरा लगवनी,हल्दी-अपटन,आदि कार्यक्रम कर भगवान भोलेनाथ का विवाह उत्सव मनाया गया।तत्पश्चात सभी सखी लोगों के द्वारा भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती को शादी से संबंधित क्षेत्रीय भाषा में गीत संगीत सुनाया गया और विभिन्न कार्यक्रम कर शिव पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया।विवाह के उपरांत रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के सदस्यों के द्वारा भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें रांची से आए कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में सिंगर उर्मिला महंती,दीपीका कुमारी,दीलिप गोप,डांसर खुशी महंती म्यूजिकल बैंड और अन्य कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोह लिया।नगर भ्रमण,पूर्णाहुति व भंडारा कार्यक्रम के साथ तीन दिवसीय अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम का भी समापन हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में पुरोहित मनोज गोस्वामी व पवन शर्मा राधेश्याम सोनार,पत्नी सरस्वती देवी, ऊमेश साहु पत्नी, अंजनी देवी केतुंगा धाम न्यास समिति के अध्यक्ष सुकरा केरकेट्टा, उपाध्यक्ष कृष्णा सिंह, सचिव ओमप्रकाश साहू, महासचिव मनोज गोस्वामी, संरक्षक सह मुख्य पुजारी प्रदीप गोस्वामी, रोहित साहू, दीलिप पंडा, सखिंदर ओहदार, राधेश्याम, श्याम सोनी, बंधनु केरकेट्टा, प्रमोद सोनी, रोहित सिंह, कृष्णा सिंह, विवेक साहू, राहुल साहू, अविनाश पंडा, अभिषेक साहू, विक्रम साहू, नीरज साहू, संकेत साहू, अंकित साहू, अभय गोस्वामी, अमित साहू, पूरन साहू, नितेश साहू, अमित सिंह, रंजीत सिंह, सुभम साहू, रुपेन्द्र साहू,चंदन साहू, किशोर साहू,विक्की साहू,जितेंद्र साहू,अमर साहू,के अलावा अन्य लोगो की अहम भुमिका रही।

### श्री श्याम रंगीलो फाल्गुन निशान यात्रा की तैयारियां पूरी

# फाल्गुन का महीना बाबा श्याम के भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है



## 251 निशान के साथ हजारों भक्तों का समागम

इस वर्ष 251 महिला एवं पुरुष भक्त पवित्र निशान लेकर नगर भ्रमण करेंगे। इस यात्रा में 500 से अधिक श्रद्धालुओं की भागीदारी रहेगी, जो बाबा श्याम के जयकारों, भजन-कीर्तन और फूलों की होली के बीच इस पावन यात्रा को भव्य बनाएंगे। महिलाएं लाल-पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता-पायजामा धारण कर बाबा श्याम के भजनों पर नृत्य करते हुए नगर भ्रमण करेंगे। पूरे आयोजन को ऐतिहासिक और दिव्य रूप में संपन्न करने के लिए अग्रवाल युवा मंच एवं समस्त श्याम प्रेमी पूर्ण तत्परता से जुटे हुए हैं।

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** अग्रवाल युवा मंच के तत्वावधान में आयोजित श्री श्याम रंगीलो फाल्गुन निशान यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह भव्य और ऐतिहासिक यात्रा 3 मार्च को मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर प्रांगण से शुभारंभ होगी और शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से होकर पुनः मंदिर परिसर में संपन्न होगी। इस पावन अवसर पर पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण रहेगा। विभिन्न चौक-चौराहों पर समाज के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और श्याम भक्तों द्वारा भव्य स्वागत एवं पुष्पवर्षा की जाएगी। जगह-जगह भजन का आयोजन होगा, जिससे पूरा नगर श्याममय हो उठेगा। यात्रा के दौरान बाबा श्याम की आरती भी किया जाएगा। फाल्गुन का महीना बाबा श्याम के भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस पावन माह में हर श्याम प्रेमी 'श्याम नाम' की धुन में रम जाता है। अग्रवाल युवा मंच हर वर्ष फाल्गुन में इस भव्य आयोजन को संपन्न कराता है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु बाबा श्याम की भक्ति में लीन होकर भाग लेते हैं। राणी सती मंदिर, बड़ा अखाड़ा चौक जादो बाबू चौक, महावीर स्थान, कुम्हार टोली,बजरंगी चौक, सेठ महुल्ला, पंच मंदिर चौक,मस्जिद रोड, बड़ा बाजार बंशीलाल चौक से झंडा चौक होते हुए राणी सती मंदिर पहुंचेगी। अग्रवाल युवा मंच सभी नगरवासियों और श्याम प्रेमियों से इस भव्य निशान यात्रा में शामिल होकर बाबा श्याम की कृपा प्राप्त करने का आग्रह करता है। आइए, इस पावन फाल्गुनी माह में बाबा श्याम की भक्ति में सराबोर हों और इस ऐतिहासिक आयोजन को यादगार बनाएं।

## डैलीपैइला ऐतिहासिक धरोहर, इसका सब मिलकर करेंगे संरक्षण : ममता देवी

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड गोडातू बड़की डैलीपैइला पर्वत धाम में चल रहे महाशिवरात्रि महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को आशीर्वाद लेने रामगढ़ विधायक ममता देवी पहुंची। उन्होंने डैलीपैइला का आशीर्वाद लिया। मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ममता देवी ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया । विधायक ममता देवी ने कहा कि डैलीपैइला एक ऐतिहासिक धरोहर है और इसे संजोना भी हमारा काम है। क्षेत्र के ग्रामीणों की आस्था का प्रमुख स्थल है। आसपास के गांवों के ग्रामीणों की आस्था इस कदर है कि पहाड़ की चोटी में अवस्थित डैलीपैइला में पूरी भक्ति के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। इस धार्मिक स्थल को संरक्षित रखने का संकल्प लिया और कहा कि इसका सही संरक्षण एवं रखरखाव किया जाएगा ताकि इसकी धार्मिक और सामाजिक महत्ता बनी रहे। आमजन ने पर्वत धाम को संजोकर रखने की बात कही।ग्रामीणों का कहना है कि डैलीपैइला में सच्चे मन से मांगी गई मुराद पूरी होती है।

### समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित

# प्रशिक्षण से सभी सेविकाओं को काम करने में होगी सहूलियत




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** अशोका इंटरनेशनल होटल में समाज कल्याण विभाग द्वारा पोषण ट्रैकर, फेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल, सपोर्टिव सुपरविजन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी की उपस्थिति में सभी पर्यवेक्षिका को प्रशिक्षित किया गया। पोषण ट्रैकर नाम के इस एप के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रखंड व जिला स्तर पर आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विभागीय निर्देश के आलोक में लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने में हो रही देरी को खत्म करने के लिए पोषण ट्रैकर मोबाइल एप के माध्यम से सभी कार्य समय पर संपन्न कराना है। प्रशिक्षण से सभी सेविकाओं को काम करने में सहूलियत होगी। पोषण ट्रैकर नाम के इस एप के उपयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों का मूल्यांकन व निगरानी आसान होगा। साथ ही पोषाहार का ऑनलाइन ऐप के माध्यम से रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रयाल, भारत सरकार द्वारा विकसित, पोशन ट्रैकर एप सभी आंगनबाड़ी केंद्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, और लाभुकों की वास्तविक समय की निगरानी और ट्रैकिंग सक्षम बनाता है। सेविकाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर चलाए जा रहे पोषण कार्यक्रम के लाभार्थियों से संबंधित जानकारी को पोषण ट्रैकर एप पर अपलोड करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, गिरिडीह, डुमरी, चाइल्ड लाइन के अधिकारी, डीसीपीयू के अधिकारी, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर, यूनिसेफ, सभी सुपरवाइजर, सेविका, सहायिका समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### रोजगार सेवक ने मुखिया पर मारपीट का लगाया आरोप

**बिरनी।** बिरनी प्रखण्ड के बिरनी पंचायत मुखिया किशुन राम पर रोजगार सेवक राजदेव प्रसाद ने मारपीट का आरोप लगाते हुए बीडीओ को आवेदन देकर करवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि बीते 24 फरवरी को बिरनी के पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा का आयोजन होना प्रास्ताविक था। ग्राम सभा में भाग लेने हेतु मैं भी गया एवं लाभुकों द्वारा बताये गये योजनाओं को ग्राम सभा पंजी में लिख रहा था । इसी बीच मुखिया किशुन राम भदी-भदी गाली ग्लॉज करने लगे एवं अपने कुर्सी से उठ कर मार पीट उतारू हो गये, लाभुकों के बीच बचाव के कारण मेरा जान बच सका । उन्होंने कहा कि बीडीओ मामले पर संज्ञान लेते हुए मुखिया पर कारवाई करे एवं मेरे मान सम्मान का रक्षा करे। इस सम्बन्ध में मुखिया किशुन राम से बात करने की कोशिस किया गया तो उन्होंने ने बताया कि मारपीट का आरोप बेबुनियाद है। हालांकि इस रोजगार सेवक का इस पंचायत से ट्रांसफर हो चुका है।

### अवैध मुहानों को बंद करने को लेकर अधिकारियों ने किया स्थल का निरीक्षण



**रामगढ़।** अवैध खनन पर रोक को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को आरसीसीएफ पदाधिकारी वेंकटेश्वरलू द्वारा वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अन्य वन अधिकारियों एवं सीसीएल के पदाधिकारियों के साथ रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के बसंतपुर क्षेत्र में विभिन्न अवैध मुहानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अलग-अलग स्थलों पर अवैध मुहानों को चिन्हित किया गया जिन्हें वन विभाग द्वारा बंद कराने का कार्य किया जाएगा।

### धूमधाम से मनाई गई महाशिवरात्रि



**बिरनी।** बिरनी प्रखण्ड में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाए जाने वाले इस पर्व का विशेष धार्मिक महत्व है, क्योंकि इसी दिन भगवान शिव और देवी पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था। भक्तों ने व्रत रखकर शिवलिंग पर जलाभिषेक और रुद्राभिषेक किया, जिससे विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। महिलाओं ने अपने वैवाहिक जीवन की सुख-समृद्धि के लिए निर्जला उपवास रखा। मान्यता है कि इस दिन शिव-पार्वती की पूजा करने से सभी दुखों का निवारण होता है और इच्छाएं पूर्ण होती हैं।

### आम के मंजर आने से सड़क हुआ गुलजार



**बिरनी।** ऋतुओं का राजा बसंत के आगमन के साथ ही जहां अधिकांश पेड़ों के पत्ते झड़ने लगते हैं, वहीं नये पत्तों व फूलों का सृजन भी शुरू हो जाता है. इसी कड़ी में गांव से लेकर शहर तक आम के मंजर वासंतिक 'बयार की फिजा को सबसे ज्यादा रंगीन व मोहक बनाते हैं. बसंत के आगमन के साथ आम के पेड़ों में मंजर के साथ 'वासंतिक बयार बहने लगी है. आम के मंजर न केवल मनमोहक लगते हैं, 'वरन इनमें अपार औषधीय गुण भी हैं. जिले के विभिन्न क्षेत्र में आम के पेड़ में लगे मंजर से किसानों को इस 'बार आम की अच्छी फसल की उम्मीद है. आम के गुणों पर चर्चा करते हुए होड़ोपैथी पद्धति से जड़ी-बूटियों पर शोध कर रहे वनरक्षी बिष्णु किस्कू की मानें तो आम के फल, बीज व छाल तक में औषधीय गुण हैं. आम आयुर्वेदिक व होड़ोपैथिक पद्धति से कई बीमारियों का इलाज करता है. गर्मी में लू लगने पर कच्चे आम के शरबत लाभदायक होते हैं. इसके अलावा अम्ल-विकार, कंठ दोष, सफेद प्रदर में आम के फल, गुदा व गुठली से बनी दवा लाभदायक होती है. कान दर्द में आम के मंजर को अरंडी के तेल में पकाकर कान में एक-दो बूंद डालने से 'कर्णशूल ठीक हो जाता है.

## आर्मी का फर्जी चीफ इंजीनियर बनकर नौकरी दिलाने वाले गिरोह का खुलासा, 4 गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** आर्मी में फर्जी चीफ इंजीनियर बनकर लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर देशभर में ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है. एसएसपी किशोर कौशल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के मास्टरमाइंड समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में बोकारो के आदर्श नगर निवासी मनीष कुमार उर्फ अभय कुमार, दीपराज कुमार भट्टाचार्य उर्फ सोनू, आसनसोल निवासी दिनेश कुमार और मंतोष कुमार महाली शामिल है. पुलिस ने आरोपियों के पास से भारतीय सेना के दो फर्जी आईडी कार्ड, आर्मी का स्टांप, एक बिना नंबर की कार, टॉय गन और आर्मी के फर्जी ज्वाइनिंग लेटर बरामद किए हैं. गुरुवार को एसएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी. एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला बिष्टुपुर थाने में दर्ज हुआ था. पुलिस ने जब इस पर जांच शुरू की तो कुछ संदिग्ध फोन नंबर मिले, जिनके जरिए मुख्य आरोपी मनीष कुमार तक पहुंचा गया.

### उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग के संचालित योजनाओं की समीक्षा की

# पदाधिकारी को ससमय स्थल भ्रमण करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उपायुक्त ने बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आंगनबाड़ी केंद्र भवन की भौतिक स्थिति, पोषण अभियान अंतर्गत पोषण ट्रैकर ऐप में लाभुकों का आधार सत्यापन, टी.एच.आर. के वास्तविक लाभुक एवं पोषण ट्रैकर ऐप में प्रविष्टि में अंतर, आंगनबाड़ी केंद्रों में टी.एच.आर. वितरण की स्थिति, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका की रिक्ति की स्थिति, राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना की स्थिति, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिकाओं के मानदेय/अतिरिक्त मानदेय भुगतान की स्थिति, पोषाहार मद में प्राप्त आवंटन एवं व्यय की स्थिति, मिशन वात्सल्य योजना आदि के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त नैंसी सहाय ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में बेहतर व प्रशंसनीय कार्य करने पर बधाई दी। तत्पश्चात उपायुक्त ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को समय-समय पर सेंटर विजिट करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सेंटर विजिट कर वहां कि व्यवस्था, रखरखाव, शौचालय, पानी, बिजली आदि की स्थिति का रिपोर्ट करना सुनिश्चित करें।

### पंचायत सचिवालय में बैठक आयोजित कर जीपीडीपी विकास योजनाओं पर की चर्चा



**गांडेय , गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के रसनजोरी पंचायत सचिवालय में गुरूवार को मुखिया शीतल कुमारी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में विभिन्न सरकारी योजनाओं को पंचायत स्तर पर लागू करने और प्राथमिकता देने पर चर्चा की गई। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत रोजगार सृजन। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए पक्के मकान।जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल आपूर्ति करना स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण को प्राथमिकता देने पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायत ग्राम स्तर पर सड़क, बिजली एवं अन्य बुनियादी ढांचा सुधार से जुड़ी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। पंचायत में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने आंगनवाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण और कृषि सिंचाई योजनाओं को भी प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी आवश्यकताओं और सुझावों को रखा जिनके आधार पर योजनाओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि सभी विकास कार्यों को सरकार के दिशा निदेर्शों और बजट के अनुसार क्रियान्वित किया जाएगा। मौके पर उपस्थित रोजगार सेवक चंदन कुमार सिंह,पंचायत समिति सदस्य रकीब अंसारी, उपमुखिया पति संजय पुजहर, भागीरथ मंडल,वार्ड सदस्य समसूल अंसारी, राजेन्द्र रविदास, मनभरन राना, डिलो मंडल, दिनेश मंडल, शत्रुघ्न मंडल, अजीत सिंह, बबलू मंडल,केलाश दास,डिसी सिंह, गुड्डू सिंह, विरेन्द्र सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### पतरातू ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 50 सोलर स्वचालित जल मीनार का होगा अधिष्ठापन

**रामगढ़।** आगामी गर्मी के मौसम के मद्देनजर ग्रामीण सहित अन्य क्षेत्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर पीवीयूएनएल द्वारा जिला प्रशासन रामगढ़ को सीएसआर के तहत 1 करोड़ 76 लख रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई है। पीवीयूएनएल के अधिकारियों द्वारा गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार को समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में 1 करोड़ 76 लख रुपए की राशि का चेक सौंपा गया। मौके पर उपायुक्त के द्वारा पीवीवीएनएल द्वारा किए गए इस पहल की सराहना की गई। पीवीयूएनएल द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि से रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 50 सोलर स्वचालित जल मीनारों का अधिष्ठापन कराया जाएगा वहीं सोलर स्वचालित जल मीनार अधिष्ठापन का कार्य पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ के द्वारा कराया जाएगा।

### जंगल मेला में ग्रामीणों को पेड़ों की रक्षा के प्रति किया जागरूक

**जादूगोड़ा।** घने जंगलों के बीच बसे पोटका प्रखंड के हितबासा गांव में जंगल मेला का आयोजन किया गया. पर्यावरण चेतना केंद्र बड़ा सिकदी के निदेशक सिदेश्वर सरदार व हरीश भूमिज की अगुवाई में आयोजित इस मेले में ग्रामीणों को पेड़ों व वनों की रक्षा के प्रति जागरूक किया गया. सदेश्वर सरदार ने ग्रामीणों से कहा कि वन अधिकार समिति बनाकर सामूहिक पट्टा लेकर जंगल का संरक्षण व संवर्द्धन किया जा सकता है. जंगल बचेगा तभी उन्हें 28 किस्म की साग, बीमार लोगों के इलाज के लिए जड़ी-बूटी व उनकी जीविका बचेगी.

# मानव तस्करी गिरोह के 3 पुरुष और एक महिला गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता। जामुआ** मानव तस्करी करने वाले गिरोह का उद्भेदन पुलिस कप्तान के निर्देश पर खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा गठित टीम पर जमुआ पुलिस ने तस्करी में शामिल तीन पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है . इस बाबत जमुआ थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर एसडीपीओ राजेन्द्र प्रसाद ने बताया किपुलिस कप्तान को सूचना मिली कि गिरिडीह और कोडरमा से देह व्यापार के लिए मानव तस्करी कर राजस्थान भेजा जा रहा है. पुलिस कप्तान के निर्देश पर एसडीपीओ ने गठित टीम में रोहित महतो पुलिस निरीक्षक, मणिकांत कुमार जमुआ थाना प्रभारी, धर्मेंद्र अग्रवाल हीरोडीह थाना प्रभारी, ओम प्रकाश थाना प्रभारी डोमचांच, सअनि वेदप्रकाश पांडेय जमुआ, जोधन महतो तकनीकी शाखा के अलावे पुलिस बल जमुआ शामिल थे. विभिन्न स्थानों से गरीब एवं असहाय तबके की लड़कियों/महिलाओं को देह-व्यापार हेतु बहला-फुसलाकर एवं झासा देकर तस्करी कर धोखा से राजस्थान ले जाकर बेचा जा रहा है। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा श्री राजेन्द्र प्रसाद, अनु० पु० पदा०, खोरीमहुडा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर तकनीकी सहयोग से सुनियोजित ढंग से तत्वरित कारवाई करते हुए मानव तस्करी में संलिप्त गिरोह में शामिल व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया एवं उनसे पुछ-ताछ के क्रममें सभी शामिल व्यक्तियों द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया है.इस संबंध में वादी मुकेश कुमार उम्र करीब 30 वर्ष पिता सुखदेव दास ग्राम-कठवारा, थाना-पीरटांड, जिला-गिरिडीह दिये गये आवेदन के आधार पर जमुआ थाना कांड सं०-38/2025 बीएनएस .23.02.2025 धारा-142/143 (1) (2) (3)/ 318(2)/03 (5) इठर 2023 दर्ज किया गया है. अभियुक्तों के अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर बेचे गई पीड़िता भुति देवी को बरामद किया गया है.

### कस्तूरबा बालिका विद्यालय सुंदरनगर में शौचालय का हुआ उद्घाटन

**जादूगोड़ा।** कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय सुंदरनगर में नवनिर्मित शौचालय का बुधवार को उद्घाटन हुआ. इस शौचालक का निर्माण यूसिल के तुरामडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट ने अपने सीएसआर फंड से किया है. निर्माण पर 12 लाख रुपए लागत आई है. स्कूल परिसर में बुधवार का आयोजित समारोह में यूसिल के सीएसआर को-ऑर्डिनेटर जितेश कुमार, प्रबंधक गिरीश गुप्ता, सिविल अधिकारी डीपी सिंह तथा स्कूल की प्रचार्य रीना कुमारी ने शौचालय भवन का उद्घाटन किया. प्रचार्य रीना कुमारी ने यूसिल की पहल की सराहना की. उन्होंने कहा यूसिल वर्ष 2012 से स्कूल की बच्चियों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करता रहा है. प्रचार्या ने कहा कि फंड की कमी बच्चियों की पढ़ाई में बाधक बन रही है. इस पर कंपनी प्रबंधन के अधिकारियों ने हर संभव मदद का भरोसा जताया. इससे पूर्व प्रचार्य रीना कुमारी ने यूसिल के सीएसआर को-ऑर्डिनेटर जितेश कुमार व प्रबन्धक गिरीश गुप्ता को खूबसूरत पेंटिग भेंट कर सम्मानित किया. यह पेंटिंग स्कूल की बच्चियों ने तैयार किया था.

### चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस मना



**रामगढ़।** प्राथमिक विद्यालय छोटकी लारी में गुरुवार को चंद्रशेखर आजाद का 94वां शहादत दिवस मनाया गया। इस मौके पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन धारण कर श्रृद्धांजलि दी गई। मौके पर सेवानिवृत्त प्राचार्य पुन्नु राम नायक ने उनकी जीवनी और बलिदान की कहानी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कहा कि चंद्रशेखर आजाद एक होनहार, निडर, कट्टर राष्ट्रभक्त व विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। वे 15 वर्ष की उम्र में ही आजादी की लड़ाई में सक्रिय रूप से भाग लेने लगे तथा साढ़े चौबीस वर्ष की उम्र में ही देश के लिए शहीद हो गए। कहा सभी

### सशस्त्र सीमा बल ने निःशुल्क पोल्ट्री फार्मिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की

# कुल 50 प्रशिक्षुओं को सिखाए जाएंगे पोल्ट्री फार्मिंग के गुर



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** 35वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत उनके कार्यक्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को एसएसबी के ई समवाय तिसरी और डी समवाय नारोटांड द्वारा 7 दिवसीय निःशुल्क पोल्ट्री फार्मिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई । जिसमें तिसरी में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन निरीक्षक पार्था घोष की अध्यक्षता मे किया गया। इसमें चंदौरी और कठकोको गांव के 20 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। जबकि नारोटांड में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन निरीक्षक सामान्य राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इसमें चरकी, बलबली, छोटकी लतभेदवा और गंजवा पेसरा गांव के 30 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। बताया गया कि अगले 7 दिनों तक प्रशिक्षुओं को रामा फाउंडेशन के प्रशिक्षक रवि कुमार के द्वारा पोल्ट्री फार्मिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा। मौके पर गडकुरा मुखिया इब्राहिम मिंया,कठकोको वॉर्ड मेंबर सुषमा देवी, सवेरा फाउंडेशन की सुखमती मरांडी, नारो टांड की वार्ड सदस्या कंचन देवी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। बताते चलें कि एसएसबी द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन किए जाते रहते हैं। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग इससे लाभान्वित हों और उनके समक्ष रोजगार के नए साधन उपलब्ध हों।

**RAMGARH NAGAR PARISHAD**

**Procurement Notice**

**NITNo.:NIT/RGH/NP/24/24-25**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Project | SELECTION OF FIRM/ AGENCIES FOR REGISTRATION, COLLECTION, RENEWAL AND MONITORING OF ADVERTISEMENT TAX/FEE UNDER MUNICIPAL AREA OF RAMGARH NAGAR PARISHADIN JHARKHAND |
| 2. | Estimated Cost | OpenTender |
| 3. | EMD(InINR) | EMD–₹ 1,00,00.00 |
| 4. | Time of Completion | Asmentioned inTimelineinRFP |
| 5. | Date of Start of Submission of Bids | 28/02/2025,11:00hours |
| 6. | Last Date/Time for submission of bids | 15/03/2025 upto 17:00 hours |
| 7. | Date of Technical Bid Opening | 17/03/2025 at 11:00 hours |
| 8. | PPT | 17/03/2025 at 13:00 hours |
| 9. | Date offinancial bid opening | 18/03/2025 |
| 10. | Bid submission address | OFFICE OF RAMGARH NAGAR PARISHAD |
| 11. | Helpline no. | 6553295014, 9835901896, |

**Date: 25/02/2025**

Further detail scan be seen on website https://udhd.jharkhand.gov.in

Sd/-
Administrator
Nagar Parishad Ramgarh

PR 347330 District(24-25).D

# सुप्रभात

**विचार प्रवाह**

प्रभु से यह कहना कि हमें कुछ चाहिए अनुचित नहीं है, किंतु यह और अधिक विश्वास दर्शाता है यदि हम केवल इतना ही कहें परमपिता! मैं जानता हूँ कि आपको मेरी हर आवश्यकता का पहले से ही पता है। अपनी इच्छानुसार आप मेरा निर्वाह करें। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### महाकुंभ विशाल आयोजन बड़ी सीख

महाकुंभ में जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन का कोई दूसरा उदाहरण नहीं। इस ऐतिहासिक आयोजन के आयोजन और कमियों पर राजनीति अब होगी ही। टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महाकुंभ को मृत्युकुंभ कहा तो सपा सांसद जया बच्चन एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुंभ। सोशल मीडिया में ऐसे एवं कुछ अन्य विपक्षी नेताओं के भ्रामक, त्रासद एवं गुमराह करने वाले बयानों से वहां जाने वाले लोगों को भयभीत, आतंकित और आशंकित किया गया। इन विपक्षी नेताओं का एक वर्ग, धर्म का मखौल एवं उपहास उड़ाते हुए लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती हैं। यह समझ आता है कि कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका टिप्पणी कर सकते हैं? प्रयागराज महाकुंभ 2001, इस सहस्राब्दी का पहला कुंभ था, जो एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते 144 साल बाद हुआ है। जिसमें लगभग 62 करोड़ से अधिक लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार एवं ऐतिहासिक व्यवस्थाएं करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने न केवल देश बल्कि दुनिया को चौंकाया है। यह दुनिया का पहला विशाल आयोजन है, जिससे भारत एवं सनातन धर्म का गर्व एवं गौरव दुनिया में बढ़ा है। मध्यप्रदेश के छतरपुर में बागेश्वर धाम मेडिकल एवं साइंस रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ का उल्लेख करते हुए जिस तरह कुछ विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा, उसकी आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि कुछ लोग वास्तव में अनावश्यक और अनर्गल टीका-टिप्पणी करने में लगे हुए हैं। पुरानी कहावत है, मियाँ को न पाऊँ तो बीवी को नोच खाऊँ वाली स्थिति विपक्षी नेताओं एवं दलों की हो चुकी है। इसे छिद्रान्वेषी मानसिकता ही कहा जाएगा। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, अनर्गल, उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक आलोचना से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। विपक्षी नेता अपने नजरिए को बदलें और देश में नफरत और झूठ की राजनीति करके भ्रम फैलाने की ओछी राजनीतिक हरकतों से बाज आएं। विपक्ष जिस भाषा का प्रयोग कर रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देती। विपक्षी नेताओं ने सारी हदें लांघते हुए जो तुलनाएँ की, जो अनर्गल प्रलाप किया है वह निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। प्रतीत होता है हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है।कुछ विपक्षी नेताओं ने चुन-चुनकर इस आयोजन की समस्याओं को गिनाने में अतिरिक्त दिलचस्पी दिखाई और इस क्रम में वहां मची भगदड़ का जिक्र करते हुए यहां तक कहा कि उसमें हजारों लोगों की मृत्यु हुई है। यह गैरजिम्मेदारी, मानसिक दिवालियापन एवं अपरिपक्व सोच के अतिरिक्त और कुछ नहीं।

*ऐतिहासिक आयोजन के आयोजन और कमियों पर राजनीति अब होगी ही।*

# एकता का महाकुंभ, युग परिवर्तन की आहट



महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है। बीते 45 दिन, प्रतिदिन, मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं। संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार, लगातार बढ़ता ही रहा। हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था- संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी। प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है।

पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े...और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए। मैं वो तस्वीरें भूल नहीं सकता...स्नान के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वो चेहरे नहीं भूल सकता। महिलाएं हों, बुजुर्ग हों, हमारे दिव्यांग जन हों, जिससे जो बन पड़ा, वो साधन करके संगम तक पहुंचा। और मेरे लिए ये देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। इससे ये विश्वास दृढ़ होता है कि भारत की युवा पीढ़ी हमारे संस्कार और संस्कृति की वाहक है और इसे आगे ले जाने का दायित्व समझती है और इसे लेकर संकल्पित भी है, समर्पित भी है।

इस महाकुंभ में प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या ने निश्चित तौर पर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। लेकिन इस महाकुंभ में हमने ये भी देखा कि जो प्रयाग नहीं पहुंच पाए, वो भी इस आयोजन से भाव-विभोर होकर जुड़े। कुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गए, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ स्नान जैसा ही पुण्य दिया। कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वो अविस्मरणीय है। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई-कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है। प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे। इसकी एक वजह ये भी थी कि प्रशासन ने भी पुराने कुंभ के अनुभवों को देखते हुए ही अंदाजा लगाया था। लेकिन अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया, डुबकी लगाई।

**आज की बात**



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

आध्यात्मिक क्षेत्र में रिसर्च करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मैं मानता हूं, ये युग परिवर्तन की वो आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है। साथियों, महाकुंभ की इस परंपरा से, हजारों वर्षों से भारत की राष्ट्रीय चेतना को बल मिलता रहा है। हर पूर्णकुंभ में समाज की उस समय की परिस्थितियों पर ऋषियों-मुनियों, विद्वत् जनों द्वारा 45 दिनों तक मंथन होता था। इस मंथन में देश को, समाज को नए दिशा-निर्देश मिलते थे।

इसके बाद हर 6 वर्ष में अर्धकुंभ में परिस्थितियों और दिशा-निर्देशों की समीक्षा होती थी। 12 पूर्णकुंभ होते-होते, यानि 144 साल के अंतराल पर जो दिशा-निर्देश, जो परंपराएं पुरानी पड़ चुकी होती थीं, उन्हें त्याग दिया जाता था, आधुनिकता को स्वीकार किया जाता था और युगानुकूल परिवर्तन करके नए सिरे से नई परंपराओं को गढ़ा जाता था। 144 वर्षों के बाद होने वाले महाकुंभ में ऋषियों-मुनियों द्वारा, उस समय-काल और परिस्थितियों को देखते हुए नए संदेश भी दिए जाते थे। अब इस बार 144 वर्षों के बाद पड़े इस तरह के पूर्ण महाकुंभ ने भी हमें भारत की विकासयात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है। ये संदेश है- विकसित भारत का।

जिस तरह एकता के महाकुंभ में हर श्रद्धालु, चाहे वो गरीब हों या संपन्न हों, बाल हो या वृद्ध हो, देश से आया हो या विदेश से आया हो, गांव का हो या शहर का हो, पूर्व से हो या पश्चिम से हो, उत्तर से हो दक्षिण से हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी विचारधारा का हो, सब एक महायज्ञ के लिए एकता के महाकुंभ में एक हो गए। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का ये चिर स्मरणीय दृश्य, करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास के साक्षात्कार का महापर्व बन गया। अब इसी तरह हमें एक होकर विकसित भारत के महायज्ञ के लिए जुट जाना है। साथियों, आज मुझे वो प्रसंग भी याद आ रहा है जब बालक रूप में श्रीकृष्ण ने माता यशोदा को अपने मुख में ब्रह्मांड के दर्शन कराए थे। वैसे ही इस महाकुंभ में भारतवासियों ने और विश्व ने भारत के सामर्थ्य के विराट स्वरूप के दर्शन किए हैं। हमें अब इसी आत्मविश्वास से एक निष्ठ होकर, विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आगे बढ़ना है।

भारत की ये एक ऐसी शक्ति है, जिसके बारे में भक्ति आंदोलन में हमारे संतों ने राष्ट्र के हर कोने में अलख जगाई थी। विवेकानंद हों या श्री ऑरोबिंदो हों, हर किसी ने हमें इसके बारे में जागरूक किया था। इसकी अनुभूति गांधी जी ने भी आजादी के आंदोलन के समय की थी। आजादी के बाद भारत की इस शक्ति के विराट स्वरूप को यदि हमने जाना होता, और इस शक्ति को सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की ओर मोड़ा होता, तो ये गुलामी के प्रभावों से बाहर निकलते भारत की बहुत बड़ी शक्ति बन जाती। लेकिन हम तब ये नहीं कर पाए। अब मुझे संतोष है, खुशी है कि जनता जनार्दन की यही शक्ति, विकसित भारत के लिए एकजुट हो रही है। वेद से विवेकानंद तक और उपनिषद से उपग्रह तक, भारत की महान परंपराओं ने इस राष्ट्र को गढ़ा है। मेरी कामना है, एक नागरिक के नाते, अनन्य भक्ति भाव से, अपने पूर्वजों का, हमारे ऋषियों-मुनियों का पुण्य स्मरण करते हुए, एकता के महाकुंभ से हम नई प्रेरणा लेते हुए, नए संकल्पों को साथ लेकर चलें।

## बिहार की सत्ता किसका आहार बनेगी?

शीर्षक चौंकाने वाला जरूर है लेकिन है हकीकत के ठीक करीब। दरअसल अगली छमाही में होने वाले विधानसभा चुनाव के जरिये सत्ता हथियाने के लिए सबसे ज्यादा भाजपा लालायित है। भाजपा अब गबरू जवान पार्टी है। पूरे 45 में चल रही है और बिहार की सत्ता का स्वाद उसे अभी तक नहीं मिला है ,मिला भी है तो पूरा नहीं मिला। बिहार से कांग्रेस को भी सत्ता से हटे कोई 34 साल हो चले हैं ,लेकिन कांग्रेस ने भाजपा की तरह बिहार की सत्ता के अपहरण की कोई कोशिश अब तक नहीं की है। बिहार में चुनाव से ठीक पहले जेडीयू-भाजपा गठबंधन की सरकार के अंतिम मंत्रिमडलीय फेरबदल ने साफ़ कर दिया है कि आगे क्या होने वाला है? नीतीश कुमार मंत्रिमंडल के अंतिम फेरबदल में 7 नए मंत्री शामिल किये गए,लेकिन इनमें नीतीश बाबू की अपनी पार्टी का एक भी सदस्य नहीं है। जाहिर है कि नीतीश बाबू एक असहाय मुख्यमंत्री हैं और उन्हें भाजपा के इशारों पर कठपुतली नृत्य करना पड़ रहा है। इस समय नीतीश बाबू की स्थिति सांप-छछूंदर जैसी हो गयी है। वे न भाजपा का साथ छोड़ सकते हैं और न साथ रह सकते हैं, क्योंकि साथ रहने में जेडीयू के हर सदस्य का दम घुट रहा है। साफ़ दिखाई दे रहा है कि भाजपा नीतीश बाबू को बिहार का एकनाथ शिंदे बनाने जा रही है ,लेकिन क्या नीतीश बाबू इतनी आसानी से अपनी कुर्बानी दे देंगे, इसमें मुझे और मेरे जैसे तमाम लोगों को संदेह है। आपको याद होगा कि नितीश बाबू जेपी आंदोलन की पैदाइश हैं। वे पहली बार 3 मार्च 2000 को मुख्यमंत्री बने थे किन्तु केवल 7 दिन के लिए। उन्हें दोबारा मुख्यमंत्री बनने के लिए 3 साल 360 दिन की लम्बी प्रतीक्षा करना पड़ी थी। दूसरी बार नीतीश बाबू 8 साल 177 दिन तक मुख्य मंत्री रह पाए लेकिन उनकी बैशखियाँ बदलती रहीं। उन्हें 20 मई 2014 को 278 दिन के लिए अपना सिंघासन जीतन राम माझी को सौंपना पड़ा ,लेकिन सत्ता के बिना एक पल न रह पाने वाले नीयतीश बाबू शांत नहीं बैठे और 22 फरवरी 2015 को दोबारा मुख्यमंत्री बन गए। तब से अब तक दस साल तो निकल चुके हैं ,लेकिन अब उनका सत्ता में बने रहना संदिग्ध दिखाई दे रहा है। बिहार के लिए नीतीश बाबू एक जरूरत हैं या एक मजबूरी, ये तय कर पाना मुश्किल है ,क्योंकि वे इतनी करवटें बदलते हैं कि उन्हें कोई पल्टूराम कहता है तो कोई गिरगिट। 2025 में प्रस्तावित बिहार विधानसभा के चुनाव से ठीक पहले नीतीश बाबू एक और करवट नहीं लेंगे, इसकी कोई गारंटी नहीं है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**देश की बात**



**राकेश अचल**

# अमेरिका फर्स्ट या धन फर्स्ट?

**नागरिकता का सौदा: अमेरिका की आत्मा दांव पर**

अमेरिका, जो युगों से समता, स्वाधीनता और संभावनाओं का पावन तीर्थ रहा है, आज एक ऐसे संकटमय दोराहे पर खड़ा है, जहां उसके मूलभूत मूल्य और आदर्श संदेह के कटघरे में हैं। डोनाल्ड ट्रंप की यह नई रणनीति-जिसमें 50 लाख डॉलर के निवेश के बदले विदेशी धन-कुबेरों को नागरिकता का स्वर्णिम पासपोर्ट थमाया जा रहा है-महज एक आर्थिक कदम नहीं, बल्कि उस सामाजिक ढांचे पर करारा आघात है, जो अमेरिका की आत्मा का आधार रहा है। यह नीति आर्थिक उन्नति और विदेशी धन को लुभाने का हथियार प्रतीत हो सकती है, पर यह असमानता की खाई को और गहरा रही है-जहां धनाढयों के लिए नागरिकता एक चमकता पुरस्कार बन गई है, वहीं मेहनतकश जन का अमेरिकी सपना कुहासे में और अधिक गुम हो गया है। ईबी-5 वीज़ा, जो कभी 5 लाख डॉलर के निवेश पर टिका था, अब 50 लाख डॉलर की ऊंची छलांग लगा चुका है। यह परिवर्तन चीख-चीखकर घोषणा करता है कि अमेरिकी नीति अब परिश्रम और प्रतिभा को ताक पर रखकर धन-संपदा को सर्वोच्च आसन पर बिठा रही है। विदेशी पूंजी से अर्थव्यवस्था में उफान आएगा, रोजगार के नए द्वार खुलेंगे, और बाजार की नींव मजबूत होगी-यह सच है। मगर असली सवाल यह है कि इसकी मलाई कौन चखेगा? क्या यह योजना अमेरिकी नागरिकों और प्रवासियों के बीच असमानता की नई खाई नहीं खोद देगी? वे मेहनतकश लोग, जो वर्षों से कानूनी जंजालों में उलझे नागरिकता के सपने संजोए बैठे हैं, क्या अब खुद को और अधिक किनारे पर न पाएंगे? यह योजना नागरिकता के मूलभूत आदर्शों को भी ललकार रही है। क्या नागरिकता अब महज एक कागजी सौदेबाजी बनकर रह जाएगी, या वह देश के साथ गहरे सांस्कृतिक और भावनात्मक रिश्ते की मूरत बनी रहेगी? अमेरिका का अब तक का पैगाम यही रहा है कि यहां कोई भी अपने खून-पसीने से शिखर छू सकता है। किंतु अब यह संदेश कुहासे में घुल रहा है-अगर तुम्हारे पास धन का ढेर है, तो स्वागत है; वरना दरवाजा बंद है। यह परिवर्तन न सिर्फ अमेरिका की चौहद्दी में असर डालेगा, बल्कि विश्व मंच पर भी गूंजेगा। यदि अमेरिका ने नागरिकता को पूंजी की कसौटी पर तौलना शुरू किया, तो अन्य देश भी इस राह के राही बन सकते हैं। इसका परिणाम होगा-दुनिया का निर्धन वर्ग अवसरों से और दूर छिटक जाएगा, और वैश्विक आर्थिक खाई और गहरी हो जाएगी। ट्रंप का यह कदम उनके राजनीतिक एजेंडे से भी जुड़ा है। 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति, जो पहले आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन से जुड़ी थी, अब एक नए रूप में सामने आई है-जहां देश की पहचान को धन के तराजू में तौला जा रहा है। उनके समर्थक इसे साहसिक कदम कह सकते हैं, लेकिन आलोचकों का मानना है कि यह नीति प्रवासियों के लिए एक स्पष्ट नकारात्मक संकेत है। लाखों लोग, जो अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर अमेरिकी नागरिक बनने का सपना देखते हैं, अब महसूस करेंगे कि उनके लिए दरवाजे बंद हो रहे हैं। यह नीति सामाजिक और राजनीतिक संग्राम को और भड़का सकती है। जब नागरिकता की बोली लगने लगेगी, तो क्या यह संदेश नहीं गूंजेगा कि राष्ट्र केवल धन कुबेरों का गढ़ है? क्या यह अमेरिका के मूल सिद्धांतों पर करारा प्रहार नहीं करेगा? यह नीति अमेरिका की वैश्विक छवि को भी धूमिल कर सकती है। अब तक अमेरिका को विविधता, समता और अवसरों की पावन भूमि माना जाता रहा है, किंतु यह परिवर्तन उसके प्राणतत्व को ही विकृत कर सकता है। नागरिकता का मोल महज एक पासपोर्ट या कानूनी हक तक सीमित नहीं होता; यह तो एक व्यक्ति और राष्ट्र के बीच गहन बंधन व उसके समर्पण का प्रतीक है। ट्रंप की यह योजना उस पवित्र भाव को कुचल रही है, जिसने अमेरिका को महानता के शिखर पर पहुंचाया। यदि नागरिकता धन के बल पर हासिल होने लगे, तो मेहनतकश प्रवासियों के खून-पसीने से लिखे योगदान का क्या मोल रह जाएगा? क्या केवल धनाढ्य ही उस देश की आत्मा को थाम सकते हैं? शायद नहीं-यह सच कड़वा है, पर निर्विवाद है। अमेरिका के इस साहसिक कदम का प्रभाव न केवल उसकी अर्थव्यवस्था की चहारदीवारी तक सीमित रहेगा, बल्कि यह विश्व भर में प्रवास, नागरिकता और अवसरों की अवधारणा को भी आमूल-चूल परिवर्तित कर सकता है। यह नीति अल्पकालिक आर्थिक उन्नति का झोंका तो ला सकती है, किंतु सामाजिक संतुलन और अमेरिका के मूलभूत आदर्शों पर इसका क्या प्रहार होगा, यह एक गहन चिंतन और विमर्श का प्रश्न है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**आपकी बात**



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

लोग जगे हैं रात, दिन , सोता है इंसान।
जमुहाई लेते दिखें, हैं, दर्शन, विज्ञान।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# मानव जीवन में विज्ञान की बढ़ती भूमिका

**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी) पर विशेष**

मानव जीवन को विज्ञान ने काफी आसान और सुविधाजनक बना दिया है। विज्ञान के प्रति युवाओं की कितनी रुचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रुचि जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। दरअसल, इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सीवी रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक की स्मृति में मनाया जाता है। सर सीवी रमन भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में पहले ऐसे भारतीय थे, जिन्होंने भारत में ऐसे आविष्कार पर शोध किया था।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से 'रमन प्रभाव' (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सीवी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी। उनके लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। 'रमन प्रभाव' की खोज के लिए उन्हें अनेक दूसरे पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात् भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि 'मेरे जैसे न जाने कितने रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा।' वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतरराष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में 'रमन प्रभाव' को नामित किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। 2025 के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम है 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना।' राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है, इसके अलावा वैज्ञानिक सोच रखने वाले लोगों को अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका अहम उद्देश्य है। विज्ञान के विकास के लिए नई तकनीकों को लागू कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने जैसे उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में निहित हैं। विज्ञान के जरिये ही वैज्ञानिकों ने नई-नई तरह की तकनीकों का आविष्कार किया है और वैज्ञानिकों ने इन खोजों के जरिये मानव जीवन को निरंतर बेहतर बनाया है। इसी विज्ञान के जरिये हम रोबोट, कम्प्यूटर इत्यादि बनाने में सफलता प्राप्त करने के अलावा अंतरिक्ष तक में पहुंच गए हैं। असंभव दिखने वाले कार्यों को भी विज्ञान की मदद से ही संभव बनाते रहे हैं। विज्ञान की मदद से ही बनाई गई प्रतिदिन बहुत सारी तकनीकों और वस्तुओं का इस्तेमाल हम अपने दैनिक क्रियाकलापों में करते हैं। ऐसे में हम सभी के लिए हमारे जीवन में विज्ञान के महत्व को समझना जरूरी है। हमारा समाज 21वीं सदी में जिस प्रकार अंधविश्वासों के साये में जीता है, ऐसे में विज्ञान की महत्ता समझते हुए समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करते हुए इन अंधविश्वासों के निर्मूलन की जिम्मेदार हम सबकी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**अलग बात**



**योगेश कुमार गोयल**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



## इतने लोगों ने किया भोले बाबा के दर्शन

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 फरवरी | 6,21,307 | 16 फरवरी | 6,81,792 |
| 10 फरवरी | 6,12,980 | 17 फरवरी | 7,04,349 |
| 11 फरवरी | 7,19,225 | 19 फरवरी | 6,29,991 |
| 12 फरवरी | 7,78,697 | 20 फरवरी | 6,11,029 |
| 13 फरवरी | 8,26,194 | 22 फरवरी | 6,34,736 |
| 14 फरवरी | 7,32,476 | 23 फरवरी | 6,96,658 |
| 15 फरवरी | 6,39,465 | 26 फरवरी | 11,69,553 |

# महाशिवरात्रि पर 11.69 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन...

**वाराणसी (आईएएनएस)**

महाशिवरात्रि पर 11.69 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के चरणों में हाजिरी लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन ने दर्शनार्थियों को सुरक्षा, सुविधा और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए थे। वहीं, काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन की देखरेख में श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की समुचित व्यवस्था की गई थी। महाशिवरात्रि पर प्रातः काल से ही मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का रेला लग गया था। सभी ने बाबा के दर्शन कर श्रद्धा से जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर काशी में जनसमुद्र उमड़ा रहा। वहां अभी भी श्रद्धालुओं का निरंतर आना जारी है।

महाशिवरात्रि पर भी काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का आना निरंतर जारी रहा। भीड़ का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सुबह तक ही लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर लिए थे। जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया, श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती गई। महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार को भगवान शिव की नगरी काशी में योगी सरकार ने श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराकर इस अवसर को और भी भव्य बना दिया। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम और गंगा घाटों पर हुई इस पुष्पवर्षा ने श्रद्धालुओं को आनंदित कर दिया। योगी सरकार ने धार्मिक आस्था को सम्मान देने की परंपरा को कायम रखते हुए इस महत्वपूर्ण पर्व पर भी पुष्पवर्षा की व्यवस्था की। पुष्पवर्षा के बीच श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर पहुंच गया।

फरवरी मास में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं का काशी विश्वनाथ धाम में निरंतर आना होता रहा। इनमें से कई तिथियों पर छह लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए। अन्य तिथियों में भी चार से पांच लाख श्रद्धालुओं का बाबा के धाम में आना जारी रहा। जबकि, श्रद्धालुओं का काशी और विश्वनाथ धाम में आना निरंतर जारी है।

## महाकुंभ संपन्न होने के बाद प्रयागराज पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव...



**प्रयागराज** । संगम नगरी प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान के साथ संपन्न हो गया है। महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया, जो एक बड़ी उपलब्धि है। इस बीच, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव गुरुवार सुबह प्रयागराज जंक्शन पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। महाकुंभ के दौरान रेलवे ने देशभर से कई स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया। इस दौरान रेलवे की ओर से प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिसके चलते करोड़ों श्रद्धालु अपने गंतव्य स्थान पर सुरक्षित पहुंच पाए। रेलवे की इस उपलब्धि के मद्देनजर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज रेलवे स्टेशन का दौरा कर यहां तैनात लोगों से मुलाकात की और महाकुंभ के दौरान किए गए कामों के लिए उनकी सराहना भी की। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि महाकुंभ के दौरान रेलवे प्रशासन, सीआरपी और जीआरपी ने सभी विभागों में अच्छा काम किया है। मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने एकजुट होकर मेहनत की। ये महाकुंभ हमारी आस्था और एकता का प्रतीक है।

## मां गंगा की पूजा-अर्चना कर योगी ने संगम तट पर प्रारंभ किया स्वच्छता अभियान



**महाकुंभ नगर** । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार सुबह महाकुंभ 2025 की औपचारिक पूर्णाहुति के लिए प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ नगर के अरैल घाट पर सफाईकर्मियों के साथ मिलकर सफाई की और गंगा तट पर मंत्रियों के साथ श्रमदान किया। वहीं, जल में मौजूद छोड़े गए वस्त्रों को निकालकर महाकुंभ के उपरांत पूरे मेला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए अभियान का शुभारंभ किया।

सीएम योगी ने स्वच्छता अभियान से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की। उन्होंने पोस्ट में लिखा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं प्रतिबद्ध स्वच्छता दूतों की सतत सेवा से स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित महाकुंभ-2025 प्रयागराज की परिकल्पना सिद्ध हुई है। आज प्रयागराज के अरैल घाट पर स्वच्छता अभियान में अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ सहभाग किया। महाकुंभ-2025, प्रयागराज के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी महानुभावों का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन।''

## 'काहिरा-काठमांडू का वीडियो दिखाकर महाकुंभ को बदनाम किया गया', विपक्ष पर बरसे सीएम योगी

**महाकुंभ नगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ-2025 के समापन के बाद विपक्ष पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ को बदनाम करने के लिए विरोधियों ने दुष्प्रचार का कोई मौका नहीं छोड़ा। कोई काहिरा की तो कोई काठमांडू की घटना का वीडियो दिखाकर प्रयागराज को बदनाम करता रहा। सीएम योगी ने कहा कि आस्था का इतना विशाल समागम दुनिया के अंदर कभी नहीं हुआ। 66 करोड़ 30 लाख श्रद्धालु किसी आयोजन का हिस्सा बने और कोई अपहरण की घटना नहीं, कोई लूट की घटना नहीं, कोई छेड़छाड़, कोई दुष्कर्म की घटना नहीं, कोई भी ऐसी घटना नहीं, जिसके बारे में कोई सवाल उठा सके। दूरबीन लगाकर, माइक्रोस्कोप लगाकर भी ऐसी घटना को ढूंढा नहीं जा सकता। हालांकि, फिर भी विरोधियों ने दुष्प्रचार का कोई मौका नहीं छोड़ा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिनको आस्था का यह समागम अच्छा नहीं लगा, उन्होंने कोई मौका नहीं छोड़ा। मौनी अमावस्या के दिन 8 करोड़ श्रद्धालु यहां पर थे, हमारी प्राथमिकता थी कि इन श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कर उनके गंतव्य की ओर प्रस्थान कराया जाए। लेकिन, विरोधी लगातार दुष्प्रचार कर रहे थे, बदनाम कर रहे थे। उनकी भाषा अपमानित करने वाली थी। कोई काहिरा की तो कोई काठमांडू की घटना का दृश्य दिखाकर प्रयागराज को बदनाम कर रहा था। पहले की सरकारों ने भारत की आस्था का सम्मान नहीं किया। उन्होंने महाकुंभ के माध्यम से अर्थव्यवस्था में आई मजबूती का भी जिक्र किया।



# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## बालों में जूड़ा के अंदर शिवलिंग रखकर ताजमहल के अंदर ले गई?

- **मेहमानखाने की ओर शिवलिंग रखकर महाकुंभ से लाए गंगाजल से अभिषेक और पूजा की**

**संवाददाता**

**लखनऊ।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मीरा राठौर ने महाशिवरात्रि के दिन ताजमहल की सुरक्षा में फिर से सेंध लगाते हुए बालों में जूड़ा बनाकर इसके अंदर शिवलिंग रखकर ताजमहल के अंदर ले गईं। उन्होंने दावा किया कि बुधवार सुबह 10 बजे प्रवेश करने के बाद मेहमानखाने की ओर शिवलिंग रखकर महाकुंभ से लाए गंगाजल से अभिषेक और पूजा की। अन्य पदाधिकारियों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला। मीरा राठौर ने जलाभिषेक के बाद कहा कि ताजमहल को गंगाजल से शुद्ध करने के लिए आई हूं। जूड़े में बांधकर शिवलिंग और पूजा का सामान लाई थी। ताजमहल के वरिष्ठ संरक्षण सहायक प्रिंस वाजपेयी का कहना है कि जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया वीडियो पुराना लग रहा है। सीसीटीवी रिकॉर्डिंग में वीडियो बुधवार का नहीं मिला है। मीरा राठौर के फोन की जांच से खुलासा हो सकता है। वहीं, मीरा राठौर ने कहा कि एएसआई और सीआईएसएफ झूठ बोल रहे हैं। हर बार वह हमारे पूजा करने पर पल्ला झाड़ लेते हैं। यह बुधवार का ही वीडियो है। शिवरात्रि पर ही उन्होंने पूजा की है। किसी अन्य दिन पूजा का कोई औचित्य नहीं था। पूरे दिन पुलिस या किसी सुरक्षा एजेंसी ने उनसे कोई संपर्क नहीं किया। मालूम हो कि ताजमहल में शिवलिंग, प्रतिमा या अन्य कोई धार्मिक प्रतीक चिह्न ले जाने पर रोक है। ताज के अंदर धूपबत्ती, अगरबत्ती, माचिस, शिवलिंग आदि ले जाने से सीआईएसएफ की सुरक्षा पर सवाल खड़े हुए हैं। ताजमहल के दोनों गेट पूर्वी और पश्चिमी पर फिलहाल डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर से जांच होती है। महिलाओं के बैग के लिए स्कैनर लगे हैं, लेकिन जूड़े में बांधकर शिवलिंग ले जाने के बाद बॉडी स्कैनर की जरूरत बताई जा रही है। ताज में जो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, वह फेस रिकग्निशन सिस्टम से लैस हैं। मीरा राठौर बार बार ताज में सावन और शिवरात्रि पर पूजा करने पहुंच रही हैं, लेकिन सीसीटीवी में उनकी पहचान नहीं हो पाई। ताज के बाहर येलो जोन में भी सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, पर पुलिस मीरा राठौर के ताज पर पहुंचने की जांच भी नहीं कर पाई।

### बंगाल : सीएम ममता बनर्जी का आरोप

## 'वोटर लिस्ट में हेराफेरी के लिए सक्रिय हुईं दो ऑनलाइन एजेंसियां'

**कोलकाता (आईएएनएस)**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को दावा किया कि भाजपा ने राज्य की मतदाता सूची में हेराफेरी के लिए दो ऑनलाइन एजेंसियों की नियुक्ति की है, जो यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय हो गई हैं कि दूसरे राज्यों के मतदाता 2026 के बंगाल विधानसभा चुनावों में मतदान कर सकें।

मुख्यमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस की एक बैठक में कहा, "जहां तक मुझे जानकारी मिली है, इस उद्देश्य के लिए दो एजेंसियों, एसोसिएशन ऑफ ब्रिलियंट माइंड्स और कंपनी इंडिया 360, को नियुक्त किया गया है। इन एजेंसियों ने डेटा एंट्री ऑपरेटरों से संपर्क किया। उन्होंने कुछ गलत ब्लॉक-स्तरीय रिटर्निंग अधिकारियों के साथ मिलकर ऐसा किया। वे दूसरे राज्यों के मतदाताओं के नामों को पश्चिम बंगाल के मतदाताओं के ईपीआईसी नंबर से जोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने हरियाणा, गुजरात, बिहार, पंजाब और राजस्थान जैसे दूसरे राज्यों के मतदाताओं के कुछ खास उदाहरण देखे हैं। उन्होंने दावा किया, "सबसे ज्यादा ऐसे मतदाता हरियाणा और गुजरात से हैं। उन्होंने भी कहा कि दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में चुनाव से पहले भी यही गड़बड़ी की गई थी, जिससे भाजपा को वहां जीत हासिल करने में मदद मिली।

मुख्यमंत्री ने कहा, "वहां अन्य पार्टियां इस चाल को नहीं पकड़ पाईं। लेकिन बंगाल में हम इस चाल को पहले ही पहचान लेने में सक्षम हैं, इसलिए हम यहां इस साजिश को कभी सफल नहीं होने देंगे।

## 'महिला सुरक्षा को लेकर उठाए जाएंगे सख्त कदम': चित्रा वाघ

### पुणे बस रेप मामला

**मुंबई (आईएएनएस)।** महाराष्ट्र की भाजपा एमएलसी चित्रा वाघ ने पुणे के स्वर्गेट डिपो में एक बस के अंदर 26 वर्षीय युवती से बलात्कार की घटना को बेहद शर्मनाक और दुखद बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य की महायुति सरकार इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत है। चित्रा वाघ ने बताया कि परिवहन मंत्री ने घटना के बाद 23 सुरक्षाकर्मियों को निलंबित किया है। घटना के तुरंत बाद एक आपात बैठक बुलाई गई थी, जिसमें यह चर्चा हुई कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है। वाघ ने कहा कि महिला सुरक्षा पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है और इसके लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

## आरा–बक्सर हाइवे पर ट्रक ऑटो टक्कर में 4 की मौत

**पटना।** आरा–बक्सर हाइवे पर शाहपुर फौजी पेट्रोल पंप के पास आज सुबह करीब पांच बजे ट्रक और ऑटो की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में 12 से अधिक श्रद्धालु घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों में तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं। मृतकों में वैशाली जिले के फतेहपुर थाना राघोपुर नौका पट्टी निवासी मनोज महतो का 13 वर्षीय पुत्र अजित कुमार, वैशाली जिले के गंगावृज थाना के छवासिया गांव निवासी शिवनंदन महतो की पत्नी सुहाग देवी, उत्तम कुमार की पत्नी सुहाग्ना देवी और स्वर्गीय मोहन महतो की पत्नी सिरतिया देवी शामिल हैं।

## युवक को लाठी से पीटने के मामले में पुलिसकर्मी निलंबित

**कटिहार।** पुलिस द्वारा एक युवक को लाठी से पीटने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने सख्त कार्रवाई की है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि दो अन्य पुलिस कर्मी को एक वर्ष के लिए कर्तव्य से वंचित कर दिया है।पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को बताया कि उक्त प्रकरण में शामिल पोठिया थाना के पुलिस पदाधिकारी सअनि केदार प्रसाद यादव एवं महिला सिपाही प्रीति कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है तथा गृहरक्षक सिकेन्दर राय एवं राजकिशोर महतो को एक वर्ष के लिए कर्तव्य से वंचित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने पोठिया थानाध्यक्ष को पुलिस वाहन चालक बमबम कुमार एवं दोषी पुलिसकर्मियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कारवाई करने का आदेश दिया है।

# संभल का हर्बल गुलाल, यूपी से लेकर तमिलनाडु तक है इसकी धाक

**संभल (आईएएनएस)**



संभल का हर्बल गुलाल महीनों की मेहनत का प्रतिफल है। देश के सात राज्यों में इसकी काफी डिमांड रहती है। इस बार भी ऐसा ही है। हाथरस के बाद इस जिले ने अपना खास मुकाम बनाया है। यूपी, उत्तराखंड, हरियाणा, तमिलनाडु, दिल्ली, पंजाब सहित 7 राज्यों के लोग भीनी खुशबू और खालिस प्राकृतिक रंगों में डूबे गुलाल का इंतजार करते हैं। संभल में बनने वाला गुलाल पूरी तरह से हर्बल है। इसे बनाने में प्राकृतिक फूलों और फलों की खुशबू का उपयोग किया जाता है। गुलाल को महकदार बनाने के लिए कन्नौज से इत्र का एसेंस मंगाया जाता है, जिससे उसकी गुणवत्ता बनी रहती है और यह त्वचा को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता। गुलाल में फूलों की खुशबू जैसे जैस्मीन, मोगरा, गुलाब, लैवेंडर और फलों की खुशबू जैसे आम, पपीता, स्ट्रॉबेरी, केला आदि का मिश्रण किया जाता है। इस गुलाल को खुशबू के हिसाब से विभिन्न नाम भी दिए जाते हैं।

कई महीने पहले से गुलाल की तैयारियां शुरू कर दी जाती हैं। खालिस देसी प्रोडक्ट्स मिलाए जाते हैं, ऐसे जो त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचाते। यहां अमूमन गुलाल मक्का के आटे से तैयार किया जाता है, जिसे बाद में विभिन्न रंगों और खुशबू में डुबोया जाता है। फिर धूप में सुखाया जाता है। महीनों की मेहनत के बाद यह गुलाल तैयार होता है, जिसका मनभावन रंग और खुशबू भी लोगों को आकर्षित करती है।

गुप्ता कलर कंपनी पिछले 45 साल से देश भर में हर्बल रंग बिखेर रही है। इसके मालिक हर्ष गुप्ता ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बताया कि वर्षों से उनके ही नहीं, संभल के अन्य ट्रेडर्स के रंगों से देश खेल रहा है। विगत 7 साल से इसमें गजब का उछाल आया है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल, असम शामिल हैं। इस बार होली पर कुछ नए गुलाल बनाए गए हैं, जिन्हें खरीदार बहुत पसंद भी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे गुलाल पूरी तरह से ऑर्गेनिक होते हैं। पहले 7-8 रंग थे, लेकिन इस बार हम 15 रंग के गुलाल बना रहे हैं। इनमें मोगरा, जैस्मीन, जूही और अन्य फूलों की खुशबू मिलाई गई है। मिंट गुलाल को खूब पसंद किया जा रहा है। मथुरा में गुलाल का उपयोग एक महीने पहले ही शुरू हो जाता है, और वहां भी हमारे गुलाल अपना रंग जमा रहे हैं।







# ओडिशा एफसी अपनी प्लेऑफ उम्मीदों को कायम रखने के लिए मोहम्मडन एससी से भिड़ेगी

**भुवनेश्वर(आईएएनएस)।** ओडिशा एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में अपनी प्लेऑफ उम्मीदों को कायम रखने के लिए शुक्रवार को शाम 7:30 बजे यहां कलिंगा स्टेडियम में मोहम्मडन एससी से भिड़ेगी। मेजबान टीम को अपने पिछले पांच मैचों में दो हार और दो ड्रा का सामना करना पड़ा है, जिससे शीर्ष-6 में जगह बनाने का उनका अभियान डगमगाया है। ओडिशा एफसी 22 मैचों में सात जीत, आठ ड्रा और सात हार से 29 अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर है। वो छठे स्थान पर मौजूद आइलैंडर्स (21 मैचों 32) से तीन अंक पीछे है। जगरनॉट्स को ईस्ट बंगाल एफसी (22 मैचों में 27 अंक) और केरला ब्लास्टर्स एफसी (21 मैचों में 24 अंक) से भी कड़ी टक्कर मिल रही है। वहीं, मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने अपने पिछले सभी पांच मैच हारे हैं और वो 21 मैचों में दो जीत, पांच ड्रा और 14 हार से 11 अंक लेकर 13 टीमों की अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है।

**● जगरनॉट्स का घरेलू फॉर्म**

**अपराजित क्रम:** ओडिशा एफसी आईएसएल में अपने पिछले तीन घरेलू मैचों (1 जीत, 2 ड्रा) में अपराजित है।

गोल की जरूरत: ओडिशा एफसी अपने पिछले मुकाबले में गोल नहीं कर पाई थी, जिससे वो मैरिनर्स से 0-1 से हार गई थी।

**● सेट-पीस पर निर्भर मोहम्मडन स्पोर्टिंग**

**सकारात्मक परिणाम की आवश्यकता:** आगामी मैच गंवाते हुए मोहम्मडन एससी आईएसएल इतिहास में सबसे ज्यादा लगातार हारने का सिलसिला बनाने वाली टीम बन जाएगी।

**सेट-पीस पर निर्भरता:** इस सीजन में मोहम्मडन एससी के 70% गोल (10 में से 7) सेट-पीस से आए हैं, जो सबसे अधिक दर है। वहीं, ओडिशा एफसी ने सेट-पीस के जरिये केवल 26% गोल खाए हैं।

**● आमने-सामने**

आईएसएल में दोनों टीमों के बीच खेला गया एकमात्र मुकाबला ड्रा रहा है।

**● कोच कॉर्नर**

जगरनॉट्स के स्पेनिश हेड कोच सर्जियो लोबेरा ने कहा कि उनकी टीम शीर्ष छह में जगह बनाने के लिए अंत तक संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा, बतौर टीम, हमे आत्मविश्वास के साथ अंत तक संघर्ष करते रहना होगा और उम्मीद है कि हम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाएंगे। हम अपने फैंस के चेहरों पर खुशी लाना चाहते हैं। ब्लैक एंड व्हाइट ब्रिगेड के भारतीय सहायक कोच मेहराजुद्दीन वाडू ने कहा कि मोहम्मडन स्पोर्टिंग आगामी मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, हम ओडिशा एफसी के खिलाफ मैच के लिए पिछले कुछ दिनों से अच्छी तैयारी कर रहे हैं। हमारा हालिया प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है, लेकिन हम अपना बेस्ट देने की कोशिश करेंगे। यह मुकाबला हम जीतना चाहते हैं।




मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने अपने पिछले सभी पांच मैच हारे हैं और वो 21 मैचों में दो जीत, पांच ड्रा और 14 हार से 11 अंक लेकर 13 टीमों की अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है।

रावलपिंडी में बारिश के कारण रद्द हुआ मैच

# बिना जीत के समाप्त हुआ पाकिस्तान और बांग्लादेश का मैच



**रावलपिंडी(आईएएनएस)।** पाकिस्तान और बांग्लादेश ने गुरुवार को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में बारिश के कारण अपने अंतिम ग्रुप ए मैच के रद्द होने के बाद 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के अपने अभियान को बिना जीत के समाप्त कर दिया है। बारिश के कारण मैच रद्द होने से अब दोनों टीमों को एक-एक अंक मिलेगा।

भारत और न्यूजीलैंड के सेमीफाइनल में प्रवेश करने के बाद टूर्नामेंट के मेजबान और गत विजेता पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों ही आठ टीमों की प्रतियोगिता से पहले ही बाहर हो चुके थे, जिससे यह मुकाबला परिणाम के लिहाज से बस एक औपचारिकता रह गया था। अब बारिश के कारण मैच रद्द होने के साथ, यह रावलपिंडी में दक्षिण अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी मैच के बाद बारिश के कारण रद्द होने वाला दूसरा मैच बन गया है। पिछले 24 घंटों से रावलपिंडी में बूंदाबांदी हो रही है, जिसका मतलब है कि गुरुवार के मैच पर हमेशा बारिश का डर बना रहता है। मैदानी अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक और माइकल गॉफ द्वारा आधिकारिक निरीक्षण का समय दोपहर 2:30 बजे (भारतीय समयानुसार) निर्धारित किया गया था, लेकिन लगातार बारिश के कारण ऐसा नहीं हो सका और टॉस आधिकारिक तौर पर विलंबित हो गया। लेकिन शाम 4:00 बजे (भारतीय समयानुसार) बारिश ने अंतिम फैसला सुनाया और बिना कोई गेंद फेंके मैच को आधिकारिक तौर पर रद्द कर दिया गया, जिसमें दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। पाकिस्तान और बांग्लादेश गुरुवार के मैच में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी से सकारात्मक नोट पर विदा लेने की उम्मीद के साथ उतरे थे।

## हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और यह हमारे लिए निराशाजनक है : रिजवान

**रावलपिंडी(आईएएनएस)।** 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान का आखिरी मैच रावलपिंडी क्रिकेट ग्राउंड पर बांग्लादेश के खिलाफ बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद, कप्तान मोहम्मद रिजवान ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, जिससे वे निराश हैं। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के मेजबान और गत विजेता पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड से 60 रन से हारकर टूर्नामेंट की बेहद खराब शुरूआत की और फिर दुबई में उसे भारत से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिससे वे सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गए।



पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच एक-एक अंक बंटने के बाद रिजवान ने प्रसारकों से कहा, हम अपने देश के सामने अच्छा प्रदर्शन करना चाहते थे। उम्मीदें बहुत अधिक थीं। हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और यह हमारे लिए निराशाजनक था। आप अपनी गलतियों से सीख सकते हैं। हमने पिछले कुछ मैचों में गलतियां की हैं। उम्मीद है कि हम इनसे सीख सकते हैं। रिजवान ने कहा, हम अब न्यूजीलैंड जा रहे हैं और उम्मीद है कि हम वहां अच्छा प्रदर्शन करेंगे और पाकिस्तान में न्यूजीलैंड के खिलाफ हमने जो गलतियां की हैं, हम उनसे सीख सकते हैं। और हम न्यूजीलैंड में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।हम सभी बहुत निराश हैं। हम सभी देश के लिए यहां हैं।

# बटलर भविष्य की कप्तानी के बारे में 'सभी संभावनाओं' पर विचार करेंगे

**लाहौर (आईएएनएस)।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से जल्दी बाहर होने के बाद उनकी टीम की व्हाइट-बॉल लीडरशिप जांच के दायरे में आएगी और उन्होंने कहा कि उन्हें अपने कप्तानी भविष्य के बारे में सभी संभावनाओं पर विचार करने की आवश्यकता है। बुधवार शाम को अफगानिस्तान से आठ रन से हारने के बाद, इंग्लैंड आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गया। यह लगातार दूसरा पुरुष वनडे टूर्नामेंट है, जिसमें वे शीर्ष चार में पहुंचने से चूक गए हैं। बटलर को आईसीसी ने उद्धृत किया, परिणाम वैसे नहीं हैं, जैसे होने चाहिए, और मुझे व्यक्तिगत रूप से सभी संभावनाओं पर विचार करने की आवश्यकता है। हमें एक टीम के रूप में, व्हाइट-बॉल प्रारूपों में इंग्लैंड क्रिकेट को जिस स्थिति में होना चाहिए, उसे वापस लाने की आवश्यकता है। और मुझे लगता है कि मुझे व्यक्तिगत रूप से यह पता लगाना होगा कि मैं समस्या का हिस्सा हूं या समाधान का?

जबकि बटलर ने पुष्टि की कि वह आने वाले दिनों में कप्तान के रूप में अपने भविष्य पर विचार करेंगे, इंग्लैंड शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी अभियान का समापन करेगा, जो सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करना चाहता है। मैं व्यक्तिगत रूप से यह पता लगाने के लिए थोड़ा समय लूंगा कि मुझे क्या सही लगता है। मैं अभी कोई भावनात्मक निर्णय नहीं लेने जा रहा हूं। आप शायद पहले व्यक्ति नहीं हैं जिनके साथ मैं इस पर चर्चा करूंगा । परिणाम कठिन होते हैं, और कई बार वे भारी पड़ते हैं। और, जाहिर है, आप एक विजेता टीम का नेतृत्व करना चाहते हैं, और हम पिछले कुछ समय से ऐसा नहीं कर रहे हैं, इसलिए जाहिर है कि इससे कुछ मुश्किल क्षण आते हैं। वेस्ट इंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप ने भी इस भावना को दोहराया कि इंग्लैंड के नेतृत्व की समीक्षा की जा सकती है।



# वाणी कपूर ने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर का चौथा चरण जीता

**मुंबई(हि.स.)।** अनुभवी गोल्फर वाणी कपूर ने बॉम्बे प्रेसीडेंसी गोल्फ क्लब लिमिटेड में खेले गए हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के चौथे चरण का खिताब अपने नाम कर लिया है। वाणी ने निर्णायक बैक नाइन पर शानदार प्रदर्शन करते हुए 15वें होल पर अहम बर्डी लगाकर यह जीत हासिल की। यह 2025 में उनकी पहली जीत है, जबकि इससे पहले उन्होंने 2024 सीजन के 12वें चरण में डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खिताब जीता था। 31 वर्षीय वाणी ने 11वें और 13वें होल में बोगी कर दी थी, जिससे वे दो एमेच्योर गोल्फरों झ सानवी सोमू और अनुराधा चौधरी झ से पीछे हो गईं। तीनों खिलाड़ी अंतिम ग्रुप में खेल रही थीं, लेकिन 15वें होल पर वाणी की बर्डी और अनुराधा की बोगी ने स्कोर में बदलाव कर दिया। अनुराधा, जो एक शॉट की बढ़त पर थीं, बोगी के बाद पिछड़ गईं।

सानवी, जो पहले चार बार उपविजेता रह चुकी हैं, ने 15वें होल में बोगी कर दी और फिर 17वें और 18वें होल पर और शॉट गंवा दिए। वहीं, वाणी ने पार खेलते हुए 1-अंडर 69 का स्कोर बनाया और कुल 1-ओवर 211 के स्कोर के



साथ खिताब जीत लिया। अनुराधा 2-ओवर के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सानवी 3-ओवर पर आ गईं और स्नेहा सिंह (66) तथा रिधिमा दिलावरी (67) के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहीं।

**अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन**

वाणी ने पहले दो होल में बर्डी लगाई, लेकिन उसके बाद आठ होल तक पार खेला। 11वें और 13वें होल की बोगी के बावजूद, 15वें होल की बर्डी ने उन्हें विजयी बना दिया। अनुराधा ने बर्डी और बोगी का संतुलन बनाए रखा, लेकिन उनकी बोगी महंगी साबित हुई। स्नेहा सिंह ने 66 के साथ बोगी फ्री राउंड खेला, जबकि रिधिमा ने चार बर्डी और एक बोगी के साथ 67 का स्कोर बनाया। सानवी ने तीन बर्डी और पांच बोगी कीं, जिनमें से तीन आखिरी चार होल में आईं, जिससे उन्हें जीत से हाथ धोना पड़ा।

लावण्या जादोन (71), श्वेता मानसिंह (70), शौकिया मन्नत बरार (72) और जैस्मीन शेखर (75) छठे से नौवें स्थान पर रहीं। वहीं, 2024 हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट विजेता हिताशी बख्शी (75), शौकिया कीर्तन राजीव (73) और खुशी खानिजौ (71) संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर रहीं। अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में गौरिका बिश्नोई (77) टी-13वें, सहर अटवाल (80) टी-16वें, अमनदीप द्राल (75) टी-18वें और नेहा त्रिपाठी (77) टी-21वें स्थान पर रहीं।

**ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष स्थान बरकरार**

स्नेहा सिंह, जो पहले चरण में संयुक्त पांचवें स्थान पर थीं और अगले दो चरण जीत चुकी थीं, इस सप्ताह तीसरे स्थान पर रहीं। इसके बावजूद, वह 5,76,900 रुपये की कमाई के साथ हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर बनी हुई हैं। वाणी कपूर 4,54,000 रुपये के साथ दूसरे स्थान पर और जैस्मीन शेखर 3,26,500 रुपये के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

# आईटीएफ जे200 थाईलैंड: अर्जुन राठी सेमीफाइनल में पहुंचे

**मोहाली(हि.स.)।** राउंडग्लास टेनिस अकादमी के युवा टेनिस खिलाड़ी अर्जुन राठी ने इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) जूनियर्स वर्ल्ड टेनिस टूर जे200 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह टूनार्मेंट नोंथाबुरी, थाईलैंड में खेला जा रहा है। अर्जुन ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के आरोन गाबेट को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया। 17 वर्षीय अर्जुन अब सेमीफाइनल में रूस के साव्वा राइबकिन से भिड़ेंगे। विश्व जूनियर रैंकिंग में 103वें स्थान पर अर्जुन ने सेमीफाइनल तक पहुंचने के दौरान दो उच्च वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हराकर बड़ा उलटफेर किया है। दूसरे दौर में उन्होंने तीसरी वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 37वें स्थान पर काबिज रूस के इवान लुटकिन को 5-7, 7-6, 6-3 से मात दी। तीसरे दौर में अर्जुन ने चीन के 15वीं वरीयता प्राप्त और 87वीं रैंकिंग वाले फूमिन जियांग को 6-4, 0-6, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।



# आज अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया में होगा वर्चुअल क्वार्टर फाइनल

**लाहौर(आईएएनएस)।** अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया शुक्रवार को लाहौर में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में वर्चुअल क्वार्टर फाइनल में आमने-सामने होंगे, जिसमें दोनों टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए होड़ करेंगी।दांव इससे ज्यादा नहीं हो सकता। कराची में इंग्लैंड-दक्षिण अफ्रीका मैच के नतीजे के इंतजार में ग्रुप बी के इस मुकाबले में हारने वाली टीम के बाहर होने की संभावना है। हालांकि, किसी भी टीम की जीत सेमीफाइनल में जगह पक्की कर देगी, जहां उनका सामना भारत या न्यूजीलैंड से होगा। कई सालों से अफगानिस्तान को विश्व क्रिकेट में उभरती ताकत माना जाता रहा है, लेकिन पिछले कुछ सालों में उनके प्रदर्शन ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि अब उन्हें महज डार्क हॉर्स के तौर पर नहीं देखा जाता। बुधवार रात इंग्लैंड पर उनकी शानदार जीत ने उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी में अपने पहले सेमीफाइनल के करीब पहुंचा दिया है। शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाला मुकाबला वैश्विक मंच पर अपनी साख दिखाने का एक और मौका होगा।

पिछले साल टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत से उनका आत्मविश्वास बढ़ा होगा, जहां उन्होंने पांच बार के विश्व चैंपियन पर अपनी पहली जीत हासिल की थी। उस जीत के साथ-साथ बांग्लादेश पर एक और महत्वपूर्ण जीत ने ऑस्ट्रेलिया को टूनार्मेंट से बाहर कर दिया और संकेत दिया कि अफगानिस्तान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक गंभीर दावेदार के रूप में उभरा है। अफगानिस्तान की बल्लेबाजी की अगुआई एक बार फिर इब्राहिम जादरान करेंगे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार 177 रन की पारी खेली जो अब चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है।



**अफगानिस्तान:** रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अजमतुल्ला उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, राशिद खान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक, इकराम अलीखिल, नांगेयालिया खारोटे, नवीद जादरान।

**ऑस्ट्रेलिया:** मैथ्यू शॉर्ट, ट्रैविस हेड, स्टीवन स्मिथ (कप्तान), मार्नस लाबुशेन, जोश इंगलिस (विकेट कीपर), एलेक्स कैरी, ग्लेन मैक्सवेल, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, एडम जम्पा, स्पेंसर जॉनसन, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, सीन एबॉट, तनवीर संघा।

## आईपीएल 2025 : दिल्ली कैपिटल्स के मेंटॉर बने केविन पीटरसन

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को आईपीएल 2025 के लिए दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का मेंटॉर बनाया गया है। 44 साल के पीटरसन मुख्य कोच हेमंग बदानी, सहायक कोच मैथ्यू मॉट, गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल और क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव के साथ मिलकर काम करेंगे। अभी डीसी को कप्तान की घोषणा करनी बाकी है। यह पीटरसन का आईपीएल में पहला कोचिंग असाइनमेंट होगा। वह अंतिम बार 2016 में इस लीग में खेले थे। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक बेहतरीन मौका है और मैं टीम से जुड़ने और लड़कों के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। पीटरसन ने 2014 में दिल्ली फ्रेंचाइजी की 14 मैचों में कप्तानी की थी। हालांकि उस साल टीम सिर्फ दो मैच जीतकर अंक तालिका में सबसे नीचे आई थी। इस दौरान उनकी टीम के सहमालिक और जीएमआर समूह के प्रमुख किरण कुमार ग्रांधी से अच्छे व्यक्तिगत रिश्ते बन गए। पिछले साल सितंबर में पीटरसन ने हैंपशायर काउंटी क्लब और जीएमआर समूह की एक डील होने में मदद की थी। पीटरसन ने कहा, आईपीएल में दिल्ली फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व करने की अच्छी यादें मेरे पास हैं। मैंने 2012 सीजन के दौरान वेणु के साथ मैच भी खेला है। तो उनसे जुड़कर और फ्रेंचाइजी के साथ नया अध्याय शुरू करके मुझे अच्छा लग रहा है।





# संयुक्त छापेमारी अभियान में भारी मात्रा में बेश कीमती लकड़ी जब्त

- जब्त लड़कियों में 13 पीस बना बनाया हुआ चौपहल, व एक पीस 10/6 का बोटा का नाम शामिल है जिसकी कीमत लगभग 70000 रुपए बताई गई

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनियां।** चिनियां पुलिस और चिनियां वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के बेता गांव के एक खलिहान के पुवाल में छिपा कर रखा हुआ भारी मात्रा में सखुआ के बेश कीमती लकड़ी को जब्त किया है। जब्त लड़कियों में 13 पीस बना बनाया हुआ चौपहल, व एक पीस 10/6 का बोटा का नाम शामिल है जिसकी कीमत लगभग 70000 रुपए बताई गई ।जानकारी देते हुए प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया की सूचना मिली थी की लकड़ी माफिया अवैध रूप से जंगलों की कटाई कर बड़ी खेप में लकडीयों को अन्यत्र कहीं ले जाकर उसे बेचने की फिराक में है । सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर तथा चिनियां पुलिस प्रशासन के सहयोग से छापेमारी अभियान चला कर बेता गांव से लकड़ी की बड़ी खेप को मौके से जब्त कर चिनीया बन परिसर लाया गया है, अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि लगातार सूचनाए मिल रही थी की लकड़ी माफिया आवैव तरीके से चिनीया के जंगलों से लकड़ी काटकर उसे अन्यत्र कहीं ले जाकर तस्करी करने वाले है।

सूचना के आलोक में छापेमारी अभियान चलाकर लककियों को जब्त किया गया हैं, साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी तरीके का अवैध कारोबार को फलने फूलने नहीं दिया जाएगा। छापामारी अभियान में चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार, प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार, प्रेमचंद दास, विपिन मेहता, घनश्याम प्रसाद, हेमंत तिर्की सहित चिनियाऊ पुलिस बल का नाम शामिल है।

# लूटकांड कांड की घटना के उदभेदन से हफ्ते बाद लौटी बाजार की रौनक

- हैदरनगर बाजार के व्यवसायिक प्रतिष्ठान खुलने से चहल पहल

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** गत एक सप्ताह से दहशत के साये में रह रहे व्यवसायियों ने गुरुवार को खुलकर बाजार में आये हैं। बीते एक माह में कई अपराधिक घटनाओं के बाद बाजारों में उपभोक्ताओं की चहलकदमी थम सा गया था। इन मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर पलामू जिले के विभिन्न हिस्सों से पांच अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। साथ ही राहगीरों से बाइक आदि व सीएसपी से आई फोन के साथ घटना में प्रयुक्त आर्म्स सहित अपराधियों के पहने गये वस्त्र भी बरामद कर ली है। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अजय जयसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, महेन्द्र रजवार, उपमुखिया पवन कुमार आदि ने पलामू पुलिस की इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक रिस्मा रमेश्न, हुसैनाबाद के एसडीपीओ एस मो. याकूब, हैदरनगर के प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ल, पुअनि अफजल अंसारी सहित छापेमारी टीम के समस्त पुलिस पदाधिकारी व जवानों के प्रति आभार जताया है। उन्होंने स्थानीय व्यवसायियों से अपने प्रतिष्ठान निर्भिकता से खोलने व किसी भी घटना की सूचना तत्काल व सहयोग पुलिस प्रशासन को देने का आग्रह किया है।

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त ने मुकुंदपुर मुखिया मूंगा साह को किया सम्मानित



**केतार।** झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा गढ़वा में जिला स्तरी मुखिया सम्मेलन कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर केतार प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह को उपायुक्त शेखर जमुआर ने उत्कृष्ट मुखिया सम्मान भेंट कर सम्मानित किया। उपायुक्त ने मुखिया द्वारा पंचायत क्षेत्र में किए गये कार्यों की प्रशंसा किया। मुखिया मूंगा साह ने कहा की अपने पंचायत क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र और बेहतर कार्य करूंगा। पंचायत क्षेत्र के ऐसे जो बच्चे जो अभी तक स्कूल से दुरी बनाएं है उन्हें विद्यालय से जोड़ने का प्रयास करूंगा। महिना के 28 तारीख को कैंप लगाकर शिक्षा संबंधी समीक्षा बैठक होगी। मुखिया ने कहा की गांव के विकास के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी वो पंचायत को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

### डीसी से पीएम आवास की राशि का भुगतान कराने की निवर्तमान पार्षदों ने मांग की

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद के निवर्तमान वार्ड पार्षदों ने हुसैनाबाद कैंप डिसी को लिखित शिकायत पत्र देकर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों की लंबित राशि का भुगतान कराने की मांग की है। डिसी को दिये गए पत्र में कहा गया है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद में प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि वर्ष 2016-17, 2017-18, 2018-19, 2019-2020 तक के लाभुकों का किश्त अभी तक लंबित रखा गया है, जबकि इसके लिए प्रत्येक वार्ड के संबंधित लाभुक लगातार कार्यालय में जाकर अपने किश्त की लंबित राशि के भुगतान के लिए गुहार लगाते रहे है। परन्तु कभी भी संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई। इस संबंध में हम सभी निर्वतमान वार्ड पार्षदगण लगातार मौखिक एवं अथवा अपने कार्यालय में बोर्ड की बैठक में या अपने पत्र द्वारा भुगतान करने का आग्रह भी करते रहे है। इसके बावजूद इस पर गंभीरता से नहीं लिया गया। जिसके कारण अधुरा भवन रहने से लाभुकों को काफी परेशानी हो रही हैं। डिसी पलामू से गंभीरता पूर्वक त्वरित कार्रवाई करते हुए भुगतान कराने का आदेश देने की मांग की है। ताकि गरीब असहाय लाभुकों को उनका लंबित भुगतान मिल सकें। इसके लिए प्रभावित लाभुक अपका सदा आभारी रहेगें। आवेदन देने वाले निवर्तमान वार्ड पार्षदों में मुख्य रूप से राजेन्द्र पाल, नजीर अहमद,मधु अग्रवाल, लालती देवी, सुहैल आलम, अर्जुन प्रसाद गुप्ता के अलावा कई पार्षद मौजूद थे।

### पंडा नदी सुखने से किसानों को परेशानी



**केतार।** केतार प्रखंड की लाइफ लाइन पांडा नदी फरवरी माह में ही सुख गई है। कभी सदाबह रहने वाली पंडा नदी के सूखने से सबसे ज्यादा परेशानी पशु पक्षियों और नदी किनारे बसे गांव के किसानों को है। नदी किनारे बसे गांव खोनहर , बलिगढ़, केतार,मुकुन्दपुर, बेलाबार,सिंहपुर, ताली, परसोडीह, हुरका गांव के किसान खेत की सिंचाई पंडा नदी से ही करते हैं।लेकिन पंडा नदी का पानी सूख जाने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा। गेहूं का फसल का पटवन तो किसी तरह किसान कर रहे हैं लेकिन गेहूं की फसल के बाद मूंग, उर्दू व साग-सब्जी का खेती का पटवन कैसे करेंगे इसकी चिंता सताने लगी। नदी सुखने से गांवों में चापनाल और कुआं का जलस्तर भी कम होने लगा है। अप्रैल-मई माह में कुआं और चापानल भी सुखने की संभावना ग्रामीणों द्वारा व्यक्त किया जा रहा है।

### आजादी के बाद से अभी तक पकी सड़क निर्माण नहीं होने से गांव के लोग है परेशान



**धुरकी।** धुरकी प्रखंड अंतर्गत गनियारी कला पंचायत के करवा पहाड़ गांव में आजादी के बाद से अभी तक पकी सड़क निर्माण नहीं होने से गांव के लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग को बीमारी शादी विवाह में तथा प्रखंड मुख्यालय आने जाने व हर काम के लिए जाने आने मे वहीं इस गांव से होकर श्री बंशीधर नगर अनुमडल मुख्यालय भी टाटीदीरी पंचायत तथा भंडार पंचायत और फाटपानी,गनियारी आदि जगहों के लोग गुजरते हैं ग्रामीण राजेंद्र चौधरी ,दशरथ गोंड, राजेश कोरवा, विजय कोरवा ,शिवकुमार भुइयां ,विश्वनाथ भुइयां ,मंसाय गोंड, अयोध्या विश्वकर्मा, संतोष पटेल, बिमलेश चौधरी, सुनील चौधरी ,अनिल चौधरी, उर्तिमा देवी, स्करौती देवी ,जयप्रकाश कोरवा आदि लोगों ने बताया की सड़क बहुत ही जरूरी है पर आजादी के बाद अभी तक हमलोगो को पिच रोड़ देख ने का नसीब नहीं हुआ है। खास कर किसी भी बहन बेटी को गर्भ अवस्था में या फिर हॉस्पिटल जाते समय बहुत ही परेशानी होती है हम लोग रोज मरे के सामग्री लेने जाने में दुर्घटना का भी डर बना रहता है कई लोग दुर्घटना के शिकार भी हुए हैं ग्रामीणों ने फिलहाल मिट्टी मोरम के लिये भी प्रशासन से गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर अभी कुछ विकल्प से यह सड़क बनता तो अच्छा था सड़क इतना जर्जर हो गया है कि साईकिल और मोटरसाइकिल से चलने में भी डर लगता है।

## लातेहार पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# राहुल गिरोह के 4 अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

- एक देशी पिस्तौल 7.62एमएम, एक मैगजीन 7.62 एमएम का चार जिंदा कारतूस, 4 एंड्राइड मोबाइल, दो मोटरसाइकिल बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** राहुल सिंह गिरोह को बड़ा झटका लगा है। लातेहार पुलिस ने इस गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफल हुई है। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को बताया कि जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुख्यात अपराधकर्मी राहुल सिंह के कुछ साथी मनिका डिग्री कॉलेज के पीछे संगठित होकर अपराधकर्मी राहुल सिंह के इशारे पर जान मारने का भय दिखाकर रंगदारी मांगने तथा फायरिंग की घटना से संबंधित किसी बड़ी संगठित अपराध को अंजाम देने की फिराक में हैं। ये लोग पिछले दिनों मनिका स्थित दो मुहान पुल पर बन रहे नये ब्रिज में काम कर रहे भारतीय वाणिज्य प्रा० लि० के मजदूरों एवं साईट इंजिनियर पर गोली चलाये थे परन्तु रंगदारी की मांग करने के बावजूद इन्हें रंगदारी नहीं मिली है एवं पुलिस की दबिश भी बढ़ गई है। इसी कारण वे अंधेरे का लाभ उठाते हुए संगठित अपराध की योजना बनाकर पास में ही चल रहे फोरलेन निर्माण कार्य में बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए है। इसी सूचना पर बरवाडीह अनुमंडल पदाधिकारी भरत राम के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया।

छापामारी दल के द्वारा अभियान चलाकर राहुल सिंह के गैंग के 04 अपराधकर्मियों को हथियार के साथ रंगेहाथ पकड़ा गया एवं एक अपराधकर्मी भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अपराधी में गौतम कुमार , देववली कुमार सिंह ओपाग, छिपादोहर का रहने वाला है रोहित सिंह बड़काडीह, कुमंडीह, थाना मनिका का रहने वाला है , साहिल अंसारी टेमकी की लातेहार का रहने वाला है इनके पास से एक देशी पिस्तौल 7.62एमएम, एक मैगजीन 7.62 एमएम का चार जिंदा कारतूस 4 एंड्राइड मोबाइल राहुल सिंह से लेवी के रुपए का लेनदेन के कागजात दो मोटरसाइकिल पुलिस ने बरामद किए हैं।

छापामारी दल में बरवाडीह एसडीपीओ भरत राम, मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, मिश्रा माँझी, नुनमन मियाँ, तकनीकी शाखा/साईबर सेल, और सशस्त्र बल मनिका थाना के जवान शामिल रहे।

# अवैध रूप से बालू उत्खनन करने वालो पर होगी कड़ी कार्रवाई : सीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**मझिआंव।** अवैध रूप से बालू उत्खनन करने एवं अवैध रूप से बालों उत्खनन करने वाले कारोबारी पर अंकुश लगाने को लेकर अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार के द्वारा अंचल कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित किया गया जिसमें उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के निर्देश अनुसार एवं उपायुक्त के आदेशा अनुसार अवैध बालू कारोबार पर अंकुश लगाना। सीओ प्रमोद कुमार ने कहा कि आम आदमी जो सरकारी योजनाएं चल रही है एवं सभी को कंस्ट्रक्शन वर्क में बालू की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे अंचल क्षेत्र अंतर्गत कटेगरी वन में सात बालू घाट चिन्हित है जिसमे बाकी नदी बहेरा कला, बांकी नदी बहेरा खुर्द, बाकी नदी तलशबरिया, बाकी नदी टडहे, बाकी नदी बूढ़ीखांड, बाकी नदी बोदरा,और दो घाट नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आमर और बकोईया में है। उन्होंने लोगों से कहा कि आप सिर्फ 100 के चलन से प्रति ट्रैक्टर बालू खरीद सकते हैं। जिसका संचालन मुखिया और पंचायत समिति के द्वारा किया जाता है। वही सीओ प्रमोद कुमार ने कहा कि मेरे संज्ञान में है कि प्रतिदिन अवैध रूप से रात भर बालू का उत्खनन हो रहा है। वही सीओ प्रमोद कुमार ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी लोग अवैध रूप से बालू उत्खनन करते एवं परिचालन करते पकड़े जाएंगे तो विधि संगत कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### चतरा सांसद के विरुद्ध झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ ने खोला मोर्चा

**चतरा।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ चतरा जिला ईकाई ने सांसद कालीचरण सिंह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सांसद की ओर से किए गए अमर्यादित टिप्पणी से नाराज संघ ने गुरूवार को काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के सदस्यों ने जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में कार्यरत सदस्यों ने काला बिल्ला लगाकर सांसद के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। संघ ने सांसद कालीचरण सिंह पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग, गाली-गलौज और अपमानित करने का गंभीर आरोप लगाया है।

# नीलगायों को महुआडांड़ क्षेत्र में भेजने को लेकर 4 मार्च को जुलूस

## केंद्रीय जनसंघर्ष समिति करेगी विरोध प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**



**महुआडांड़।** वन विभाग द्वारा महुआडांड़ के जंगलों में नीलगायों को भेजने के फैसले के खिलाफ केंद्रीय जनसंघर्ष समिति ने 4 मार्च 2025 को विरोध जुलूस निकालने की घोषणा की है। यह जुलूस सुबह 10 बजे सरना भवन से शुरू होकर अनुमंडल कार्यालय तक जाएगा।

केंद्रीय जनसंघर्ष समिति के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर ने बताया कि 17 जनवरी 2025 को प्रकाशित एक समाचार के अनुसार, झारखंड सरकार ने पलामू और गढ़वा के जंगलों से नीलगायों को महुआडांड़ के जंगलों में छोड़ने का आदेश दिया है। इस निर्णय का स्थानीय ग्रामीणों और किसानों ने कड़ा विरोध किया है।

समिति का कहना है कि महुआडांड़ और आसपास के इलाके पहले से ही जंगलों की कटाई और वन्यजीवों की समस्या से जूझ रहे हैं। नीलगायों के आने से फसलों को नुकसान होगा, जिससे किसान परेशान होंगे। साथ ही, वन्यजीवों के बढ़ते खतरे से स्थानीय ग्रामीणों की सुरक्षा भी प्रभावित हो सकती है।

4 मार्च को होने वाले इस विरोध जुलूस में क्षेत्र के ग्रामीण, किसान और सामाजिक संगठनों के सदस्य शामिल होंगे। जुलूस अनुमंडल कार्यालय तक जाएगा, जहां मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा।

केंद्रीय जनसंघर्ष समिति ने स्थानीय जनता से अपील की है कि वे इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज उठाएं।

# महाशिवरात्रि को लेकर जागरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाया गया। बालूमाथ ब्लॉक शिव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि को लेकर इस वर्ष की भक्ति जागरण का आयोजन समिति द्वारा आयोजन किया गया। हजारीबाग से आए भक्ति जागरण कलाकारों ने शिव और पार्वती की मनोरम झांकी प्रस्तुत किए। वहीं गायिका काजल राघवानी ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए जिन्हें लोगों ने खूब लुप्त उठाया ,बच्चे झूमते नजर आए। आयोजन समिति में संतोष अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल अनमोल अग्रवाल विजय कुमार संजय कुमार मुकेश सोनी विकास कुमार शुक्ला विकास कुमार प्रिंस सिंह रोहित कुमार धर्मेंद्र कुमार दीपक कुमार मनोज भगत आदि का नाम शामिल है।

### देवरी खुर्द मुखिया ने उपायुक्त से मिलकर कई जनसमस्याओं से कराया अवगत

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत की मुखिया ममता देवी ने हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में आयोजित कैम्प में पलामू जिले के उपायुक्त शशी रंजन और उप विकास आयुक्त सब्बीर अहमद से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले जिले के सभी अधिकारियों को हुसैनाबाद आगमन पर बधाई दी। वहीं उन्होंने देवरी खुर्द पंचायत में आगामी 08 मार्च महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। वहीं मुखिया ने डीसी महोदय से आग्रह किया कि पंचायत के विकास में सबसे बड़ी बाधा बालू हैं, जिससे दिनप्रतिदिन लोगों में परेशानियों के साथ आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## गर्मी के जल्दी आहट से फसलों को नुकसान के संकेत

# किसानों ने अच्छी पैदावार नहीं होने की अशंका जताई

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** महाशिवरात्रि पर बारिश होने का संयोग पूरा नहीं हुआ। हल्के बादलों के आसमान में नजर आने के बाद भी बूंदें नहीं बरसीं। सुबह-शाम भले ही ठंड महसूस किया जाता है। मगर देर सुबह होते ही तिखी धूप निकल आती है। ऐसे में गेहूं फसल के लिए सिंचाई की जरूरत बढ गई, बताया गया। गेहूं के फसल की तीसरी सिंचाई में किसान जुट हुए हैं। मगर इसमें भी उन्हें मुख्य नहर का जलप्रवाह बंद रहने से मशक्कत करनी पड़ती है। मुख्य नहर का जलप्रवाह बंद करने से कुंआ अथवा बोरिंग से लगातार पटवन भी संभव नहीं होता है। जल स्तर गिर जाना इसकी वजह बताया जाता है। बताया गया कि तापमान में लगातार वृद्धि से वातावरण में आर्द्रता घटने लगी है। ऐसे में चना, अरहर, मसूर और सरसों जैसी फसलों को नमीयुक्त वातावरण नहीं मिल पाने की स्थिति में उनमें पुष्ट दाने लगने की संभावना कम होगी। जानकार बताते हैं कि अभी की स्थिति में इनके लिए ठंडा मौसम अनुकूल होता। प्रतिकूल परिस्थितियों में फसलें जल्दी पक जाएंगी। इससे उपज कम हो सकती है। फलों और सब्जियों की पैदावार भी प्रभावित हो सकती हैं। इससे इनकी कीमतें बढ सकती हैं। एक तो नीलगायों के हमले से पहले ही क्षति पहुंची है, इस पर मौसम की बेरुखी फसलों को दोहरे नुकसान पहुंचा सकती है। खासकर, दलहनी फसलों को। जानकारों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। इसी कारण अधिकतम तापमान इन दिनों 28-30 के पार आ गया है। इसके लगातार और बढने की संभावना बताई जाती है। ठंड के मौसम की इतनी जल्दी विदाई और गर्मी के आगाज से स्थिति ऐसी स्थिति बनती जा रही है। लोगों का कहना है कि आगाज ऐसा है,तो अंजाम क्या होगा, सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। जानकर बताते हैं कि ऐसे में मानव जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। तेज गर्मी से हीट स्ट्रेस और डिहाइड्रेशन की समस्या आएगी। असामान्य गर्मी से शरीर पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा। जिससे थकान और चक्कर आने से डिहाइड्रेशन जैसी समस्या बढ सकती है। एलर्जी और सांस से जुड़ी बीमारियां हो सकती हैं।

## पेज एक के शेष

### झारखंड विधानसभा में..

विधायक ताजुद्दीन ने गंगा नदी से कटाव के कारण भवनों और जमीन के नुकसान का मामला उठाया 900 मीटर और निर्माण कार्य बढ़ाने की मांग की जिसे मंत्री हफिजुल हसन ने जांच कराकर करने का आश्वासन दिया । अमित यादव ने बरकट्ठा में कोल्ड स्टोरेज नहीं रहने से 60 से 100 किलोमीटर हजारीबाग किसानों के जाने की समस्या उठाई और मांग कि कोल्ड स्टोरेज बनाया जाए । मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि खेत उपलब्ध हो तो 5 से 30 एमटी के कोल्ड स्टोरेज पर विचार किया जाएगा । मनोज यादव ने कोडरमा में एनएच और रेलवे से एनओसी नहीं मिलने से सिंचाई योजना के शुरू नहीं होने का प्रश्न उठाया जिस पर मंत्री हफिजुल हसन ने जांच कराकर कराने की बात कही । सबसे अधिक गर्मागर्मी जयराम महतो के जर्जर तार और जले ट्रांसफार्मर के लिए पैरवी की बात पर हुई मंत्री सुदिव्य के जवाब से असंतुष्ट जयराम ने कहा कि एक भी उदाहरण बता दीजिए जब अपने आप इन्हें बदला गया हो पब्लिक खुद पैसा लगाकर ये काम कर रही है । इस पर विधायक ममता कुमारी ने बोल्न शुरू किया और इसे सही बताया । सिमरिया विधायक ने कहा कि सिमरिया महीनों से अंधेरे में डूबा है । मंत्री ने कहा कि हेल्पलाइन में शिकायत करिए तब अनेक विधायकों ने कहा कि हेल्पलाइन काम नहीं करता ।

### जेपीएससी के अध्यक्ष...

अब उन्हें सरकार ने आयोग अध्यक्ष के रूप में नई भूमिका दी है। एल. खियांग्ते मूल रूप से मिजोरम के रहने वाले हैं। क्रिश्चियन ट्राइबल कम्युनिटी से आने वाले खियांग्ते झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त, श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में महानिदेशक और वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव जैसे पदों पर भी सेवा दे चुके हैं।

## यूरोपीय संघ की अध्यक्ष का दो दिवसीय भारत दौरा, फ्री ट्रेड समझौते पर होगी चर्चा



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** यूरोपीय संघ की चीफ उर्सुला वॉन डेर लेयेन दो दिन के दौरे पर भारत आ रही हैं। पीएम मोदी संग फ्री ट्रेड समझौते पर चर्चा होगी। तीन साल में तीसरी बार लेयेन भारत आ रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष एक डेलिगेशन (कॉलेज ऑफ कमीशनर्स) के साथ आ रही हैं। प्रतिनिधिमंडल में यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के 27 अधिकारी शामिल होंगे। उर्सुला यूरोपीय कमीशन की पहली महिला चीफ हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर उनकी यात्रा की जानकारी दी थी।

## सूडान : सैन्य विमान हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 46

**खार्तूम (आईएएनएस)।** सूडान की राजधानी खार्तूम के उत्तर में हुए सैन्य विमान हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। खार्तूम स्टेट प्रेस ऑफिस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि कल हुई विमान दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 46 हो गई है, जबकि 10 लोग घायल हुए हैं। हताहतों में सैन्यकर्मी और नागरिक दोनों शामिल हैं। विमान ओमदुरमन के अल-हारा 75 क्षेत्र में एक घर पर गिर गया था। घायलों का इलाज सरकारी अस्पतालों में किया जा रहा है। सूडानी सेना ने मंगलवार को एक बयान में कहा था कि खार्तूम से लगभग 22 किलोमीटर उत्तर में ओमदुरमन के वाडी सेडना एयरबेस से उड़ान भरने वाला एंटोनोव विमान उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे इसके चालक दल और कई सैन्य अधिकारी मारे गए।

## फ्रांस में आधुनिक युद्ध की प्रकृति पर बात करेंगे जनरल उपेंद्र द्विवेदी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी प्रथम विश्व युद्ध में भाग लेने वाले शहीद भारतीय सैनिकों के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके लिए वह गुरुवार को फ्रांस के न्यूवे चैपल भारतीय युद्ध स्मारक का दौरा कर रहे हैं। यहां फ्रांस में भारतीय सैनिकों को पुष्पांजलि देने के बाद वह फ्रांस के संयुक्त स्टाफ कॉलेज, इकोले डे गुएरे में एक व्याख्यान देने वाले हैं। यहां इस दौरान आधुनिक युद्ध की विकासशील प्रकृति और भारत की रणनीतिक दृष्टि पर जानकारी दी जाएगी।

### भारत ने पाकिस्तान को कश्मीर टिप्पणी पर यूएन में फटकारा, कहा

# ‘अंतरराष्ट्रीय मदद पर जिंदा विफल देश न दे उपदेश’

**न्यूयॉर्क(आईएएनएस)**



भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें सत्र की सातवीं बैठक में पाकिस्तान पर जोरदार हमला बोला। उसे अंतरराष्ट्रीय मदद पर फलने-फूलने वाला एक विफल देश करार दिया। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजनयिक क्षितिज त्यागी ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि पाकिस्तानी नेता अपने सैन्य-आतंकवादी परिसर से झूठ फैलाते रहे।

भारत के रुख की पुष्टि करते हुए, त्यागी ने इस बात पर जोर दिया कि जम्मू और कश्मीर, लद्दाख के साथ ही हैं और हमेशा भारत का अभिन्न अंग रहेगा। उन्होंने इन क्षेत्रों में हो रही प्रगति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, “केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा बने रहेंगे। पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में अभूतपूर्व राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रगति खुद कहती है। ये सफलताएं दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से प्रभावित क्षेत्र में सामान्य स्थिति लाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता में लोगों के विश्वास का प्रमाण हैं।

त्यागी ने कहा, “एक देश के रूप में जहां मानवाधिकारों का हनन, अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न और लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रखकर पाकिस्तान अपनी नीतियां बनाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा आतंकी घोषित किए गए लोगों को बेशर्मी से पनाह देता है। वो पाकिस्तान किसी को उपदेश देने की स्थिति में नहीं है। त्यागी ने कहा, “यह देखकर अफसोस होता है कि पाकिस्तान के नेता और प्रतिनिधि उसके सैन्य-आतंकवादी तंत्र द्वारा झूठ फैला रहे हैं। पाकिस्तान ओआईसी को अपने मुखपत्र के रूप में गाली देकर उसका मजाक उड़ा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस परिषद का समय एक असफल राज्य द्वारा बर्बाद किया जा रहा है जो अस्थिरता पर पनपता है और अंतरराष्ट्रीय मदद पर जिंदा रहता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत के प्रति अपने जुनून से आगे बढ़ना चाहिए और उन मुद्दों का समाधान करना चाहिए जिससे उसके नागरिकों का भला हो। उन्होंने कहा, “भारत का ध्यान लोकतंत्र, प्रगति और अपने लोगों के लिए सम्मान सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। ऐसे मूल्य जिनसे पाकिस्तान को सीख लेनी चाहिए।

### हरीश ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार अभियानों की भी कड़ी निंदा की थी

त्यागी की टिप्पणी, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पार्वथनेनी हरीश के 19 फरवरी को दिए गए बयान की पुष्टि करती है जिसमें उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताया था। हरीश ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार अभियानों की भी कड़ी निंदा की थी। बहुपक्षवाद का अभ्यास करने और वैश्विक शासन में सुधार पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस में भारत के बयान के दौरान, हरीश ने कहा, “पाकिस्तान के उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री ने अपनी टिप्पणियों में भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर का उल्लेख किया है। मैं फिर से पुष्टि करना चाहूंगा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है, है और हमेशा रहेगा।

## गाजा प्रशासन को अपने नियंत्रण में नहीं लेगा मिस्र, खारिज किया इजरायल का प्रस्ताव

**काहिरा (आईएएनएस)**



मिस्र ने गाजा पट्टी की अस्थायी प्रशासनिक जिम्मेदारी संभालने के किसी भी प्रस्ताव को सख्ती से खारिज कर दिया है। उसने स्पष्ट किया है कि वह इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के स्थायी और व्यापक समाधान के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मिस्र की आधिकारिक मिडिल ईस्ट न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मिस्र के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता तमीम खलफ ने कहा कि ऐसे किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जा सकता जो मिस्र और अरब देशों के स्थापित रुख और संघर्ष के मूल कारणों को नजरअंदाज करता हो। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इन प्रस्तावों को “अधूरा समाधान” बताया, जो संघर्ष को समाप्त करने के बजाय उसे और लंबा खींच सकते हैं। खलफ ने यह भी स्पष्ट किया कि फिलिस्तीनी इलाके एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

## राजौरी में सेना के वाहन पर हमले के बाद फाल सुंदरबनी में दूसरे दिन भी तलाशी अभियान जारी

**राजौरी (आईएएनएस)**



जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सेना के वाहन पर गोलीबारी के बाद सुरक्षाबलों ने फाल सुंदरबनी में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था, जो गुरुवार को लगातार दूसरे दिन जारी रहा। भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमें हमला करने वाले आतंकवादियों का पता लगाने के लिए घने जंगलों में गहन तलाशी अभियान चला रही हैं।

हमला फाल सुंदरबनी क्षेत्र में सेना के काफिले पर हुआ था। इसके बाद सुरक्षाबलों ने तुरंत इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू किया। एसएसपी राजौरी सहित वरिष्ठ अधिकारी इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा जाए और आतंकवादियों को भागने का मौका न मिले।

### ट्रंप ने पहली कैबिनेट बैठक में कहा

## कर्ज चुकाने के लिए लाए हैं गोल्ड कार्ड वीजा योजना

- कई विशेषज्ञ इस योजना के सफल नहीं होने की आशंका जताने लगे हैं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का कहना है कि अगर यदि एक मिलियन गोल्ड कार्ड बेचे जाते हैं, तो यह 5 ट्रिलियन डॉलर का राजस्व उत्पन्न कर सकता है, जिसे देश के कर्ज को कम करने में इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे कंपनियां नए कर्मचारियों के लिए वीज़ा प्राप्त कर सकती हैं, जिससे अमेरिका को राहत मिल सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल की पहली कैबिनेट बैठक में यह बात कही है। लेकिन कई विशेषज्ञों का मानना है कि कंपनियां इतना रकम खर्च करके अपने लिए कर्मचारी लाने के बजाय कोई और उपाय करेंगी।ट्रम्प व उनकी मंडली अभी तो बहुत से उन विदेशी मूल के लोगों का भी वीजा खत्म करने की बात कर रहे हैं जो बीते कई सालों से अमेरिका में नौकरी कर रहे हैं। यह होने पर अमेरिका में तमाम तरह की अव्यवस्था पैदा हो सकती है।लेकिन ट्रम्प व उनकी मंडली अपनी मनमानी करने और उसे जायज ठहराने के लिए उसी तरह के तर्क दे रही है जिस तरह के तर्क कोई भी तानाशाह प्रवृति वाला शासक देता है। मालूम हो कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते बुधवार को घोषणा की कि वह गोल्ड कार्ड वीज़ा बेचना शुरू करेंगे, जिसका मूल्य 5 मिलियन डॉलर होगा। इसके जरिए निवेशकों को अमेरिकी नागरिकता प्राप्त करने का एक नया रास्ता मिलेगा। यह पहल 35 साल पुराने ईबी-5 वीजा कार्यक्रम की जगह लेगी, जो निवेशकों को अमेरिकी वीज़ा प्रदान करता है यदि वे किसी कंपनी में निवेश करके 10 लोगों को रोजगार देते हैं। दूसरे कार्यकाल की कैबिनेट बैठक में ट्रंप ने कहा कि अगर 1 मिलियन गोल्ड कार्ड बेचे जाते हैं, तो यह 5 ट्रिलियन डॉलर का राजस्व उत्पन्न कर सकता है, जिसे देश के कर्ज को कम करने में इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे कंपनियां नए कर्मचारियों के लिए वीज़ा प्राप्त कर सकती हैं, और इस पहल से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि अमीर लोग और सफल व्यवसायी अमेरिका में निवेश करेंगे और रोजगार सृजन करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि गोल्ड कार्ड कार्यक्रम, जो ग्रीन कार्ड जैसा काम करेगा, निवेशकों के लिए ज्यादा कड़े नियमों के साथ आएगा ताकि धोखाधड़ी और अन्य गलत कामों से बचा जा सके। इसमें नागरिकता का रास्ता भी शामिल होगा, जो ईबी-5 कार्यक्रम से अलग है। उन्होंने यह सुझाव दिया कि यह कार्यक्रम चीन और ईरान के नागरिकों के लिए कुछ प्रतिबंधों के साथ हो सकता है, लेकिन इसे देशों के हिसाब से सीमित नहीं किया जाएगा।इस नई पहल के बारे में वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि यह कार्यक्रम ईबी-5 वीजा कार्यक्रम से बेहतर होगा, जो अब तक सही तरीके से लागू नहीं किया गया था। ट्रम्प ने कहा कि गोल्ड कार्ड के लिए योग्य लोगों की जांच एक प्रक्रिया से गुजरनी होगी, और यह कार्यक्रम अमेरिका में निवेश करने वाले धनी व्यक्तियों और टैलेंटेड लोगों के लिए एक बेहतरीन अवसर हो सकता है।

## पिता ने 3 बेटियों का किया बलात्कार, एक का 4 बार गर्भपात भी कराया, आरोपी गिरफ्तार

**नालासोपारा (आईएएनएस) ।** महाराष्ट्र में पुलिस ने एक व्यक्ति को अपनी तीन बेटियों के साथ बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित लड़कियों ने नालासोपारा थाने में शिकायत दर्ज कराई। रिश्ते को कलंकित करने वाली इस घटना से शहर में आक्रोश फैल गया। आरोपी पिता पर रंगदारी, फायरिंग और हत्या जैसे गंभीर अपराधों के भी आरोप हैं।